CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 22°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शुक्रवार 22 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 140 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 27 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



130वें संविधान संशोधन बिल से बसपा ने किया किनारा पेज 2



एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच को हरी झंडी खेल टाइम्स



खंडहरों में फलस्तीन: युद्ध की असहनीय कीमत सम्पादकीय



भारत नहीं, चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार:जयशंकर पेज 12

### रुद्रप्रयाग में भूस्खलन, बद्रीनाथ-गंगोत्री हाईवे बंद

**नई दिल्ली।** देश के पश्चिमी हिस्से महाराष्ट्र और गुजरात में बारिश के कारण जन-जीवन प्रभावित हुआ है। दोनों राज्यों में गुरुवार को रेड अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में यमुना के कारण कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। 40 गांव अलर्ट पर हैं। मथुरा में यमुना नदी कटान के बाद अपना मूल रास्ता छोड़कर 2 किमी दूर बह रही है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लैंडस्लाइड के कारण बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है। गंगोत्री हाईवे धरासू पुराना थाना और सोनागढ़ के पास ब्लॉक है। यमुनोत्री हाईवे भी नारदचट्टी के पास बंद है। कुथनौर में ट्रैफिक शुरू हो गया है। बाकी जगहों पर मलबा हटाने का काम जारी है। इधर, गुजरात के तटीय जिलों में बुधवार को भारी बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए। जूनागढ़ जिले में 12 घंटों में 331एमएम बारिश हुई। एनडीआरएफ ने पोरबंदर जिले के एक स्कूल में फंसे 46 बच्चों और 4 टीचर्स को बचाया।

### भ्रामक विज्ञापन देने पर रैपिडो पर 10 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने यहां गुरुवार को रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (रैपिडो) पर भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने और अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए 10 लाख रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। प्राधिकरण ने यह कार्रवाई उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए किया है। सीसीपीए ने इसके साथ ही ऑनलाइन कैब व बाइक राइड बुक करने वाले प्लेटफॉर्म रैपिडो को यह सुनिश्चित करने को भी कहा है कि 5 मिनट में ऑटो या 50 रुपये प्राप्त करें ऑफर वाली योजना में शामिल उपभोक्ताओं को वायदे के मुताबिक अगर 50 रुपये मुआवजा नहीं मिला है, तो उन्हें बिना किसी देरी के पूरी राशि दी जाए।

### सतीश गोलचा दिल्ली पुलिस के नए आयुक्त नियुक्त किए गए

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी सतीश गोलचा को दिल्ली का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर कहा कि सक्षम अधिकारी की मंजूरी से श्री गोलचा को दिल्ली का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति कार्यभार संभालने के दिन से प्रभावी होगी। श्री गोलचा को श्री एसबीके सिंह के स्थान पर यह जिम्मेदारी दी गई है। होम गार्ड के महानिदेशक श्री सिंह को इसी महीने एक तारीख को दिल्ली पुलिस के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। श्री गोलचा 1992 बैच के पुलिस अधिकारी हैं और अभी महानिदेशक (जेल) के पद पर कार्यरत हैं।

### NIAने तमिलनाडु में नौ ठिकानों पर छापे मारे

**नई दिल्ली।** एनआईए ने 2019 के रामलिंगम हत्याकांड के सिलसिले में तमिलनाडु में नौ ठिकानों पर छापे मारे और प्रतिबंधित पीएफआई आतंकी संगठन से संबंधित एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# भारत आज भी अंतरिक्ष से सारे जहां से अच्छा दिखता है

## देश के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन के अनुभव साझा किए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन के अपने अनुभव को अविश्वसनीय बताते हुए गुरुवार को कहा कि भारत आज भी अंतरिक्ष से 'सारे जहां से अच्छा' दिखता है।

यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में वायुसेना में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि उन्होंने अंतरिक्ष में सबसे ज्यादा घर के खाने को मिस किया। उन्होंने देश के बच्चों के लिए संदेश भी दिया कि उन्हें खुद पर भरोसा रखना चाहिए कि वे भी अंतरिक्ष में जा सकते हैं। श्री शुक्ला ने अंतरिक्ष यात्रा के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह वास्तव में अविश्वसनीय था। प्रशिक्षण के दौरान आप खुद को तैयार करते हैं, लेकिन वास्तविक अनुभव अलग होता है। उन्होंने बताया कि यह बेहद सफल मिशन रहा और सारे उद्देश्य पूरे हो गए। वायुसेना में टेस्ट पायलट शुक्ला ने अपने 18 दिन के प्रवास के दौरान अंतरिक्ष में सात तरह के प्रयोग किए। उन्होंने कहा कि इस दौरान काफी कुछ जानने और सीखने को मिला, जो देश के गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष में जाने के बाद पहले तीन-चार दिन अच्छा नहीं लगा, लेकिन उसके बाद सामान्य लगने लगा। तीसरे -शेष पृष्ठ दो पर



■ शुभांशु शुक्ला का बच्चों को संदेश- खुद पर भरोसा रखें वे भी अंतरिक्ष में जा सकते हैं

### राजनाथ सिंह से मिले ग्रुप कैप्टन शुक्ला

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने गुरुवार को यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उनके साथ अंतरिक्ष में अपने अनुभव तथा उपलब्धियां साझा की।

श्री सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला को बधाई दी और उनके सफल मिशन को भारत के अंतरिक्ष में मानव मिशन की यात्रा में मील का पत्थर बताया। रक्षा मंत्री ने अंतरिक्ष स्टेशन में ग्रुप कैप्टन शुक्ला द्वारा किए गए प्रयोगों की सफलता का उल्लेख करते हुए भारत की अंतरिक्ष अनुसंधान और अन्वेषण क्षमताओं को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी प्रेरणादायक यात्रा युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अन्वेषण में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी। श्री सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला के साथ मुलाकात के बाद एक्स पर इसकी जानकारी साझा की।

### असम में 18+उम्र वालों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा

**दिसपुर।** असम में 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि असम कैबिनेट ने अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता से रोकने के लिए यह फैसला लिया है। सीएम हिमंत ने बताया कि राज्य में 18 साल से अधिक उम्र के जिन लोगों के पास अभी तक आधार कार्ड नहीं हैं, उन्हें आवेदन के लिए एक महीने का समय दिया जाएगा। अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और चाय जनजाति के 18+ आयु वाले एक साल तक आधार कार्ड बनवा सकेंगे।

# न्यायिक आतंकवाद से बचें कोर्ट

## राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए विधेयक को मंजूरी देने की समयसीमा तय करने के मामले में सीजेआई की बेबाक टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए विधेयक को मंजूरी देने की समय सीमा तय करने के मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायिक सक्रियता, न्यायिक आतंकवाद नहीं बनना चाहिए।

सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने गुरुवार को लगातार तीसरे दिन भारत के राज्यपाल और राष्ट्रपति की तरफ से बिल को मंजूरी, रोक या रिजर्वेशन मामले की सुनवाई की। बेंच में सीजेआई के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और एएस चंदुरकर शामिल हैं। गुरुवार को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि निर्वाचित लोगों को काफी अनुभव होता है और उसे कमतर नहीं आंका जाना चाहिए। इस पर सीजेआई जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि हमने कभी भी निर्वाचित लोगों के बारे में कुछ नहीं कहा है। मैंने हमेशा कहा है कि न्यायिक सक्रियता, कभी भी न्यायिक आतंकवाद या न्यायिक रोमांच नहीं बनना चाहिए। तुषार मेहता ने अपने सबमिशन में सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया, जिसमें राज्यपालों की शक्तियों पर बात की गई। इस मामले पर सुनवाई लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। मेहता ने कहा कि निर्वाचित लोग सीधे तौर पर जनता का सामना करते हैं। अब लोग जनप्रतिनिधियों से सवाल करते हैं। 20-25 साल पहले हालात अलग थे। अब मतदाता जागरूक हैं और उन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राज्यपाल के पास मंजूरी रोकने का पूरा अधिकार है, जो उन्हें संविधान के अनुच्छेद 200 से मिला हुआ है।



हमने कभी भी निर्वाचित लोगों के बारे में कुछ नहीं कहा मैंने हमेशा कहा है कि न्यायिक सक्रियता, कभी भी न्यायिक आतंकवाद या न्यायिक रोमांच नहीं बनना चाहिए

### राज्यों को बातचीत करके विवाद निपटाने चाहिए: केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि अगर राज्यपाल विधेयकों पर कोई फैसला नहीं लेते हैं, तो राज्यों को कोर्ट की बजाय बातचीत से हल निकालना चाहिए। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान अदालतें नहीं हो सकतीं। लोकतंत्र में संवाद को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हमारे यहां दशकों से यही प्रथा रही है। मेहता ने आगे कहा कि मान लीजिए कि राज्यपाल विधेयकों पर विचार नहीं कर रहे हैं, तो राजनीतिक समाधान हैं, जिन्हें अपनाया जा सकता है। ऐसा हर जगह नहीं होता कि मुख्यमंत्री अदालत की ओर दौड़ पड़ते हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां बातचीत होती है, मुख्यमंत्री राज्यपाल से मिलते हैं, वे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से मिलते हैं और समाधान निकल आता है।

# ऑनलाइन गेमिंग बिल को राज्यसभा की मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग (संवर्धन एवं नियमन) विधेयक 2025 को गुरुवार को राज्यसभा ने विपक्ष के भारी शोर-शराबे के बीच पारित कर दिया। इसके साथ ही इस पर संसद के दोनों सदनों की मुहर लग गई है। लोकसभा ने इस विधेयक को बुधवार को इसी तरह हंगामे के बीच बिना बहस के पारित कर दिया था।

राज्यसभा में पहले स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे कार्यवाही पुनः शुरू हुई थी। विपक्षी दलों के सदस्यों और हंगामे के बीच ही उप सभापति हरिवंश की अनुमति से इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विधेयक के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए विधेयक को चर्चा और पारित कराने के लिए रखा। सदन ने विधेयक को सदन की प्रवर समिति के समक्ष भेजने और इसके कुछ उपबंधों में संशोधन के कुछ विपक्षी सदस्यों के प्रस्तावों को नामंजूर करते हुए इसे बिना बहस के ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस बीच नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीठ से शिकायत की -शेष पृष्ठ दो पर



■ सदन ने विधेयक को सदन की प्रवर समिति के समक्ष भेजने के प्रस्तावों को किया नामंजूर

### संसद का मानसून सत्र खत्म, कुल 21 बैठकें हुई

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र 21 अगस्त को समाप्त हुआ। यह सत्र 21 जुलाई से शुरू हुआ था। पूरे सत्र में कुल 21 बैठकें हुईं। लोकसभा में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित था सिर्फ 37 घंटे ही चर्चा हो सकी। वहीं राज्यसभा में 41 घंटे चर्चा हुई। इस दौरान लोकसभा में 12 बिल और राज्यसभा में 15 बिल पास हुए। सबसे चर्चित बिल गिरफ्तार पीएम-सीएम और मंत्रियों को हटाने वाला संविधान संशोधन बिल रहा। इसे जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव पारित हुआ।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता को जेड सिक्योरिटी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को केंद्र सरकार ने जेड कैटेगरी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान की है। सीएम सिक्योरिटी में 22 से 25 हथियारबंद जवान 24 घंटे तैनात रहेंगे। गुप्ता और उनके आधिकारिक आवास की सुरक्षा अर्धसैनिक बल का वीआईपी सिक्योरिटी ग्रुप करेगा।

यह ग्रुप केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सोनिया-राहुल और प्रियंका गांधी की सुरक्षा में भी तैनात है। दरअसल, सीएम रेखा पर 20 अगस्त की सुबह करीब 8.15 बजे जनसुनवाई के दौरान एक शख्स ने हमला कर दिया। आरोपी गुजरात के राजकोट का रहने वाला राजेशभाई खमिजी है, जिसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया था।

■ 20+ हथियारबंद सीआरपीएफ जवान 24 घंटे तैनात रहेंगे

# खत्म होगा 12 व 28 % जीएसटी स्लैब

## केंद्र सरकार के प्रस्ताव को जीओएम ने किया स्वीकार

**नई दिल्ली।** सरकार जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) प्रणाली को और सरल बनाने की तैयारी कर रही है। हाल ही में जीओएम की बैठक हुई, जिसमें केंद्र द्वारा प्रस्तावित जीएसटी स्लैब को रिजनेबल बनाने के लिए सहमति बन गई है।

इस बैठक में राज्यों के वित्त मंत्रियों ने मौजूदा चार स्लैब को घटाकर केवल दो स्लैब रखने का समर्थन किया है। इसका मतलब है कि अब 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब खत्म हो जाएंगे और केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के स्लैब रहेंगे। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बनी इस छह सदस्यीय मंत्रिसमूह ने यह फैसला किया है कि जीएसटी की दरों को केवल दो स्लैब में बांटा जाएगा। इसमें अच्छी और आवश्यक वस्तुओं पर 5 प्रतिशत की दर लागू होगी, जबकि अधिकांश मानक वस्तुओं और सेवाओं पर 18 प्रतिशत का कर लगाया जाएगा। इसके अलावा लग्जरी वस्तुएं 40 प्रतिशत के स्लैब में रहेंगी। इस फैसले के बाद लगभग 99 प्रतिशत वस्तुएं जो पहले 12 प्रतिशत की दर पर थीं, अब 5 प्रतिशत के स्लैब में आ जाएंगी।

■ कांग्रेस का दावा नेता विपक्ष राहुल गांधी के दबाव के चलते सरकार ने लिया फैसला

# सुदर्शन रेड्डी ने नामांकन पत्र किया दाखिल



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को यहां गठबंधन के बड़े नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

श्री रेड्डी सुबह संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद राज्यसभा सचिवालय में महासचिव पीसी मोदी के कार्यालय में नामांकन करने के लिए पहुंचे। श्री मोदी इस चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी हैं। श्री रेड्डी ने चार सेटों में नामांकन पत्र दायर किया। प्रत्येक सेट पर उनके समर्थन में 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों ने हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, गठबंधन के वरिष्ठ नेता शरद पवार, रामगोपाल यादव और कई अनेक नेता भी मौजूद थे। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन का शुक्रवार को अंतिम दिन था। चुनाव में श्री रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से है। उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में मतदान 9 सितम्बर को होगा और मतों की गिनती उसी दिन शाम को कराई जाएगी।

■ उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितम्बर को होगा मतदान

# मानव रहित मिशन साल के अंत तक होगा लॉन्च

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के अपने अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है और इस साल के अंत तक पहला मानव रहित मिशन लॉन्च किया जाएगा, जबकि साल 2027 के आरंभ में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा।

इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि गगनयान मिशन की तैयारी का काम जोरशोर से चल रहा है। व्हीकल हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम, क्रू इस्केप सिस्टम और पैराशूट का विकास आदि समेत 80 प्रतिशत तैयारी पूरी कर ली गई हैं। शेष 20 प्रतिशत काम भी मार्च 2026 तक पूरे कर लिए जाएंगे। डा. नारायणन ने कहा कि इस साल की अंतिम तिमाही में, संभवत: दिसम्बर के आसपास, पहला मानव रहित मिशन जी-1 लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद साल 2027 में इसरो पहली बार मावन मिशन अंतरिक्ष में भेजेगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे और आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय बने। वह एक्सिओम-4 मिशन में पायलट के तौर पर आईएसएस पर गए थे। उन्होंने वहां अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष में खेती जैसे क्षेत्रों में सात प्रयोग किए और उनके इस अनुभव से गगनयान मिशन में काफी मदद मिलेगी।



■ भारत के अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी का 80 प्रतिशत काम पूरा, 2027 में जाएंगे अंतरिक्ष यात्री

### इसरो के वैज्ञानिकों ने बचाई थी अंतरिक्ष यात्रियों की जान

**नई दिल्ली।** एक्सिओम स्पेस के एएक्स-4 मिशन की लॉन्चिंग से पहले ऐन वक्त पर यदि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने हस्तक्षेप नहीं किया होता, तो यह 'विनाशकारी' हो सकता था और मिशन में शामिल सभी चार अंतरिक्ष यात्रियों की जान जा सकती थी।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएचआरसी ने जारी किया मेडिकल छात्र की मौत पर नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कहा कि उसने 9 अगस्त 2025 को कानपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 25 वर्षीय एक मरीज की मौत के मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। आयोग ने अपने एक बयान में कहा कि उसने घटना पर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने मीडिया में आई खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया, जिसमें कहा गया था कि अस्पताल और पुलिसकर्मियों के कुप्रबंधन के कारण समय पर और उचित उपचार के अभाव में युवक की मृत्यु हुई।

### श्रमिकों के अनाथ बच्चों के लिए मॉक टेस्ट कराएगा विभाग

**लखनऊ।** श्रम विभाग पहली बार अटल आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले श्रमिकों और कोविड में अपने मां बाप को खोने वाले बच्चों के लिए सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा से पहले मॉक टेस्ट कराएगा, जिससे समय से पहले ही बच्चे अपना आंकलन कर परीक्षा की तैयारी कर सकें। प्रदेश के 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण कराया गया है। इन विद्यालयों में श्रमिकों के बच्चे व कोविड के दौरान अपने मां बाप को खो चुके बच्चे पढ़ते हैं।

### भाजपा सरकार ने देश को पीछे धकेला

**इटावा।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा है कि केन्द्र की मौजूदा भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार देश का न सिर्फ बंटाधार करने में लगी है, बल्कि देश को विकास के मामले में काफी पीछे धकेल दिया गया है।

# व्हाट्सएप के जरिये लंबित चालानों का नोटिस भेजेगा परिवहन विभाग

**लखनऊ, वार्ता**

**■ विभाग ने जारी किया 8005441222 नंबर**

उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग अब वाहन कर्मियों को चालान नोटिस भेजने के लिए व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा (8005441222) का सहारा लेगा। इसके ज़रिए से प्राप्त किसी भी ई-चालान नोटिस की जांच कर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।

अधिकारियों की मानें तो फिलहाल परिवहन विभाग ने 2024-25 के लिए लंबित चालानों का भुगतान करने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया है। चूंकि कुल लंबित चालानों में से एक-तिहाई से ज्यादा ऐसे हैं, जिनमें वाहनों के पंजीकरण विवरण में मोबाइल नंबर या तो गलत हैं या गायब हैं। इसलिए विभाग ने मालिकों को सलाह दी है कि वे परिवहन-जीओवी-इन पोर्टल पर अपने वाहनों के चालान की स्थिति स्वयं देखें और कड़ी सज़ा से बचने के लिए समय पर अपना भुगतान करें। विभाग अपनी व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा के माध्यम से वाहन मालिकों के मोबाइल नंबरों पर अधिकतम 36 लाख ई-चालान नोटिस भेज सकता है।

यह सेवा ब्लू टिक सत्यापित है और केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित है। यह सेवा 2022-23 से शुरू होने वाले तीन वित्तीय वर्षों के लिए है। केवल 2024-25 के लिए ही 14 लाख से ज्यादा नोटिस भेजे जाएंगे। सबसे बड़ी संख्या उनकी है, जिन्होंने वाहन पंजीकरण विवरण में मोबाइल नंबर नहीं दिए हैं या गलत नंबर दिए हैं।

### संविधान संशोधन बिल से बसपा ने किया किनारा

**लखनऊ।** संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए गए 130वें संविधान संशोधन विधेयक से बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने किनारा कर लिया है। उन्होंने बिल को लोकतंत्र को कमजोर करने वाला बताते हुए कहा है कि इसका दुरुपयोग सत्ताधारी पार्टियां अपने लाभ, स्वार्थ व देश के लिए करेंगी। गुरुवार को सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर बसपा अध्यक्ष मायावती ने लिखा- केन्द्र सरकार द्वारा कल संसद में, भारी हंगामे के बीच लाया गया 130वां संविधान संशोधन बिल, देश में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे राजनैतिक हालात में, यह स्पष्टत: लोकतंत्र को कमज़ोर करने वाला लगता है। इसका सत्ताधारी पार्टियां अपने-अपने लाभ, स्वार्थ व द्वेष में ज्यादातर इसका दुरुपयोग ही करेंगी, ऐसी जनता को आशंका है।

# हंगामे के बावजूद 15 विधेयक दोनों सदनों में पारित

**नई दिल्ली, वार्ता**



**■ बिहार में मतदाता सूची के विरोध को लेकर विपक्ष ने किया हंगामा**

संसद का मानसून सत्र गुरुवार को दोनों सदनों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने के साथ ही संपन्न हो गया लेकिन एक महीने तक चला सत्र मुख्य रूप से बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के विरोध को लेकर विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया हालांकि दोनों सदनों में हंगामे और बहिर्गमन के बीच 15 विधेयक पारित किए गए।

लोकसभा में पेश किए गए 14 विधेयकों में से 12 को सदन की मंजूरी मिल गई, जबकि उच्च सदन में 15 विधेयक पारित किए गए। किसी भी गंभीर आपराधिक मामले में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों की गिरफ्तारी और तीस दिन की हिरासत की स्थिति में उन्हें पदमुक्त समझे जाने के प्रावधान वाले संविधान संशोधन विधेयक और उससे जुड़े दो अन्य विधेयकों को लोकसभा ने समीक्षा के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया। दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर 16-16 घंटे की चर्चा हुई और लोकसभा में प्रधानमंत्री ने जबकि राज्यसभा में गृह मंत्री ने चर्चा का जवाब दिया। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय शुभांशु शुक्ला और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर लोकसभा में चर्चा शुरू हुई थी, लेकिन यह विपक्ष के हंगामे के कारण पूरी नहीं हो सकी। सत्र की पूरी अवधि के दौरान एकजुट विपक्ष ने सरकार को बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में गड़बड़ी तथा उसे वापस लेने की मांग को लेकर जोरदार तरीके से घेरा और इस पर चर्चा कराने की मांग को लेकर दोनों सदनों में कार्यवाही में निरंतर व्यवधान डाला। विपक्ष ने सत्र के पहले दिन से ही ऑपरेशन सिंदूर और मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग शुरू कर दी थी। सत्र के दूसरे सप्ताह में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के बाद विपक्ष ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर दोनों सदनों में कार्यवाही नहीं चलने दी।

### आयोग का ध्यान नाम हटाने पर नहीं जोड़ने पर हो: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर फिर हमला करते हुए गुरुवार को कहा कि उसका ध्यान मतदता सूची से नाम हटाने पर नहीं बल्कि तथ्यों की जांच परख कर नाम जोड़ने पर होना चाहिए। कांग्रेस ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए आयोग जो काम कर रहा है उसका मकसद मतदाता सूचियों को स्पष्ट और पारदर्शी बनाना नहीं बल्कि लोकतंत्र को नष्ट करना ज्यादा है।जयराम रमेश ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के ठीक बाद बिहार के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव आयोग ने सर्वेक्षण कराया और कहा कि मतदाता सूचियां पहले से ही 'लगभग पूर्ण सटीक' पर हैं, लेकिन कागजी कार्यवाही और जागरूकता की कमी के कारण कई पात्र मतदाताओं का नामांकन नहीं हो पाया है।

## डबल इंजन सरकार की तारीफ करते हुए बोले सीएम योगी

# सपा-कांग्रेस ने केवल अपना विकास किया

**एटा, वार्ता**



**■ एटा में 750 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित हुआ सीमेंट प्लांट**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने सत्ता के लिए सबका साथ लिया, मगर विकास सिर्फ अपने अपने परिवारों का किया है।

एटा में 750 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित एक सीमेंट प्लांट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले भारत को मुगलों ने लूटा, फिर अंग्रेजों ने तबाह किया और जो कुछ बचा रह गया, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने तबाही का नया मंजर पैदा कर देश के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया। आज डबल इंजन सरकार की साफ नीयत, स्पष्ट नीति और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की वजह से उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। योगी ने कहा कि कांग्रेस हो या समा. जवादी पार्टी, इनकी नीयत कभी सबके विकास की नहीं रही। इन्होंने साथ तो सबका लिया, लेकिन विकास सिर्फ अपने परिवार का किया। इनके समय में न व्यापारी सुरक्षित था, न बेटी सुरक्षित थी। यही वजह रही कि देश और प्रदेश पिछड़ते चले गए। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार और डबल इंजन की यूपी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र से देश और प्रदेश को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि 8-9 साल पहले एटा की पहचान अपराध और माफिया के गढ़ के रूप में थी। गरीबों की जमीन पर कब्जा होता था, उनकी सुनवाई नहीं होती थी। जब नागरिक की संपत्ति ही सुरक्षित न हो, तब सरकार उसके कल्याण के लिए क्या करेगी। यही स्थिति तब थी। लेकिन आज एटा बेहतरीन कानून व्यवस्था और निवेश की नई पहचान बना है। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट से 1500 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है।

### हजारों लोगों को काम का अवसर मिला

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निवेश से सिर्फ सीधे रोजगार ही नहीं, बल्कि ट्रांसपोर्ट, व्यापार और डिस्ट्रीब्यूशन चैनल से जुड़े हजारों लोगों को भी काम का अवसर मिला है। यही है आत्मनिर्भर भारत की नींव, यही है विकसित भारत की आधारशिला। सीएम योगी ने कांग्रेस काल को याद करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था, जब सीमेंट कंट्रोल से मिलता था। अगर पहुंच है तो एक बोरा मिल जाएगा, वरना चोरी-छिपे खरीदना पड़ता था। घर बनाना मुश्किल था। यही कांग्रेस की नीयत और नीति थी। विकास कैसे होता। योगी ने कहा कि भारत 17वीं-18वीं सदी में दुनिया की नंबर-1 अर्थव्यवस्था था। 1947 से 1960 तक छठे स्थान पर रहा, लेकिन कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की नीतियों ने इसे 2014 तक 11वें स्थान पर पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र दिया और आज भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अगले दो वर्षों में यह तीसरे स्थान पर होगा। दुनिया के सामने भारत का नया गौरवशाली चेहरा उभरेगा।

# अखिलेश के दावों की जांच करने में जुटा चुनाव आयोग

**■ सपा सुप्रीमो ने कुछ दिन पहले ही लगाए थे आरोप**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और चुनाव आयोग के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। कुछ दिन पहले ही हलफमानों को लेकर अखिलेश ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरा. `प लगाया था। अब आयोग ने इसकी जांच शुरू कर दी है।

अखिलेश के शपथ पत्रों के दावे को नकारते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि आयोग को उत्तर प्रदेश या यादव से कोई हलफनामा नहीं मिला है। इस बीच अब आयोग ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदाता सूची में अनियमितताओं के बारे में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की शिकायत की जांच शुरू कर दी है। शिकायत के बाद, निर्वाचन आयोग ने जिलाधिकारियों को मतदाता सूचियों की जांच करने का निर्देश दिया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या कथित तौर पर गलत तरीके से नाम हटाए गए हैं। कासगंज, जौनपुर, बाराबंकी और लखनऊ के जिलाधिकारियों ने अपनी जांच पूरी कर ली है और यादव के दावों को निराधार और भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया है। सपा प्रमुख ने सोमवार को संसद परिसर में मीडियाकर्मियों को हलफनामे की प्रतियां वितरित कीं थी। यादव ने कहा कि ईसीआई में हलफनामे दायर किए गए हैं, जिनमें 2022 के विस चुनावों के दौरान उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने और अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है।



सेंसेक्स 82000.71
निफ्टी 25083.75



सोना रु. 99147
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 112690
प्रति किलो



# छठे दिन सेंसेक्स 82 हजार के पार

**मुंबई, वार्ता**



आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी दिग्गज कंपनियों में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 142.87 अंक (0. 17 प्रतिशत) की तेजी के साथ 82,000.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 33.20 अंक यानी 0.13 फीसदी ऊपर 25,083.75 अंक पर पहुंच गया। दोनों सूचकांक फिलहाल चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर हैं। विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच कुल मिलाकार बाजार की धारणा आज कमजोर रही मझौली और छोटी कंपनियों से निवेशकों ने पैसे निकाले। सेंसेक्स 362.62 अंक की बढ़त में 82,220.46 अंक पर खुला और एक समय 82,231.17 अंक तक पहुंच गया था, लेकिन बाद में अचानक यह 200 अंक से ज्यादा की तेजी गंवाता हुआ 82,000 अंक पर बंद हुआ। इसका दिवस का निचला स्तर 81,921.22 अंक रहा। निफ्टी-50 सूचकांक 91.45 अंक चढ़कर 25,142 अंक पर खुला। यह नीचे 25,054.90 अंक और ऊपर 25,153.65 अंक तक गया। निफ्टी-100 सूचकांक में भी 0.06 प्रतिशत की तेजी रही।

मझौली और छोटी कंपनियों में हालांकि बिकवाली से निफ्टी मिडकैप-50 में 0.46 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.01 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में कुल 3,068 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ, जिनमें 1,503 में तेजी रही, जबकि 1,475 के शेयर फिसल गए। वहीं 90 कंपनियों के शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। निजी बैंक के साथ आईटी, रियलिटी, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक बढ़त में रहे, जबकि एफएमसीजी, ऑटो, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और सरकारी बैंक जैसे सेक्टरों में गिरावट रही। सेंसेक्स की 30 में से 16 कंपनियों के शेयर टूट गए। बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे अधिक 1.12 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक में 1.09 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 0.90, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 0.86 और एलएंडटी में 0.76 फीसदी की तेजी रही। बीईएल, मारुति सुजुकी, सनफार्मा, भारती एयरटेल, टीसीएस और एचडीएफसी बैंक भी बढ़त में रहे। पावर ग्रिड में 1.51 फीसदी, इटरनल में 1.47 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.08 प्रतिशत और अडानी पोर्ट्स में 0. 95 प्रतिशत की गिरावट रही।

### सोने और चांदी के दाम में रही तेजी

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने-चांदी के दाम में बढ़त देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 201 रुपए बढ़कर 99,147 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। चांदी की कीमत भी 1,496 रुपए बढ़कर 1,12,690 रुपए प्रति किलो हो गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,009,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,450 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,800 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,985 रुपए बढ़कर 99,147 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 26,673 रुपए बढ़कर 1,12,690 रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन में यूपी पहले स्थान पर, रजिस्ट्रेशन में भी आगे

**लखनऊ, वार्ता**

**■ अक्षय ऊर्जा दिवस पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दी जानकारी**

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश अब देश में अग्रणी राज्य बन गया है। प्रदेश ने रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के साथ सभी राज्यों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन में भी आगे है।

अक्षय ऊर्जा दिवस पर सोलर ऊर्जा को लेकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखते हुए प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि पीएम सूर्य घर योजना में उत्तर प्रदेश ने जुलाई 2025 माह में 27,771 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के साथ सभी राज्यों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इतना ही नहीं प्रति दिन इंस्टॉलेशन में भी हम अब पहले नंबर पर हैं। ऊर्जा मंत्री ने आगे लिखा कि अब तक के कुल 196,327 इंस्टॉलेशन के साथ, यूपी गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है। जल्द ही शीर्ष राज्य बनने की ओर हम अग्रसर है। एके शर्मा ने कहा है कि पंजीकरण में भी हम पहले से ही प्रथम स्थान पर थे। उन्होंने 2017 से 2025 तक के आंकड़ों को शेयर करते हुए लिखा है कि यूपी में कुल सौर ऊर्जा क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2017 में जहां ऊर्जा क्षमता 389 मेगावाट थी। वहीं 2022 में 2,244 मेगावाट और 2025 में 5,157 मेगावाट हो गई है। शर्मा ने कहा कि बायो ऊर्जा परियोजनाओं में भी हम अग्रणी राज्य बन रहे हैं। 230 टन प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता के साथ हम कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) के उत्पादन में देश में नंबर एक पर हैं।

### किसानों से ठगी-बेइमानी करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा: शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि खाद और बीज के व्यापार में किसानों के साथ ठगी और बेइमानी करने वालों से सरकार कड़ाई से निपटेगी। चौहान अपने मंत्रालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। वृहद 'कर्मचारी संकल्प सम्मेलन' का आयोजन राजधानी में पूसा में आयोजित किया गया था। कृषि मंत्री ने कहा कि नकली खाद-बीज और कीटनाशक के नाम पर किसान लुटते रहे और हम देखते रहे, अब ऐसा बिल्कुल नहीं होगा, बेइमानों को हम छोड़ेंगे नहीं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत आज...**

दिन आईएसएस पर पहले से मौजूद नासा की एक अंतरिक्ष यात्री उनके पास आई और पूछा कि क्या वह देखना चाहेंगे कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है। नासा की अंतरिक्ष यात्री ने आईएसएस में बनी खास खिड़की से श्री शुक्ला को भारत दिखाया। भारत के गगनयान मिशन के संभावित क्रू सदस्यों में से एक श्री शुक्ला ने बताया कि उस समय धरती पर रात थी। पहले दक्षिण में हिंद महासागर के ऊपर पूरा अंधेरा दिखा और फिर अचानक लगभग त्रिकोणाकार भारत दिखा, जो रौशन था। यह काफी अद्भुत रहा। उन्होंने कहा कि उसके बाद उन्होंने कई बार भारत को देखा, लेकिन पहली बार का दृश्य उनके दिल में उतर गया है। उन्होंने कहा कि भारत आज भी अंतरिक्ष से 'सारे जहां से अच्छा दिखता है।'

**ऑनलाइन...** कि विपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता है। इसके बाद वह मतदाता सूची के मुद्दे पर बोलने का प्रयास करने लगे, तो श्री हरिवंश ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। उप सभापति ने कहा कि विधेयक पर चर्चा हो रही हो, तो कोई और बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी। संसदीय कार्यमंत्री ने पीठ की अनुमति से बोलते हुए श्री खड़गे की बात पर आपत्ति जताई और कहा कि पीठ पर प्रश्न उठाना ठीक नहीं है। विपक्ष के नेता विषय पर तो बोलते नहीं हैं और पीठ पर सवाल उठाने लगते हैं। विपक्ष ने पूरे मानसून सत्र में कार्यवाही चलाने में सहयोग नहीं किया। उपसभापति ने सदन में तख्ती लेकर आने के विपक्षी सदस्यों के आचरण पर खेद जताते हुए कहा कि तख्ती लाना सदन की परंपरा के विपरीत है। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान (130वां) संशोधन विधेयक और उसके साथ लोकसभा में प्रस्तुत दो विधेयकों की समीक्षा कर उस पर सिफारिश के लिए लोकसभा द्वारा प्रस्तावित संयुक्त समिति में शामिल होने और इसके लिए राज्य सभा के दस सदस्यों को उप सभापति द्वारा नामित किए जाने के प्रस्ताव को रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। ऑनलाइन गेमिंग विधेयक को मंजूरी मिलने के साथ ही उप सभापति ने सदन की कार्यवाही दस मिनट के लिए स्थगित कर दी।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# शेल्टर होम में लावारिस कुत्तों को हादसों व बीमारियों से मिलेगी मुक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लावारिस कुत्तों के लिए बनाए जाने वाले शेल्टर होम न सिर्फ उन्हें सुरक्षित ठिकाना देंगे, बल्कि उनकी औसत आयु भी बढ़ा देंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि कुत्ते सुरक्षित और स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस शेल्टर में रहें, तो उनकी जिंदगी दो से तीन साल लंबी हो सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि वहां न तो उन्हें सड़क हादसों का खतरा रहेगा और न ही संक्रमित बीमारियों की चपेट में आने की संभावना रहेगी।

एमसीडी के अनुसार, शेल्टर होम्स में कुत्तों की देखरेख के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। यहां उन्हें नियमित भोजन, साफ-सुथरा वातावरण और समय-समय पर चिकित्सा जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। एमसीडी के अधिकारियों का कहना है कि हर शेल्टर होम्स में पशु चिकित्सक और सहायक स्टाफ तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी स्वास्थ्य समस्या का तुरंत इलाज हो सके। साथ ही, बीमार या घायल कुत्तों को प्राथमिक उपचार के बाद लंबे समय तक निगरानी में रखा जाएगा।

एमसीडी के पशु विभाग के पूर्व निदेशक डॉ. वीके सिंह ने बताया, फिलहाल राजधानी में लावारिस कुत्तों की औसत आयु पांच से छह साल ही होती है। इसकी सबसे बड़ी वजह सड़क दुर्घटनाएं और संक्रमणजनित बीमारियां हैं। सड़क पर भटकते हुए कुत्ते आए दिन वाहनों की चपेट में आ जाते हैं। इसके अलावा, कचरे में खाना खोजने के दौरान वे कई तरह के वायरस, बैक्टीरिया और परजीवियों के संपर्क में आते हैं, जो गंभीर बीमारियां पैदा करते हैं।

एमसीडी के अनुसार, शेल्टर होम में कुत्तों को पर्याप्त खुला स्थान मिलेगा, जहां वे सुरक्षित तरीके से घूम-फिर सकेंगे। नियमित टीकाकरण, नसबंदी और स्वास्थ्य निगरानी के जरिए बीमारियों का खतरा काफी हद तक कम हो जाएगा। बीमार होने पर उन्हें तुरंत उपचार और रिकव. री तक निगरानी में रखा जाएगा, एमसीडी ने बताया कि पहले चरण में राजधानी के विभिन्न इलाकों में शेल्टर होम बनाए जाएंगे, जिनमें सैकड़ों कुत्तों को रखा जा सकेगा। यहां उनकी पूरी देखरेख, पोषण और चिकित्सा का जिम्मा निगम के साथ जुड़ी पशु चिकित्सा टीमों के पास होगा।

## एम्स लौटाएगा बर्न-एसिड हमले के पीड़ितों की मुस्कान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बर्न और एसिड हमले के शिकार हुए पीड़ितों के चेहरे की मुस्कान लौटाएगा एम्स, यूएस, फिलीपींस और दूसरे देशों के सर्जन 51 मरीजों की रिकंस्ट्रक्शन (पुनर्निर्माण) सर्जरी करेंगे। इसके तहत बर्न निशान और उससे हुई त्वचा की सिकुड़न को ठीक किया जाएगा। एम्स बर्न सर्जरी विभाग, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली रिस्टोरिंग स्माइल के सहयोग से रोटाप्लास्ट इंटरनेशनल यूएस के साथ मिलकर बर्न मरीजों को यह सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। रोटाप्लास्ट इंटरनेशनल सर्जिकल मिशन के तहत सर्जरी के लिए 126 मरीजों ने पंजीकृत किया था। इसमें 51 मरीज सर्जरी के लिए चयनित किए गए। इसमें सात-आठ मरीज एसिड अटैक हमले के पीड़ित और बाकी बर्न मरीज हैं। सर्जरी कराने वालों में 20-25 बच्चे शामिल हैं। सर्जरी के लिए 70-80 लोगों का एक समूह बनाया गया है। इसमें रोजाना 30 लोग सर्जरी करेंगे। इस समूह में सर्जन, नर्स सहित दूसरे स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं। सर्जरी कराने वालों में ऐसे लोग शामिल हैं जिनकी बर्न की वजह से त्वचा सिकुड़ गई है। बर्न के निशान हैं। इस कारण शारीरिक गतिविधियां प्रभावित हैं। हाथ से खा नहीं पा रहे हैं।

# सरकार विमुक्त समाज दिवस के आयोजन में करेगी सहयोग : कपिल मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सचिवालय में विमुक्त एवं अर्ध घुमंतु समाज की प्रतिनिधि कविता राठौड़ सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। यह बैठक आगामी 31 अगस्त को आयोजित होने वाले विमुक्त एवं अर्ध घुमंतु समाज दिवस" की तैयारियों के सिलसिले में हुई।

बैठक में बनजारा, गड़िया, नट, सिख लिगार, मनिहार, लुभाना, गीहरा, सांसी, कलंदर, कालबेलिया, सपेरा और जोगी समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रतिनिधियों ने दिल्ली में "घुमंतु विकास बोर्ड" की स्थापना तथा जाति प्रमाण पत्र में डीएनटी का उल्लेख किए जाने की मांग रखी।

इस अवसर पर कपिल मिश्रा ने कहा कि ख्र "विमुक्त एवं अर्ध घुमंतु समाज हमारे इतिहास और संस्कृति का गौरवशाली हिस्सा रहे हैं। उनकी परंपराएँ, संघर्ष और जीवनशैली भारतीय समाज को विशेष पहचान देती हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि इन समुदायों को उनके अधिकार, सम्मान और अवसर पूरी तरह से मिले।" कपिल मिश्रा ने आगे आश्वासन देते हुए कहा "31 अगस्त को मनाए जाने वाले 'विमुक्त एवं अर्ध घुमंतु समाज दिवस' के लिए दिल्ली सरकार पूरे उत्सव में सक्रिय सहयोग करेगी और भव्य कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में समाज के योगदान को प्रदर्शित करने और नई पीढ़ी तक उनकी परंपराओं को पहुँचाने के हर प्रयास में सरकार साथ खड़ी रहेगी।"आगामी 31 अगस्त को दिल्ली में "विमुक्त एवं अर्ध घुमंतु समाज दिवस" के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, प्रदर्शनी और संगोष्ठियाँ आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की कला, संस्कृति, वेशभूषा और परंपराओं का प्रदर्शन होगा।

# 'स्वच्छ दिल्ली संकल्प दिवस' का आयोजन कर निगम ने दोहराई स्वच्छता की प्रतिबद्धता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के केशवपुरम जोन द्वारा "दिल्ली को कूड़े से आजादी" अभियान के अंतर्गत रानी झांसी स्टेडियम, केशवपुरम में 'स्वच्छ दिल्ली संकल्प दिवस' का आयोजन बड़े उत्साह और नागरिक भागीदारी के साथ किया गया। इस अवसर पर महापौर, सरदार राजा इकबाल सिंह ने निगम कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

उन्होंने सफाई कर्मचारियों के निरंतर परिश्रम और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत के कारण ही राजधानी को साफ-सुथरा और रहने योग्य बनाए रखने में सफलता मिल रही है। महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली सिर्फ एक शहर नहीं बल्कि पूरे देश का चेहरा है, इसलिए इसे स्वच्छ रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जब भी दिल्ली को किसी चुनौती का सामना करना पड़ता है, तो सबसे पहले हमारे सफाई सैनिक आगे बढ़कर काम करते हैं और समस्या का समाधान करते हैं। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों, गली-मोहल्लों और बाजारों में साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष ध्यान दें, कचरा सड़क पर न फेंकें और निगम द्वारा बनाए गए कूड़ेदानों व तय स्थलों का ही उपयोग करें। महापौर ने यह भी कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाए तो "दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान" के क्रांतिकारी परिणाम हो सकते हैं। महापौर ने इस अवसर पर वृक्षारोपण की भी आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि दिल्ली को केवल स्वच्छ ही नहीं बल्कि हरित और प्रदूषण-मुक्त बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।



**"दिल्ली को कूड़े से आजादी" अभियान के अंतर्गत रानी झांसी स्टेडियम, केशवपुरम में 'स्वच्छ दिल्ली संकल्प दिवस' के अवसर पर महापौर, सरदार राजा इकबाल सिंह अधिकारियों के साथ।**

## एक नजर

### सतीश गोलचा दिल्ली के 26वें पुलिस आयुक्त नियुक्त, हटाए गए एसबीके सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी सतीश गोलचा को दिल्ली पुलिस का 26वां आयुक्त नियुक्त किया गया है । साल 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी ने एसबीके सिंह का स्थान लिया है। सिंह ने अपने पूर्ववर्ती संजय अरोड़ा की सेवानिवृत्ति के बाद 31 जुलाई को आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार संभाला था। गोलचा वर्तमान में तिहाड़ जेल के महानिदेशक हैं। उन्होंने एक मई, 2024 को यह पदभार ग्रहण किया था। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने विशेष पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था), दिल्ली पुलिस में विशेष आयुक्त (खुफिया) और अरुणाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सहित महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उन्होंने दिल्ली पुलिस में पुलिस उपायुक्त और संयुक्त आयुक्त के रूप में भी काम किया है।

### एआई में परिवर्तन को रणनीतिक सहयोग किया

**नई दिल्ली।** एआई सीआरएम, सेल्सफोर्स ने भारत की सबसे बड़ी फैमिली ओन्ड लॉजिस्टिक्स एवं फ्रेट फॉरवर्डिंग फर्म्स में से एक, जीना एंड कंपनी के साथ रणनीतिक सहयोग किया है। इस सहयोग का उद्देश्य कंपनी के डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाना है। इस सहयोग द्वारा जीना एंड कंपनी को विभिन्न टीमों के बीच तालमेल, डेटा आधारित डिसीजन मेकिंग और गहरी कस्टमर इंटैलिजेंस प्राप्त करने करने में मदद मिलेगी। पहले चरण में जीना एंड कंपनी द्वारा सेल्सफोर्स सेल्स क्लाउड का क्रियान्वयन किया जाएगा ताकि सेल्स की विजिबिलिटी बढ़े तथा इसके लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में ज्यादा तेज और इंटीग्रेटेड इंगेजमेंट संभव हो सके। इस बाबत आयशा कटगारा, हेड-ट्रांसफॉर्मेशन ऑफिस, जीना एंड कंपनी ने कहा, "हम सदैव प्रभावशाली और ग्राहक-केंद्रित लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करते हैं। हमारा मानना है कि सेल्सफोर्स के साथ इस सहयोग द्वारा हम केवल टेक्नोलॉजी अपग्रेड नहीं कर रहे हैं, बल्कि हर इंटरैक्शन को ज्यादा तेज, पारदर्शी और समझदार बनाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। मनकीरन चौहान, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं एसवीपी - इंडिया, सेल्स एवं डिस्ट्रीब्यूशन, सेल्सफोर्स ने कहा, "हमें जीना एंड कंपनी के 125 वें साल के ऑपरेशन में उनके साथ सहयोग करने की खुशी है।

### पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

**नई दिल्ली।** वैष्णो देवी ट्रेडर्स गुवाहाटी के निदेशक बलवान भामा पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि बीते 9 सितंबर 019 को ई-नीलामी के माध्यम से केनरा बैंक फैंसी बाजार शाखा से 2 बीघा 4 16 लेचा क्षेत्रफल का एक भूखंड खरीदा है। यह भूमि गारंटर प्रिज्म अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चूककर्ता ऋ णी ब्रह्मपुत्र टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के लिए गिरवी रखी गई थी। दोनों कंपनियों का नियंत्रण संजीव जायसवाल के पास है। नीलाम की गई भूमि की अनुसूची उसके विक्रय विलेख 611/06 नीलामी सूचना बिक्री पुष्टि पत्र और बिक्री प्रमाण पत्र के अनुसार इस प्रकार थी। उत्तर राष्ट्रीय राजमार्ग 37,दक्षिण स्वर्गीय फटिक दास की भूमिय पूर्व ग्रीनलैंड नर्सिंग होम पश्चिम भद्र नाथ स्वर्गीय लाल मोहन और स्व. बंगशीराम को कोई बोर्ता की भूमि। 24 सितंबर 2019 को पूरा भुगतान जमा करने के बाद हमें 1 अक्टूबर 2019 को बिक्री प्रमाणपत्र जारी किया गया। लेकिन छह साल बाद भी मुझे जमीन का कब्जा या उसके मूल दस्तावेज नहीं मिले हैं

### प्रतिबंधित सिगरेट जब्त, भाई समेत तीन पकड़े

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने प्रतिबंधित सिगरेट बेचने व खरीदने वाले भाईयों समेत तीन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान विजय गुप्ता,विकास गुप्ता और औरंगजेब के रूप में हुई है। जिनके कब्जे से 86,400 सिगरेट बरामद की गई हैं। पुलिस टीम ने पंजाबी बाजार, कोटला मुबारकपुर स्थित एक दुकान पर छापेमारी करके इको स्पोर्ट्स कार और उसमें से 86 हजार 4 सौ सिगरेट बरामद की गई। दुकान मालिक पालम कॉलोनी में रहने वाले विजय गुप्ता को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने के बाद उसके भाई, विकास गुप्ता,जोकि इस कारोबार में पार्टनर के रूप में था,उसे और सिगरेट लाने वाले सॉर्स औरंगजेब को भी गिरफ्तार कर लिया।

# कायराना हमले नहीं रोक सकते भाजपा कार्यकर्ताओं को : खंडेलवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चाँदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल सहित आज दिल्ली के सभी सातों सांसदों ने राजधानी की लोकप्रिय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के ऊपर लाल हुए हमले को लेकर उनसे आज एक शिष्टाचार भेंट की और उनके कुशलक्षेम की जानकारी ली। भेंट के दौरान सांसदों ने मुख्यमंत्री जी की ऊर्जा और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सराहा। यह देखकर सभी ने संतोष व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री जी पूर्णत: स्वस्थ हैं और पूर्व की भांति 'दिल्लीवासियों की सेवा एवं विकास कार्यों में निरंतर तत्परता से जुटी हुई हैं।



इस संदर्भ में खंडेलवाल ने स्पष्ट कहा कि ऐसे कायराना हमले भाजपा के किसी भी नेता या कार्यकर्ता के हौसले को कमजोर नहीं कर सकते'। उन्होंने कहा कि यह केवल हमारी दृढ़ता और संकल्प को और भी मजबूत करता है।

खंडेलवाल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का हर मुख्यमंत्री, सांसद और कार्यकर्ता राष्ट्रहित, जनसेवा और देश के विकास के लिए और अधिक उत्साह एवं समर्पण के साथ कार्य करता रहेगा। हमारे लिए जनता की भलाई सर्वोच्च प्राथमिकता है और राष्ट्र का गौरव सर्वोपरि।

# प्राइम वीडियो ने मैडॉक फिल्म्स के साथ किया कोलैबोरेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्राइम वीडियो ने मैडॉक फिल्म्स के साथ मल्टी-ईयर लाइसेंसिंग कोलैबोरेशन किया है, जिसके तहत आठ सबसे ज्यादा इंतेजार की जाने वाली फिल्मों के वर्ल्ड वाइड-एक्सक्लूसिव स्ट्रीमिंग राइट्स अब उनके पास होंगे। इस पार्टनरशिप के साथ प्राइम वीडियो ने साफ कर दिया है कि वो इंडियन एंटरटेनमेंट को ग्लोबल लेवल पर और भी ज्यादा दमदार तरीके से पेश करने के लिए पूरी तरह कमिटेड है। मतलब ये कि अब भारतीय फिल्मों का असली मजा सिर्फ थिएटर में नहीं, बल्कि घर बैठे दुनियाभर के दर्शक उठा पाएंगे। इन फिल्मों को प्राइम मेंबर्स 240+ देशों और टेरिटरीज में थिएटर रिलीज के कुछ ही समय बाद प्राइम वीडियो पर देख पाएंगे।

इस बाबत दिनेश विजन, सीईओ और फाउंडर, मैडॉक फिल्म्स ने कहा, "हम हमेशा ऐसी कहानियाँ सुनाने में विश्वास रखते हैं जो चौंकाएँ, मनोरंजन करें और लोगों के दिलों को छू जाएँ और ऐसे पार्टनर्स के साथ काम करने में विश्वास रखते हैं। मनीष मेंघानी, डायरेक्टर और हेड ऑफ कंटेंट लाइसेंसिंग, प्राइम वीडियो इंडिया ने कहा, "हम दिनेश विजन की मैडॉक फिल्म्स के साथ अपने स्ट्रैटेजिक कोलैबोरेशन को और आगे बढ़ाकर बेहद खुश हैं।

## पेड़ से लटका युवक का शव मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में वीरवार सुबह एक युवक पेड़ से फंदा लगाकर लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके शव की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक मृतक युवक की उम्र करीब 25 साल है। सुबह जब स्थानीय लोग सुबह की सैर पर निकले,तभी उन्होंने युवक को जंगल एरिया में पेड़ से लटका देखा था। पुलिस आसपास के थानों और लोगों से शव की पहचान करवाने की कोशिश कर रही है।

# सीआईएसएफ की भारत के हाइब्रिड बंदरगाह सुरक्षा मॉडल को मजबूत करने की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बंदरगाहों के हाइब्रिड सुरक्षा मॉडल के निर्माण की दिशा में एक प्रयास में, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने बंदरगाहों पर तैनात निजी सुरक्षा कर्मियों के लिए अपना पहला विशेष दो सप्ताह का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किया है। यह निजी सुरक्षा कर्मचारियों को बंदरगाह संचालन, खतरे की पहचान और आपातकालीन प्रतिक्रिया के आवश्यक ज्ञान से लैस करेगा।

पाठ्यक्रम में कानूनी ढाँचे, तकनीकी सुरक्षा उपकरणों के उपयोग और अंतर्राष्ट्रीय जहाज एवं बंदरगाह-सुविधा सुरक्षा (आईएसपीएस) संहिता के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय मानकों को भी शामिल किया गया है।



जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण (जेएनपीए) मुंबई और चेन्नई बंदरगाह प्राधिकरण (सीएचपीए) में एक साथ शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य निजी सुरक्षा कर्मियों की क्षमता निर्माण, बंदरगाह सुरक्षा प्रोटोकॉल के मानकीकरण और सभी बंदरगाहों पर अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संहिताओं के अनुपालन को सुनिश्चित करके भारत के हाइब्रिड बंदरगाह सुरक्षा मॉडल को मजबूत करना है। अधिकारियों ने बताया कि भारत में लगभग 200 छोटे और मध्यम स्तर के बंद. रगाह हैं, जिनमें से लगभग 65-68 ही सक्रिय रूप से कार्गो संचालन में लगे हुए हैं। सीआईएसएफ जहां सभी 13 प्रमुख बंद. रगाहों की सुरक्षा करता है, वहीं निजी सुरक्षा एजेंसियां छोटे बंदरगाहों पर कार्गो क्षेत्रों, गोदामों, प्रवेश द्वारों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सभी बंदरगाहों पर एक समान और मानकीकृत सुरक्षा प्रोटोकॉल विकसित करने की आवश्यकता को समझते हुए, इस मामले पर सभी हितधारकों (बंदरगाह प्राधिकरण, सीमा शुल्क विभाग, शिपिंग कंपनियाँ, माल ढुलाई एजेंटआदि) के साथ विचार-विमर्श किया गया।

## सुंदरम फाइनेंस पंजाबी बाग शाखा ने मनाया 25 वर्ष का जश्न

**नई दिल्ली।** सुंदरम फाइनेंस की नई दिल्ली-पंजाबी बाग शाखा ने आज अपनी सेवा के 25 वर्ष पूरे कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है, इस उपलक्ष पर एक बड़ा जश्न मनाया गया। सुंदरम फाइनेंस के उत्तरी क्षेत्र प्रमुख सलीन नायर ने कहा, ष्सुंदरम फाइनेंस के इस लम्बे सफर का श्रेय - सच्चाई, निष्पक्षता और उस सेवा भाव को जाता है जिसकी डोर से हम अपने ग्राहकों के साथ बंधे हैं। यह शाखा अपने मूल्यों और उस समुदाय के बलबूते टिकी हुई है जिसे हम सेवा प्रदान करते और जिसके साथ जुड़े हैं।1995 में स्थापित, नई दिल्ली - पंजाबी बाग शाखा ने नई दिल्ली में वित्तीय पहुँच का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और हमेशा से ऐसे ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान की हैं जो मुख्यधारा के वित्तीय समाधानों की पहुँच से बाहर थे।

# परम संत पाल सिंह जी मानव एकता के मसीहा : राजिन्दर सिंह जी महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** परम संत कृपाल सिंह जी महाराज के 51वें बरसी भंडारे के अवसर पर 21 अगस्त, 2025 को कृपाल बाग, दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में भाई-बहन उन्हें अपनी भाव-भीनी श्रद्धांजलि देने के लिए इकट्ठे हुए।




इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सावन कृपाल रूहानी मिशन के वर्तमान अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का विडियो सत्संग प्रसा. रित किया गया, जिसमें उन्होंने कहा कि, "परम संत कृपाल सिंह जी महाराज मानव एकता के मसीहा थे। उन्होंने अपने जीवन में लाखों लोगों को ध्यान-अभ्यास के द्वारा प्रभु के दिव्य-प्रेम का अनुभव कराकर रूहानियत के रास्ते पर चलाया। उन्होंने फरवरी, 1974 में मानव एकता सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न धर्मों के अनेक संत-महात्माओं ने भाग लेकर आपस में विचार-विमर्श करके यह अनुभव किया कि भले ही हम अलग-अलग धर्मों से संबंध रखते हों पर एक ही पिता-परमेश्वर की संतान होने के नाते हम सब आपस में भाई-बहन हैं। उनके इस महान योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। सत्संग के अंत में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि, "परम संत कृपाल सिंह जी महाराज जैसे महान संत हमें अपने सच्चे घर सचखंड वापिस ले जाने के लिए इस पृथ्वी पर आते हैं।

# 2025 विश्व पैरा चैंपियनशिप के लिए नई दिल्ली तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय पैरा-स्पोर्ट्स के लिए एक ऐतिहासिक पल के रूप में, वनाति श्रीनिवासन, विधायक और पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया की मुख्य संरक्षक, ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की और उन्हें पुष्पगुच्छ व पारंपरिक अंगवस्त्रम भेंट करते हुए व्यक्तिगत रूप से नई दिल्ली 2025 के उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया। भारत अब तक का सबसे बड़ा पैरा-स्पोर्ट इवेंट, अपनी धरती पर आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। 104 देशों और 2,500 से ज्यादा पैरा-एथलीट्स और सपोर्ट स्टाफ ने हिस्सा लेने की पुष्टि की है। यह चौम्पियनशिप 27 सितंबर से 5 अक्टूबर, 2025 तक नई दिल्ली के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (जेएलएन स्टेडियम) में होगी और मानव भावना, दृढ़ संकल्प और खेल प्रतिभा का शानदार उत्सव साबित होगी। पुरुष, महिला और मिश्रित श्रेणियों में कुल 186 मेडल इवेंट्स के साथ, यह आयोजन जबरदस्त मुकाबलों, यादगार पल और हिम्मत और लगन से भरी प्रेरक कहानियों को पूरी दुनिया के मंच पर पेश करेगा।



इस ऐतिहासिक सफर के बारे में बोलते हुए, वनाति श्रीनिवासन, विधायक और पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडियाकी मुख्य संरक्षक, ने कहा, नई दिल्ली में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंम्पियनशिप की मेजबानी सिर्फ खेल तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह उन पैरा-एथलीट्स की अटूट ताकत और जज़्बे पर रोशनी डालने का अवसर है, जो हिम्मत और दृढ़ संकल्प की परिभाषा ही बदल देते हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में पॉलिटेक्निक छात्रों का दीक्षारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन प्रोग्राम – 'दीक्षारंभ 2025' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। संदीप सिंह, उप-प्राचार्य एवं प्रोक्टर, एसईटी, एसजीयू ने विद्यार्थियों का स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि एसजीयू परिवार में शामिल होना केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यहाँ विद्यार्थियों को कौशल विकास, लाइव प्रोजेक्ट, सतत सीखने की आदत और सबसे बढ़कर एक अच्छे इंसान बनने का अवसर मिलेगा। इसके बाद उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व और अनुशासन के प्रति प्रेरित किया। प्रो वाइस-चांसलर नितिन अग्रवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं है, बल्कि जीवन में व्यावहारिकता और जिम्मेदारी को आत्मसात करना है।

कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा वही सार्थक है, जो विद्यार्थी को समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के योग्य बनाए। कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसंजीत कुमार ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध सभी संसाधनों का अधिकतम उपयोग करें और हर अवसर का लाभ उठाएँ। उन्होंने कहा कि कौशल आपके व्यक्तित्व को निखारता है, इसलिए विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने चाहिए और उन्हें पूरा करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया कि "चमकिए, आगे बढ़िए, बस फोकस कीजिए; एसजीयू हर कदम पर आपके साथ है।" इसके बाद प्रो वाइस-चांसलर (एडमिन) पियूष श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यावहारिक ज्ञान, दृढ़ निश्चय, उत्साह, स्वच्छता और सभ्यता के प्रति जागरूकता विद्यार्थी जीवन में अनिवार्य है। उन्होंने छात्रों से अपने भविष्य के लिए स्पष्ट रोडमैप बनाने का आग्रह किया।

रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने भी अपने संबोधन में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता से परिचित कराया। इसके बाद मुख्य अतिथि अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी, इंदिरापुरम सर्किल, गाजियाबाद ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के समय में केवल पुस्तक आधारित ज्ञान पर्याप्त नहीं है। जीवन की चुनौतियों का सामना करना आना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज जीवन असली जीवन के पाठ सीखने का सबसे अच्छा मंच है। विद्यार्थियों को लगातार मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए और यह सोचना चाहिए कि वे समाज के लिए क्या योगदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन संदीप सिंह द्वारा किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय गान हुआ तथा विद्यार्थियों के लिए रिफ्रेशमेंट और विभागवार ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर सभी विभागों के निदेशक भी सम्मिलित हुए।

## एमएसएमई ग्लोबल समिट में समरकूल को किया गया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्टार इंटरनेशनल एमएसएमई फोरम के तहत सूक्ष्म एवं लघु उधोगों के उत्पादों की विदेशी व्यापार में बढौतरी को प्रोत्साहित करने के लिए दिल्ली के होटल ली मेरिडियन में एम एस एम ई ग्लोबल समिट का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व के अनेकों देशों के व्यापारिक प्रतिनिधियों सहित देश के अनेकों उधोगपतियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से एम एस एम ई सैक्टर के निर्यात को विदेशों में प्रोत्साहित करने के लिए किया जाता है। इसी योजना के तहत समरकूल ग्रुप की बढ़ती हुई ग्रोथ के तहत निर्यात की संभावनाओं को बढाने के लिए समरकूल ग्रुप की ओर से चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता का प्रतिनिधित्व करते हुए अजय माथुर ने इस कार्यक्रम में भाग लिया तथा लोकसभा सांसद और सुप्रसिद्ध अभिनेत्री हेमामा. लिनी और पदमिनी कोल्हापुरी के द्वारा सम्मान प्रतीक चिह्न भेंट करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्टार इंटरनेशनल एम एस एम ई फोरम की ओर से दीपक वोहरा, संदीप मारवाह सहित अनेकों उधोगपति उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने धूमधाम से मनाया रविन्द्र नेगी का जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा विधायक एवं एमसीडी चेयरमैन दिल्ली बोर्ड रविन्द्र नेगी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं एमसीडी चेयरमैन दिल्ली बोर्ड रविन्द्र नेगी का जन्मदिन उनके कैंप कार्यालय पटपड़गंज दिल्ली में बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वागत कार्यक्रम के संयोजक आशुतोष पाठक (आशु पंडित) के संयोजन में जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक भारतीय, उपाध्यक्ष समीर शर्मा, लायन संजीव गर्ग, भूपेश शर्मा, अजय अधिकारी, ध्रुव शर्मा, किंग बिल्डर अशोक पंडित मकनपुर, अशोक शर्मा, पूजा झा, अमित भाटी, अमित चौधरी बिल्डर वेव सिटी, संजय टीटोरिया, शरद टीटोरिया, राजा सिंगल, दीपांशु सिंगल, ठाकुर विक्रम सिंह, रजत सिंगल, दिव्यांग सिंघल, अतुल जैन, नवनीत पाल, विनीत शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, मनीष पंडित, कृष्ण पंडित, अनिल आहूजा, गोपाल मोहन पाठक एवं ललित कुमार पाठक सहित अनेक गणमान्य व्यापारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय व्यापार मंडल के महामंत्री आशुतोष पाठक ने अपने साथियों सहित बड़ी नोटों की माला पहनाकर विधायक रविन्द्र नेगी का भव्य स्वागत किया जन्मदिन की बधाई दी। इसके साथ ही अन्य पदाधिकारियों ने प्रतीक चिन्ह, बुके, चित्र एवं शॉल/पटका भेंटकर उन्हें सम्मानित किया बधाई दी। विधायक एवं एमसीडी चेयरमैन दिल्ली बोर्ड रविन्द्र नेगी ने कहा कि मै राष्ट्रीय व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।

## आखिरकार 13 माह पश्चात जीएसटी कार्यालय मोदीनगर हुआ पुनः स्थानांतरित

### अधिवक्ता अरूण राघव बने सूत्रधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गत लगभग 13 माह से चले आ रहे अधिवक्ताओं व व्यापारियों के संघर्ष का समापन हुआ और आखिरकार जीएसटी कार्यालय मोदीनगर जो कि गत जुलाई-2024 मे गाजियाबाद स्थानांतरित हो गया था पुनः मोदीनगर स्थानांतरित हो गया। बताते चले कि जीएसटी कार्यालय के गाजियाबाद स्थानांतरित होने पर सर्वप्रथम मोदीनगर के वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण राघव द्वारा लखनऊ स्थित जीएसटी मुख्यालय तथा सुबे के सीएम योगी आदित्यनाथ को अनेको बार पत्र द्वारा अवगत कराया गया था तथा अरूण राघव द्वारा महती भूमिका निभाते हुए आईजीआरएस के माध्यम से भी अने. को बार शिकायत की गयी थी। इस कार्यालय को पुनः मोदीनगर लाने में विधायक डॉ. मंजू शिवाच, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद वैशाली, वरिष्ठ व्यापारी नेता रामकिशोर अग्रवाल सहित सभी व्यापारिक संगठनो तथा अधिवक्ता संगठनो ने अपना पूर्ण सहयोग दिया जिसका प्रतिफल यह रहा कि आखिरकार जीएसटी कार्यालय पुनः मोदीनगर स्थानांतरित हो सका।

## चेयरमैन रंजीता धामा ने किया विकास कार्यो का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने वार्ड 18 वार्ड 17 वार्ड 9 वार्ड 23 में लगभग 6करोड 40 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कॉलोनी वासियों ने फूलमाला व पुष्प वर्षा करते हुए ढोल नगाड़े बजाकर रंजीता धामा व मनोज धामा का स्वागत किया। इस अवसर पर जानकारी देते हुए लोनी नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि आज विकास कुंज, संगम विहार, तिलकराम का लेवी, उत्तरांचल विहार,संतोषी विहार आदि कॉलोनी में लगभग 6 करोड़ 40 लख रुपए की लागत से आरसीसी की नली वह इंटरलॉकिंग टाइल्स से बनने वाली गलियों का शुभारंभ आज किया जा रहा है जो जल्दी बन कर तैयार हो जाएगी तथा आने वाले समय में कॉलोनी का स्वरूप बदला हुआ नजर आएगा।

क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े महिला पुरुष बुजुर्गों को आने-जाने में सुविधा होगी तथा आरसीसी की मजबूत नालियों बनने से कॉलोनी में होने वाले जल भराव से मुक्ति मिलेगी। रंजीता धामा ने विकास कार्यों के उद्घाटन के अवसर पर ठेकेदारों को बढ़िया क्वालिटी का मटेरियल लगाने के लिए आदे. शित किया तथा ठेकेदारों को चेताते हुए कहा कि मैं स्वयं निर्माण कार्य की समय-समय पर जांच भी करूंगी तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों व अधिकारियों से भी विकास कार्यों मे लगने वाले मटेरियल की गुणवत्ता की जांच करवाऊंगी।

आप सभी लोग अच्छा सुंदर व टिकाऊ कार्य करें जिससे कि आमजन को राहत मिले। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनोज धामा भी साथ रहे। सभी को संबोधित करते हुए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि लोनी नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्य सभी कॉलोनी में बिना किसी भेदभाव के कराए जा रहे हैं जिनसे लोनी की आम जनता को बेहद ही फायदा होगा तथा आने वाले समय में लोनी की सूरत पहले से भी अधिक सुंदर हो जाएगी।

इंटरलॉकिंग टाइल्स वह आरसीसी की नालियों के के विकास कार्य का आज उद्घाटन किया गया है आप सभी लोग निश्चित रहे आने वाले समय मे और भी विकास कार्य लोनी क्षेत्र मे कराये जायेंगे। इस अवसर पर पूर्व सभासद सतपाल शर्मा, मुक. श पाल, पप्पू चौधरी, अजय शर्मा, जगभगवान, अनिल ठाकुर, रमेश चौहान, हरेन्द्र ढाका, मनोज चौधरी, ताराचंद, रामकेश, चांद खान, सतवीर, शकील खान, अनीता, रामकली सहित सैकड़ों की संख्या में कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन




**मुरादनगर।** आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन एवं निफा गाजियाबाद द्वारा एक रक्तदान महादान शिविर का आयोजन ग्राम भादोली में किया गया। इस अवसर पर 15 व्यक्तियों ने रक्तदान कर मानवता के लिए विशेष योगदान किया। आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन एवं निफा के पदाधिकारी डा राजपाल तोमर संरक्षक, डा फहीम सैफी अध्यक्ष, सचिव हाजी शहीद अहमद कोषाध्यक्ष सीदू अल्वी, शहर अध्यक्ष इरफान सैफी, रोहित कुमार यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष, मो. हसिन संगठन मंत्री आदि ने सहयोग प्रदान किया।

### रोटरी गाजियाबाद गोल्फ लिंक के किया

## शौचालय व हाथ धोने के लिए वॉशिंग स्टेशन के निर्माण कार्य का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रोटरी गोल्फ लिंक के माध्यम से जनपद में स्थानीय गोविंदपुरम स्थित प्राथमिक विद्यालय, मटियाला, ब्लॉक रजापुर में विद्यालय के बच्चो की आवश्यकता अनुसार 4 शौचालय एवं हाथ धोने हेतु वॉशिंग स्टेशन का निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। इस लोकार्पण को रोटेरियन अमिता महेंद्रू, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, जिला 3012 के कर कमलों द्वारा सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के लिए स्कूल बैग एवं कापी किताबों का वितरण भी किया गया।

संस्था के प्रधान संदीप जयसवाल बताया की यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य की पहल विद्यालय के बच्चों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और बेहतर जीवन स्तर की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे मन में भी एक अलग तरह की खुशी का अहसास होता है। संस्था के पूर्व प्रधान मोहित गोयल ने बताया कि रोटरी गोल्फ लिंक सामाजिक कार्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर रोटरी गाजियाबाद गोल्फ लिंक के पूर्व प्रधान मोहित गोयल, संदीप शर्मा, राजा गर्ग के साथ सुरेंद्र तेवतिया, अमरीश सिंगल, योगेश अग्रवाल, मनीष कुमार, राजेश गुप्ता, राजन कोहली उपस्थित रहे।

## भगवान श्री कृष्ण का छठी महोत्सव मनाया गया धूमधाम से



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गोविंदपुरम बाबा मार्केट अंकित डेरी विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया था, अब उनकी छठी मनाई गई। इस शुभ अवसर पर संस्था के जिला अध्यक्ष पंडित अंकित शर्मा परिवार द्वारा कड़ी चावल का विशाल भंडारे का आयोजन किया गया संस्था के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि हिंदू धर्म में बच्चे के जन्म के 6 दिन बाद छठी मनाई जाती है, यही परंपरा भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण के 6 दिन बाद निभाई जाती है। जिसे बाल गोपाल की छठी या लड्डू गोपाल की छठी के नाम से जाना जाता है। भगवान कृष्ण की छठी घर के साथ मंदिरों में भी धूमधाम से मनाई जाती है। कान्हा जी की छठी पूजन में सबसे पहले बाल गोपाल को स्नान कराया गया। तत्पश्चात वस्त्र, मोरपंख, बांसुरी, और आभूषण आदि से विशेष श्रृंगार किया। फिर इसके बाद अपने लड्डू गोपाल को चंदन, केसर, हल्दी, फल, फूल, धूप, दीप, अर्पित किया। फिर उनका नाम करण करने के लिए जिस नाम से उन्हें आप पूजते हों, वह नाम बुलाएं और पूरे साल उनकी उसी नाम से साधना करें। कढ़ी चावल, पेड़ा, माखन मिश्री का भोग लगाएं दही, बेसन सात्विक भोजन की श्रेणी में आते हैं। इसके साथ ही भगवान कृष्ण को दही, काफी प्रिय है। कहते हैं कि इस सात्विक भोजन से शीतलता मिलती है और यह पचाने में आसान होता है और पौष्टिक होता है।

## मोदीनगर में एमएम डिग्री कॉलेज प्रांगण में आयोजित मेले का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ. के.एन. मोदी फाउंडेशन के अंतर्गत एम.एम. डिग्री कॉलेज प्रांगण में में आयोजित मेले का भव्य शुभारंभ आज, सीएमडी के निदेशक, डॉ. रविन्द्र आर्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यगण भी उनके साथ उपस्थित रहे।

मेले के मुख्य आकर्षण विविध प्रकार के झूले, खिलोने, पारंपरिक कला एवं खानपान के स्टाल्स हैं, मेले के मुख्य आकर्षण विविध प्रकार के झूले, खिलोने, पारंपरिक कला एवं खानपान के स्टाल्स हैं, उद्घाटन में उपस्थ्सित सभी छात्रों ने झूलो का आनंद लिया और उपलब्ध खानपान की चीजों का भी आनंद लिया।

मेले के व्यवस्थापक अरमान खान जी ने बताया की मेले 15 सेम्प्टेमबर तक मोदीनगर निवा. सियों के लिए उपलब्ध रहेगा एवं मोदीनगर की जनता से भारी संख्यां में आकर मेले की शोभा बढ़ने की अपील की। मेले के सफल उद्घघाटन हेतु आयोजक समिति एवं सभी विद्यार्थियों को बधाई दी गई। पूरा परिसर उत्साह और उमंग से सराबोर रहा।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मुरादनगर, जनपद गाजियाबाद

**पत्रांक: 828/न०पा०प०मु०/25–26** **दिनांक: 18/08/2025**

**:- कोटेशन सूचना:**

नगर पालिका परिषद मुरादनगर जनपद गाजियाबाद द्वारा कराये जाने वाले विविध कार्यों हेतु दिये गये नियम व शर्तों के अनुसार दिनांक:-26.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक कोटेशन आमत्रिंत किये जाते है। कार्य निम्नवत् है।

:- कार्य का विवरण :-

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का नाम | कोटेशन/आगणन | मद |
|---|---|---|---|
| 1. | निकाय के सफाई विभाग के ट्रक्टर ट्रोली नं0-01 को रिपेयर / मरम्मत राईटिंग-पेन्टिग सहित किये जाने का कार्य। | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 2. | निकाय के सफाई विभाग के ट्रक्टर ट्रोली नं0-02 को रिपेयर/मरम्मत राईटिंग-पेन्टिग सहित किये जाने का कार्य। | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 3. | निकाय के सफाई विभाग के ट्रक्टर ट्रोली नं0-03 को रिपेयर / मरम्मत राईटिंग-पेन्टिग सहित किये जाने का कार्य। | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 4. | निकाय के सफाई विभाग के ट्रक्टर ट्रोली नं0-04 को रिपेयर / मरम्मत राईटिंग-पेन्टिग सहित किये जाने का कार्य। | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 5. | गौशाला हेतु रिक्शा बनाये जाने का कार्य। (दर प्रति नग) | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 6. | गौशाला हेतु हाथ ठेली (जी०आई० की) बनाये जाने का कार्य। (दर प्रति नग) | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 7. | निकाय कार्यालय उपयोग हेतु 72 "इंची" एल०ई०डी० स्क्रीन को आपूर्ति किये जाने का कार्य। (मय फिटिंग सहित) | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |

1- उपरोक्तानुसार कार्यों हेतु दिनांक-26.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक कोटेशन / सार्वजनिक आमंत्रित किये जाते है, जो तददिनांक को समय सायं 4.00 बजे कोटेशननदाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरीगण द्वारा खोली जायेगी। कोटेशनदाता चाहें तो कोटेशन खोलते समय उपस्थित रह सकता हैं। यदि किसी कारणवश समक्ष स्तर के अधिकारी उस दिन उपस्थित नहीं रहते हैं तो किसी अन्य कार्य दिवस में भी कोटेशन खोले जा सकते हैं।

2- इच्छुक अधिकृत ठेकेदार / इन्जीनीयरिंग, फर्म प्रस्तावित कार्य का अवलोकन कर अपनी-अपनी कोटेशन / दरें स्वंय उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

3- समय उपरान्त प्राप्त कोटशन पर विचार नही किया जायेगा तथा किसी भी कोटेशन को अमान्य किये जाने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरीगण में निहित होगा।

4- कोटेशन स्वीकृत के उपरान्त 100/-रू० नान ज्यूडिशियल स्टाम्प / ई-स्टाम्प अनुबन्ध हेतु जमा करना होगा।

5- कोटेशनदाता/फर्म का जी.एस.टी. में पंजीकरण अनिवार्य है। जी.एस.टी, के अर्न्तगत आने वाली समस्त कटौतिया ठेकेदार/फर्म के बिल से नियमानुसार सम्बन्धित शासनादेशों के अनुसार की जायेगी।

6- कोटेशन के साथ संलग्न अभिलेखों के फर्जी या गलत पाये जाने पर कोटेशन निरस्त कर दिया जायेगा तथा सम्बधिन्त फर्म/ठेकेदार को संविदा काली सूची में दर्ज कर दिया जायेगा।

7- ऐसे कोटेशनदाता जिनका अपराधिक रिकार्ड है, वह कोटेशन प्रकिया में भागीदार नही कर सकेंगें।

8- सशर्त कोटेशन किसी भी दशा में स्वीकार नही किया जायेगा।

9- कोटेशन के संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक क्षेत्राधिकारी जनपद गाजियाबाद होगा।

10- कार्य/आपूर्ति से सम्बन्धित अन्य जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद मुरादनगर से कार्य समय एवं दिवस मे प्राप्त की सकती है।

**( श्री दीपक कुमार )**
**अवर अभियन्ता जलकल**
**नगर पालिका परिषद मुरादनगर**

**( डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद मुरादनगर**

**( श्रीमती छम्मी )**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद मुरादनगर**

# हम टेरारिजर्स 111 और वीले ग्रुप से बोल रहे हैं, सभी जगह बम लगा दिए हैं

- आपके इलाके में बम, हथियार डाला या फिर सामना करो-ईमेल
- तीसरे दिन फिर पब्लिक स्कूलों को मिला टेरर ईमेल
- शाम के वक्त भी आंध्रा स्कूल को मिला ईमेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हम टेरारिजर्स 111 और वीले ग्रुप से बोल रहे हैं,हमने आपकी पूरी इमारत और हर बड़े वार्ड में बम लगा दिए हैं, पाइप बम, रासायनिक उपकरण, आईसीयू में टाइमर,ऑपरेशन थ्रेटर्स, टॉयलेट, आपात कालीन निकास द्वार और प्रशासनिक कार्यालय सब कुछ तहस-नहस करने के लिए तैयार हैं। हमने आपके सभी आईटी सिस्टम हैक कर लिए हैं, हमने कोडेक्स पोर्टल में सेंध लगाई है और हर कर्मचारी के ईडीआर को ब्लॉक कर दिया है और लीप पोर्टल में सेंध लगाई है और इसका इस्तेमाल सबकी जानकारी इक;ा करने के लिए एक हथियार के रूप में किया है। हम जानते हैं कि आप सभी कहाँ रहते हैं, जब यह इमारत फटेगी और खून के छींटे पड़ेंगे तो अगले घर हर कर्मचारी के होंगे। हमें आपका शेड्यूल, आपके सुरक्षा कोड, सब कुछ मिल गया है। टेरारिजर्स 111 और वीले माफ नहीं करते, मत भूलिए, चेतावनियाँ आपके दिमाग में तभी आएंगी जब खामोशी टूटेगी। वीरवार सुबह चार बजकर दो मिनट पर यह मैसेज दिल्ली के पचास से ज्यादा स्कूलों को मिला। ईमेल में सबसे पहला स्कूल आकाश पब्लिक स्कूल का था जबकि आखिरी न्यू कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल था। शाम के वक्त आंध्रा स्कूल प्रशासन को ईमेल मिला।

इसी तरह से पिछले दो दिन से दिल्ली के पब्लिक स्कूलों को टेरर ईमेल मिल रहे हैं। वीरवार को मिले ईमेल के बाद दिल्ली पुलिस,बम निरोध दस्तों,डॉग दस्तों,दमकल विभाग समेत अन्य सुरक्षा एजेंसियों की मदद से एक स्कूल से दूसरे स्कूल जाकर बस बम तलाशती रही। मगर उनको कुछ नहीं मिला। दिल्ली पुलिस की साइबर टीमें इन मेल को भेजने वालों के बारे में पता करने की कोशिश कर रही हैं। ज्ञात हो कि बीते बुधवार को सुबह सात बजकर 40 मिनट से सात बजकर 42 मिनट के बीच पचास स्कूलों को धमकी मिली थी। मंगवार को भी इसी तरह की दहशत भरे मेल मिले थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मेल भेजने के लिए वीपीएन का इस्तेमाल किया गया है। इसका इस्तेमाल करने से मेल भेजने के बाद आईपी एड्रेस किसी भी देश का बन जाता है। दिल्ली पुलिस की साइबर फोरेंसिक टीमें इन ईमेल्स को भेजने वाले के बारे में जानने की कोशिश कर रही है। प्रारंभिक जांच में संदेह है कि ये ईमेल विदेशी सर्वर या वीपीएन के जरिए भेजे गए हो सकते हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार इन धमकियों का मकसद शहर में दहशत फैलाना हो सकता है। दिल्ली पुलिस ने अभिभावकों और स्कूल प्रशासनों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें।

अभिभावक ने कहा, हमें स्कूल ने खतरे के बारे में सूचित किया था। हालाँकि स्कूल स्टाफ ने हमें आश्वासन दिया था कि कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है, फिर भी हम अपने बच्चों की जाँच करने के लिए दौड़े। उन्होंने आगे कहा, ऐसी घटनाएँ अक्सर हो गई हैं। कुछ माता-पिता इसे हल्के में लेने लगे हैं, तो कुछ अभी भी डरे हुए हैं कि क्या हो सकता है। हम सख्त कार्रवाई और स्थायी समाधान चाहते हैं, क्योंकि इन धमकियों से हमारे बच्चों की पढ़ाई और हमारा काम दोनों बाधित होते हैं।बम की धमकियों पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भले ही ये धमकियाँ झूठी थीं, लेकिन इससे उनकी चिंताएँ कम नहीं हुईं और उनके लिए शांत रहना मुश्किल हो गया

## कार में हुई चोरी का मामला सुलझा, दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के निहाल विहार थाने की टीम ने कार में हुई चोरी का मामला सुलझाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 1,54,400 नकद और दो चोरी के मोबाइल बरामद किया है। यह चोरी सुबह के समय हुई जब पीड़ित कार में सो रहा था।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि 14 अगस्त को निहाल विहार थाने एक शिकायत प्राप्त हुई जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि सुबह के समय, जब वह 50 फुटा रोड, निहाल विहार में खड़ी अपनी कार में सो रहा था, तभी कुछ अज्ञात बदमाशों ने उसकी गाड़ी से दो लाख साठ हजार रुपए की नकदी और दो मोबाइल फोन चुरा लिए।

इसके बाद निहाल विहार थाने में ई-एफआईआर दर्ज कर एसीपी पश्चिम विहार पाटिल स्वागत राजकुमार की देखरेख में टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरा टीम ने घटनास्थल से जुड़े विभिन्न रास्तों के सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से दो संदिग्ध तारा चंद उर्फ मिठू (32) और दीपक शर्मा (31) की पहचान की।

## नरेला में स्वच्छता दौड़ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के नरेला क्षेत्र में आज दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान के अंतर्गत स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया। नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए नरेला के सीपीजे कॉलेज से लेकर सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल एवं वापसी में सीपीजे कॉलेज तक दौड़ का आयोजन किया गया।

दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप महापौर जय भगवान यादव,स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा,स्थायी समिति के उपाध्यक्ष सुंदर सिंह, मनोनीत पार्षद विनोद सहरावत, स्थायी समिति की सदस्या अंजू अमन डबास,नरेला क्षेत्र की अध्यक्षा बबीता डबास,नरेला क्षेत्र की उपाध्यक्षा जनता देवी, बाकनेर वार्ड से पार्षद दिनेश भारद्वाज,मनोनीत पार्षद लक्ष्मण आर्य, नरेला क्षेत्र के उपायुक्त श्री राकेश कुमार सहित निगम के अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वच्छता दौड़ में निगम कर्मचारियों, विभिन्न विद्यालय के छात्रों,नागरिकों एवं अर्ध सैनिक बलों के जवानों सहित लगभग 5000 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। रविंद्र इंद्राज सिंह कैबिनेट मंत्री दिल्ली सरकार ने इस अवसर पर निगम शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक की सराहना की। उन्होंने कहा कि भागीदारी से हम कूड़े की समस्या से निजात पा सकते हैं। इसी संदर्भ में एक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि कल बवाना जे.जे. कॉलोनी में एक बदहाल पार्क का मात्र एक घंटे के श्रमदान में कायाकल्प कर दिया गया।




**निगम के नरेला क्षेत्र में दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान के अंतर्गत स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें उप महापौर जय भगवान यादव,स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा मौजूद थीं।**

## हंगामे की भेंट चढ़ी एमसीडी सदन की कार्रवाई

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 11 हजार करोड़ रुपये आवंटित करने पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में सदन की बैठक गुरुवार को शुरू होते ही हंगामे की भेंट चढ़ गई। आप पार्षदों ने पंकज लूथरा द्वारा निगम उपायुक्त पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोपों पर हंगामा किया जिससे सदन की कार्यवाही बाधित हो गई। आप पार्षद उपायुक्त के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे।हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। नेता सदन प्रवेश वाही ने बैठक की शुरुआत में यूईआर-2 परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 11 हजार करोड़ रुपये आवंटित करने पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया।

इसके बाद पार्षद अनिल त्यागी को बोलने का मौका दिया गया, लेकिन विपक्ष ने तुरंत हंगामा शुरू कर दिया। एक दिन पहले पार्षद पंकज लूथरा द्वारा निगम उपायुक्त पर लगाए गए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों ने जोरदार विरोध जताया । वे हंगामा करते हुए सदन की कार्यवाही को रोकने पर आमादा हो गए थे। ऐसे में स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इस बीच आप पार्षद उपायुक्त के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जोरदार नारेबाजी करने लगे।

## आप ने किया उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रेड्डी के नाम का समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को लेकर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पार्टी ने उपराष्ट्रपति पद के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी की उम्मीदवारी का समर्थन किया है। हमने चुनावी रणनीति पर चर्चा की। हम बी सुदर्शन रेड्डी की जीत सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश करेंगे।

केजरीवाल ने आगे कहा कि जस्टिस रेड्डी का करियर प्रभावशाली रहा है। अगर उनके जैसा व्यक्ति देश का उपराष्ट्रपति बनता है तो उपराष्ट्रपति पद का सम्मान बढ़ेगा। मैं सभी से उनका समर्थन करने का आग्रह करता हूं। देश में होने जा रहे उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए पक्ष की ओर से राधाकृष्णन और विपक्ष की ओर से बी सुदर्शन रेड्डी चुनावी मैदान में हैं। विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। समर्थन के लिए रेड्डी ने केजरीवाल से मुलाकात की और पार्टी का समर्थन मांगा। रेड्डी ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है।

## पैसे व बच्चे के लालच में किया तीन वर्षीय बच्चे का अपहरण, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के आनंद पर्वत थाने के स्टाफ ने राजस्थान से अपहृत तीन महीने के बच्चे को सकुशल बरामद कर अपहरणकर्ता को खेतड़ी, राजस्थान से गिरफ्तार किया है। उसने पैसे और बच्चे के लालच में आकर बच्चे का अपहरण किया था।

दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वलसन ने बताया कि 19 अगस्त को आनंद पर्वत पुलिस थाने में आनंद पर्वत से एक तीन महीने के बच्चे के अपहरण की सूचना मिली थी। शिकायतकर्ता (बच्चे की माँ) ने बताया कि वह चेन्नई की रहने वाली है और अपने तीन महीने के बच्चे के साथ ट्रेन से अपने रिश्तेदार से मिलने आनंद पर्वत आ रही थी। यात्रा के दौरान, आरोपी जितेंद्र कुमार (32) उससे ट्रेन में मिला। आरोपी ने उससे लगभग दो घंटे तक बात की और उसका विश्वास जीत लिया। उन्होंने एक-दूसरे के फोन नंबर भी साझा किए। इसके बाद आरोपी उसके साथ उसके रिश्तेदार के घर गया, जहाँ उसने बच्चे का अपहरण कर लिया और भाग गया।शिकायतकर्ता के बयान पर आनंद पर्वत पुलिस थाने के तहत मामला दर्ज कर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त प्रशांत चौधरी की देखरेख में एसीपी पटेल नगर सुनील गुप्ता सर्व एसएचओ आनंद पर्वत सुभाष चंद्र के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और आरोपी व्यक्ति को 3 महीने के बच्चे के साथ भागते हुए देखा गया। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने आरोपी का उसके पैतृक स्थान खेतड़ी, राजस्थान तक पीछा किया, जहाँ उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान अपहृत बच्चे को आरोपी से सुरक्षित बरामद कर लिया गया।पुलिस पूछताछ के दौरान,आरोपी ने बताया कि उसके एक रिश्तेदार ने उससे एक लड़के को गोद लेने में मदद करने के लिए कहा था, क्योंकि उनके परिवार में कोई लड़का नहीं था, और उसे आर्थिक मदद का आश्वासन दिया था। लालच में आकर आरोपी ने यह अपराध किया।

## 156 करोड़ के ओजेम्पिक घोटाले में विक्की रमांचा को अंतरिम राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने 156 करोड़ रुपये (18.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर) के अंतरराष्ट्रीय ओजेम्पिक घोटाले के मुख्य आरोपित कारोबारी विक्की रमांचा को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दे दी है।


### डिफेंस भर्ती विशेष रेलगाड़ियाँ

**मुजफ्फरनगर** में आयोजित होने वाली डिफेंस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ी सेवाएं संचालित की जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

**04401/04402 गाजियाबाद-सहारनपुर-गाजियाबाद अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04401 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04402 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:40 | गाजियाबाद | 15:30 | -- |
| 09:45 | 09:46 | नया गाजियाबाद | 14:50 | 14:51 |
| 09:56 | 09:57 | मुरादनगर | 14:33 | 14:34 |
| 10:03 | 10:04 | मोदीनगर | 14:24 | 14:25 |
| 10:21 | 10:23 | मेरठ नगर | 14:08 | 14:09 |
| 10:27 | 10:28 | मेरठ छावनी | 13:58 | 13:59 |
| 10:42 | 10:43 | दौराला | 13:49 | 13:50 |
| 10:50 | 10:51 | खतौली | 13:38 | 13:39 |
| 10:59 | 11:00 | जड़ौदा नारा | 13:27 | 13:28 |
| 11:06 | 11:08 | मुजफ्फरनगर | 13:18 | 13:20 |
| 11:13 | 11:14 | बामनहेरी | 13:11 | 13:12 |
| 11:27 | 11:28 | देवबन्द | 13:00 | 13:01 |
| 11:42 | 11:43 | नागल | 12:55 | 12:56 |
| 11:55 | 11:56 | टपरी जं. | 12:50 | 12:51 |
| 12:20 | -- | सहारनपुर | --- | 12:40 |

चलने के दिनः **04401 गाजियाबाद** से **और 04402 सहारनपुर से** दिनांक 22.08.2025 को। **स्थानः** सामान्य

**04403/04404 गाजियाबाद-सहारनपुर-गाजियाबाद अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04403 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04404 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 21:45 | गाजियाबाद | 04:15 | -- |
| 21:50 | 21:51 | नया गाजियाबाद | 04:00 | 04:01 |
| 22:01 | 22:02 | मुरादनगर | 03:37 | 03:38 |
| 22:10 | 22:11 | मोदीनगर | 03:28 | 03:29 |
| 22:28 | 22:30 | मेरठ नगर | 03:08 | 03:10 |
| 22:34 | 22:35 | मेरठ छावनी | 02:58 | 02:59 |
| 22:49 | 22:50 | दौराला | 02:52 | 02:53 |
| 23:02 | 23:03 | खतौली | 02:41 | 02:42 |
| 23:11 | 23:12 | जड़ौदा नारा | 02:32 | 02:33 |
| 23:18 | 23:21 | मुजफ्फरनगर | 02:23 | 02:25 |
| 23:26 | 23:27 | बामनहेरी | 02:17 | 02:18 |
| 23:40 | 23:41 | देवबन्द | 02:06 | 02:07 |
| 23:55 | 23:56 | नागल | 01:55 | 01:56 |
| 00:08 | 00:09 | टपरी जं. | 01:48 | 01:50 |
| 00:50 | -- | सहारनपुर | --- | 01:35 |

चलने के दिनः **04403 गाजियाबाद** से दिनांक 22.08.2025 को **और 04404 सहारनपुर से** दिनांक 22.08.2025 एवं 23.08.2025 को।
**स्थानः** सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2553/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




**लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंहअर्बन एक्सटेंशन रोड-2- कॉरिडोर समीक्षा बैठक करते हुए।**

## प्रवेश साहिब सिंह ने की अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 कॉरिडोर समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने यूटी-स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन चल रहे महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा करना और उनकी गति को तेज करना था। चर्चा का प्रमुख केंद्र हाल ही में उद्घाटित अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 कॉरिडोर रहा, जो दिल्ली की यातायात व्यवस्था को सुचारु करने और क्षेत्रीय संपर्क को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाने जा रहा है।बैठक में प्रवेश साहिब सिंह ने आदेश दिया कि अर्बन एक्सटेंशन रोड-2-कॉरिडोर पर निगरानी कैमरे, पर्याप्त स्टाफ, पेट्रोलिंग वैन तैनात किए जाएं और एम्बुलेंस नियमित अंतराल पर मौजूद हों ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यात्रियों को विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं मिलें, लेकिन सुरक्षा और संरक्षा से कोई समझौता ना हो।

## गवाह पर जानलेवा हमला करने वाला राज्यस्तर का पहलवान पकड़ा

**नई दिल्ली।** शालीमार बाग इलाके में गवाह पर जानलेवा हमला करने वाले एक राज्यस्तर के पहलवान राहुल को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। जिसकी तलाश में दिल्ली पुलिस पिछले काफी समय से उसके संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। आरोपी पुलिस से बचने के लिये फोन का काफी कम इस्तेमाल करता था और ठिकाने जल्दी जल्दी बदलकर रह रहा था। एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर अक्षय के निर्देशन में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद दिल्ली और हरियाणा की सीमा पर स्थित आरोपी के हरियाणा के पैतृक गाँव में घेराबंदी करके जब उसको पकडने की कोशिश की। वह एक दलदली जलाशय में कूद गया। कांस्टेबल संदीप ने बहादुरी से उसके पीछे छलांग लगाई और संघर्ष के बाद, आरा.`पी को पानी में ही पकड़ लिया।


### श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड

SHRIRAM Finance | SHRIRAM City MONEY WHEN YOU NEED IT MOST

**पंजीकृत कार्यालयः** श्री टावर्स, प्लॉट नंबर 14ए, साउथ फेज इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई 600 032
**शाखा कार्यालयः** यूजीएफ-12-21, अपर ग्राउंड फ्लोर, 14 अंबा डीप बिल्डिंग कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 वेबसाइटः www.shriramfinance.in

**उधारकर्ताओं के लिए सूचना**

**उधारकर्ताः -आर जी ट्रेडर्स (इसके मालिक श्री रमेश गर्ग द्वारा प्रतिनिधित्व), श्री रमेश गर्ग, राजिंदर गर्ग, श्रीमती दर्शना देवी ऋण खाता**
**RSSDLLP2210030002 & RSSDLLP2208300013**

दिनांक 22 अप्रैल 2025 को आयोजित ई-नीलामी के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति की बिक्री के अनुसार "संपत्ति नंबर 58, पुराना नंबर 138 वर्ग गज, यानी 115.38 वर्ग मीटर, खसरा संख्या 30/8, ग्राम करावल नगर, सी-ब्लॉक गली नंबर 1 और 2, अमर विहार, मुखिया मार्केट, करावल नगर, गली नंबर 1-एच, हरिजन बस्ती, पटेल विहार, करावल नगर, इल्क्वा शहादरा, दिल्ली-110094 के नाम से जाना जाता है।

श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड द्वारा SARFAESI अधिनियम के तहत उधारकर्ताओं से देय राशि की वसूली के लिए।

उपरोक्त उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि वे भौतिक कब्जा लेने के समय सुरक्षित परिसंपत्तियों में पड़े घरेलू सामान को 7 दिनों के भीतर एकत्र कर लें, अन्यथा एसएफएल इन परिस्थितियों में चल संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

इसके अलावा उधारकर्ताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुएं लेने में असफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेच दिया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें प्राधिकृत अधिकारी- पवन प्रीत सिंह, मोबाइल नंबर 9278888814

यह सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी, चेन्नई के आदेश के अनुसार "श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड" को "श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड" के साथ समामेलित किया गया है। तत्पश्चात् "श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड" का नाम बदलकर "श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड" कर दिया गया, जो दिनांक 30.11.2022 को परिवर्तन के अनुसरण में निगमन प्रमाणपत्र के माध्यम से 30.11.2022 से प्रभावी हो गया।

**स्थानः-** दिल्ली
**दिनांकः-** 21/8/2025
**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**
**श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड।**


## जर्जर फ्लैट में बच्ची को ले जाकर दुष्कर्म, आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में एक नौ साल की बच्ची को बहला-फूसलाकर सूनसान इलाके में ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक नरेला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को बीते बुधवार देर शाम इलाके में रहने वाली एक नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म होने की पुलिस को कॉल मिली थी।

पुलिस जर्जर हालत में पड़े फ्लैट के पास पहुंची। लोगों ने इलाके में ही रहने वाले एक 35 साल के व्यक्ति को सौंपा। पुलिस ने बच्ची के परिवार को वारदात की जानकारी दी और बच्ची का मेडिकल करवाया। जिसमें मामले की पुष्टि हुई। पुलिस ने आरोपी को पॉस्को आदि धाराओं में मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया।

## सॉन्स ऑफ पैराडाइज के ग्लोबल प्रीमियर का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्राइम वीडियो, जो भारत का सबसे पसंदीदा एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म है, ने आज 29 अगस्त को फिल्म सॉन्स ऑफ पैराडाइज के प्रीमियर की घोषणा की। यह फिल्म पद्मश्री पुरस्कार विजेता राज बेगम की खास कहानी और सफर पर आधारित है। एक्सेल एंटरटेनमेंट के प्रेजेंटेशन में और एप्पल ट्री पिक्चर्स प्रोडक्शन और रेनजू फिल्म्स प्रोडक्शन के प्रोडक्शन में बनी यह कहानी संगीत, हिम्मत और कश्मीर की पहली मशहूर प्लेबैक सिंगर की मजबूत भावना को दिखाती है, जिन्होंने न सिर्फ वहां की महिलाओं को प्रेरित किया बल्कि इंडस्ट्री में एक नई दिशा भी दी।डायरेक्टर दानिश रेनजू द्वारा निर्देशित और उनके साथ निरंजन अयंगर और सुनयना काचरू द्वारा लिखित, सॉन्स ऑफ पैराडाइज में शानदार कास्ट है, जिसमें सबा आजाद और सोनी राजदान मुख्य भूमिका में नूर बेगम के रूप में दो अलग-अलग समयों में नजर आएंगी, साथ ही जैन खान दुर्रानी, शीबा चड्ढा, तारुक रैना और लिलेट दुबे भी हैं।

# खाद्यान्न की कालाबाजारी पर एडीएम की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार की रात एक बड़ी कार्रवाई में प्रशासनिक टीम ने खाद्यान्न की कालाबाजारी का पर्दाफाश किया है। भारतीय खाद्य निगम से गाजियाबाद जा रहे राशन से भरे आठ ट्रकों को पकड़ा गया, जिनमें खाद्यान्न में पानी मिलाकर वजन बढ़ाने की कोशिश की जा रही थी।

जानकारी के अनुसार जिला. धिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देश पर गठित एक टीम ने मोदीनगर रोड पर एक ढाबे के पास से आठ ट्रकों को पकड़ा। ये ट्रक भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से खाद्यान्न लेकर गाजियाबाद जा रहे थे। प्रशासन को सूचना मिली थी कि इन ट्रकों से खाद्यान्न चुराया जा रहा है और उसमें पानी मिलाकर वजन बढ़ाया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि ट्रकों से खाद्यान्न की मात्रा कम करके, वजन पूरा करने के लिए उसमें पानी मिलाया जा रहा था। इस कार्रवाई के बाद, सभी ट्रकों को मंडी ले जाकर जांच शुरू कर दी गई है। अपर जिला. धिकारी संदीप कुमार ने बताया कि इस मामले की गहन जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। जो भी व्यक्ति या समूह इस मामले में दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें मुकदमा दर्ज करना भी शामिल है। यह कार्रवाई खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



# विकास कार्यो को लेकर मुख्यमंत्री से मिले जिलाध्यक्ष नरेश तोमर व पालिकाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर पालिका परिषद पिलखुवा के अध्यक्ष विभु बंसल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर नगर के विकास से जुड़े अहम मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि मोहल्ला छिद्दपुरी और छिपीवाड़ा में रेलवे द्वारा बंद किए गए नालों का पुनर्निर्माण व जलनिकासी व्यवस्था कराना अत्यंत जरूरी है।

पालिकाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि प्रदेश सरकार की योजनाएं अंत्येष्टि स्टाल विकास, ड्रेनेज निकासी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना, सड़क निर्माण, अमृत सरोवर योजना को पिलखुवा में प्राथमिकता से लागू कराया जाए। साथ ही भगत आवंटन और स्लेज फॉर्म कॉलोनी की सड़कों से स्थायी अवैध अतिक्रमण हटाने की भी मांग की। इस मौके पर धौलाना ब्लॉक प्रमुख निशांत शिशोदिया ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर धौलाना को नगर पंचायत का दर्जा देने व संपूर्ण जिले में विकास कार्यों को तेजी से कराने की मांग उठाई। पालिकाध्यक्ष विभु बंसल ने कहा नगर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है, इसके लिए हम प्रदेश सरकार से लगातार संवाद कर रहे हैं। ब्लॉक प्रमुख निशांत शिशोदिया ने कहा धौलाना को नगर पंचायत का दर्जा मिलते ही क्षेत्र के विकास की नई राह खुलेगी और जनहित की योजनाओं को और गति मिलेगी।



# बाबा साहेब व अखिलेश यादव की होर्डिंग कूड़ेदान मे मिलने से कार्यकर्ताओं में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के अंबेडकर तिराहे पर कूड़ेदान के ऊपर समाजवादी पार्टी का एक बड़ा होर्डिंग पड़ा हुआ मिला, जिस पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तस्वीरें लगी थीं। इस पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया और राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई।

वीडियो वायरल होते ही समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और तुरंत होर्डिंग को वहां से सुरक्षित हटवाकर अपने साथ ले गए। इस दौरान भारी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे और इस घटना पर नाराज़गी जताई। सपा जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि जैसे ही वीडियो सामने आया, उन्होंने खुद संज्ञान लेते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं संग मौके पर पहुंचकर होर्डिंग को सुरक्षित किया। वहीं सपा जिला प्रवक्ता अनिल आजाद ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह एक साजिश के तहत किया गया कार्य है। जिस कंपनी ने यह होर्डिंग छापा और लगवाया है, वही इसके लिए जिम्मेदार है। उनके खिलाफ तुरंत मुकदमा दर्ज होना चाहिए। अनिल आजाद ने आगे कहा कि जिन नेताओं के फोटो इस होर्डिंग में लगे हैं, उन्हें भी चेतावनी दी जाती है कि वे अपने आचरण और कार्यशैली में सुधार करें, वरना उनके खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग इसे लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएँ दे रहे हैं।



# डीएम ने की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीएम अभिषेक पांडे ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक और 50 लाख से कम लागत वाली सभी निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डीएम ने अधिकारियों को चल रहे सभी निर्माण कार्यों को समय सीमा के भीतर पूरा करने का आदेश दिया। 50 लाख से अधिक की परियोजनाओ में धौलाना में राजकीय महिला महाविद्यालय और गौ संरक्षण केंद्र, गढ़मुक्तेश्वर में बृजघाट का निर्माण और आईटीआई औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शामिल हैं। डीएम ने आईटीआई को जल्द से जल्द पूरा कर संबंधित विभाग को सौंपने का निर्देश दिया। 50 लाख से कम की परियोजनाओ में गढ़मुक्तेश्वर में बाल विकास परियोजना कार्यालय और प्रोजेक्ट अलंकार के तहत राजकीय इंटर कॉलेज शामिल हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे कार्यदायी संस्थाओं के बेहतर तालमेल बनाकर काम करें और किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत दें। उन्होंने गुणवत्ता से कोई समझौता न करने की चेतावनी भी दी। बैठक के अंत में डीएम ने सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर खराब रैंकिंग वाले विभागों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने विभागों को जिनकी रैंक सी, डी या ई श्रेणी में है, तुरंत सुधार करने का निर्देश दिया।



# दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गांव अनवरपुर में, मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्रामीण स्वरोजगार योजना के तहत 21 और 22 अगस्त 2025 को दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्योगों के बारे में जानकारी देना और उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना था।

ग्राम प्रधान नरेश चन्द्र और राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र, मेरठ मंडल के प्रधानाचार्य रमेश चन्द ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सेवानिवृत्त खाद्य प्रसंस्करण अधिकारी सुरेश शर्मा ने अचार, सॉस, मुरब्बा, जैम, जैली और मसाले बनाने की विधि सिखाई। मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्रामीण स्वरोजगार योजना के तहत उद्योग स्थापित करने पर 50प्रतिशत अधि. कतम 1 लाख तक का अनुदान दिया जाएगा। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना के तहत 35प्रतिशत अधिकतम 10 लाख तक का अनुदान उपलब्ध है। कैनरा बैंक के प्रबंधक रोशनलाल ने लाभार्थियों को ऋण और प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 लाभार्थियों ने भाग लिया। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।




# हापुड़ नगर पालिका की सफाई को लेकर लापरवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 20 के हालात इन दिनों बेहद खराब हैं। पूरे क्षेत्र में जगह-जगह कूड़े के ढेर और गंदगी का अंबार लगा हुआ है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। कई बार शिकायत करने के बावजूद सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी हुई है।

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी सिर्फ कागज़ों में सफाई अभियान चलाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। लोगों का कहना है कि मोहल्ले की गलियों में फैली गंदगी से बदबू इतनी फैलती है कि घर से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। सबसे बड़ी चिंता का विषय तो यह है कि सुबह जब छोटे-छोटे बच्चे स्कूल के लिए निकलते हैं, तो उन्हें इसी गंदगी के बीच से होकर जाना पड़ता है। इससे न केवल उनका स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है बल्कि डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नगर पालिका की इस लापरवाही के चलते उन्हें नरकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। लोगों ने जिला प्रशासन से भी हस्तक्षेप करने और नगर पालि. का अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## एक नजर

### ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत विद्युत अधिनियम में फरार वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत एक वारन्टी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा न्यायालय से विद्युत अधिनियम के मामले में फरार चल रहे वारंटी हरिओम पुत्र नरेश निवासी गाँव हाजीपुर थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किया गया वारंटी विद्युत अधिनियम के मामले में न्यायालय से गैरहाजिर चल रहा था। जिसके खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी किए थे। न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि किशोरी के परिजनों द्वारा आरोपी के खिलाफ किशोरी को बहला-ुसलाकर भगा ले जाने के मामले में थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। सम्बंधित मामले में मुक. दमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। गुरुवार को पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी विनीत पुत्र विनोद निवासी मौहल्ला आदर्शनगर थाना हापुड नगर जनपद हापुड़ को मोदीनगर फ्लाई ओवर के नीचे से गिरफ्तार किया गया है। एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव बड़ौदा हिन्दवान में गुरुवार दोपहर एक 24 वर्षीय नवविवाहिता अंजलि की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अंजलि की शादी सात महीने पहले ही नवीन से हुई थी। अंजलि की मौत की सूचना मिलने पर उसके परिजन मौके पर पहुंचे और ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

अंजलि के पिता संतबीर का कहना है कि शादी के बाद से ही नवीन और उसके परिवार वाले अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर अंजलि को लगातार परेशान कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि गुरुवार सुबह अंजलि और नवीन के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद अंजलि की मौत हो गई। पिलखुवा पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि फिलहाल मृतका के परिजनों ने कोई लिखित शिकायत नहीं दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और लिखित शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**न्यायालय अपर जिलाधिकारी**
**( वि./रा. )/ 2025 हापुड़।**

पत्र सं.- 728/ रीडर- अ.जि.( वि./रा. )/ 2025 दिनांक 13.08.2025

वाद संख्या-डी.-202211730001119 अन्तर्गत धारा- 30 उ.प्र.राजस्व संहिता 2006 विजय त्यागी व अन्य बनाम सुनीत कुमार व अन्य ग्राम- बनखण्डा, परगना व तहसील व जिला हापुड़।, 1- विजय त्यागी पुत्र श्री चम्पत त्यागी 2- सौरभ त्यागी पुत्र श्री चम्पत त्यागी निवासीगण ग्राग बनखण्डा, परगना व तहसील व जिला हापुड़। ....वादीगण, बनाम ललिता पुत्री गजेन्द्र पत्नी अजय कश्यप निवासी ग्राम बनखण्डा, हापुड, हाल निवासी ए-2, सै.-49, बरोला नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर। .......विपक्षनी

चूंकि ऊपरी नामांकित वादीगण विजय त्यागी आदि ने आपके विरूद्ध इस न्यायालय में उक्त वाद अन्तर्गत धारा-30 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 वास्ते शिजरा दूरुस्ती दायर किया हुआ है। अत एव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है आप उक्त वाद के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये 2025 के 08 माह के 26 दिवस को बवक्त 10:00 बजे पूर्वाहन स्वयं या सम्यक् रूपेण अनर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त वाद एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

**आदेशित:**
**न्यायालय अपर जिलाधिकारी**
**( वि./रा. ), हापुड़।**

# घर में चोरी करने के मामले में न्यायलय ने दोषी को सुनाई सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा घर में चोरी करने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2015 में आरोपी गुफरान द्वारा घर में चोरी करने के सम्बन्ध में आरोपी के खिलाफ थाना गढ़मुक्तेश्वर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में गुरुवार को न्यायालय द्वारा गुफरान पुत्र इरफान निवासी यासीन गढ़ी थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद को साक्ष्यों और गवाहो के आधार पर दोषी मानते हुए जुर्म इकबाल के आधार पर 5 वर्ष 6 माह 21 दिन की सजा एवं 2,000 रुपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।




# भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत में उठा किसानों की समस्याओं का मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला मुख्य कैम्प कार्यालय पर गुरुवार को मासिक पंचायत का आयोजन किया गया है। मासिक पँचायत की अध्यक्षता चौधरी रामबीर सिंह ने की। वहीं संचालन पंडित विनोद शर्मा द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने कहा कि किसानों का बकाया गन्ना भुगतान नही किया जा रहा है जबकि किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहा है।

किसानों का बकाया गन्ना भुगतान जल्द से जल्द कराया जाए। इसके साथ ही किसानों की फर्द में भी नामों की त्रुटियां चल रही जिसको जल्द ही ठीक कराया जाए वरना भाकियू टिकैत आंदोलन करने की रणनीति बनाने को मजबूर होगी। वहीं ग्रामीण अंचल में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है जिसका किसान विरोध कर रहे है अगर किसी भी किसान के घर जबरन स्मार्ट मीटर लगाया गया तो भाकियू टिकैत आन्दोल करने पर मजबूर हो जाएगी। जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा है कि किसानों की फसल को आवारा गौवंशो से भारी नुकसान हो रहा जिनको जल्द से जल्द गौशालाओं में सुरक्षित किया जाए। इस मौके पर जिला प्रवक्ता कुंवर खुशनूद, हाजी नासिर, माजिद चौधरी कैप्टन राजेश चौधरी, हरेंद्र सिंह बाना, अरुण कुमार, जसवंत सिंह, चौधरी जन्म सिंह, सुंदर सिंह गुर्जर, नेहा त्यागी, कल्पना, पूनम शर्मा, सरिता, ममता शर्मा, सुदेश पाल, मुनव्वर अली, सद्दाम तोमर, रेहान, ऊपजाल, अंकित त्यागी, डा. नवीन त्यागी, कुलदीप त्यागी, मोहिनी शर्मा, रोशनी सैफी समेत जनपद, तहसील, ब्लॉक ग्राम स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।



# वैश्य महिला सेवा समिति ने 40 टीबी मरीजों को लिया गोद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** वैश्य महिला सेवा समिति रजि. ने एक सराहनीय पहल करते हुए 40 टीबी मरीजों को गोद लिया है। यह कदम भारत सरकार के प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियानश का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य टीबी रोगियों को अतिरिक्त पोषण और सहायता प्रदान करना है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गढ़ रोड पर आयोजित एक कार्यक्रम में समिति ने सभी 40 मरीजों को प्रोटीन युक्त पोषाहार वित. रित किया। इस पोषाहार में चना, गुड़, तिल, गजक, दलिया, सोयाबीन और प्रोटीन पाउडर जैसी चीजें शामिल थीं। औस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि टीबी की बीमारी से व्यक्ति कमजोर हो जाता है और दवाइयों के साथ-साथ प्रोटीन युक्त भोजन से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे मरीज जल्दी ठीक हो जाते हैं। डा. त्यागी ने यह भी जानक. ारी दी कि टीबी की जांच और इलाज की सभी सुविधाएं सरकार द्वारा मुफ्त दी जाती हैं। इसके अलावा, शनिक्षय पोषण योजनाश के तहत इलाज करा रहे मरीजों को हर महीने 1000 की सहायता भी दी जाती है। इस कार्यक्रम में वैश्य महिला सेवा समिति की संरक्षिका सुशीला अग्रवाल, जिला अध्यक्ष अर्चना कंसल, और अन्य प्रमुख सदस्य मौजूद थीं। स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सा अधीक्षक डा. समरेंद्र राय और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह पहल टीबी मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार लाने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।




# चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध गिरफ्तार, बाइक व तमंचे बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियारों व एक बाइक बरामद की है।

थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के बड्डा नहर पुल के पास वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने ज़ब एक संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली तो उनके कब्ज़े से दो अवैध तमंचे व दो जिन्दा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने तुरंत दोनों को हिरासत में ले लिया और उन्हें थाने ले आई। पुलिस के मुताबिक संदिग्ध युवकों की पहचान सौरभ पुत्र होशियार सिंह निवासी गांव पसौली थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर और विनीत पुत्र अशोक निवासी गांव पसौली थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्ज़े से दो अवैध तमंचे, दो जिन्दा कारतूस व एक स्पलेण्डर बाइक बरामद की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस ने 20 और 15 हजार के इनामी पकड़े

■ एक को जम्मू कश्मीर से पकड़ा और दूसरे को गाजियाबाद से किया गिरफ्तार





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत एक्शन लिया गया है। इसमें एक वांछित आरोपी को थाना सेक्टर-24 और दूसरे को थाना फेज-3 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये दोनों काफी लंबे समय से वांछित चल रहे थे।

सेक्टर 24 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित मोहम्मद अशरफ भट्ट को श्रीनगर से स्थानीय पुलिस टीम को साथ लेकर हिरासत में लिया गया। अशरफ भट् की गिरफ्तारी के लिए विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट गौतम बुधनगर द्वारा एनबी डब्ल्यू जारी किया गया था। पुलिस उपायुक्त नोएडा के आदेश पर इस पर 20 हजार का इनाम था। इसकी ट्रांजिट रिमांड को लेकर कोर्ट में पेश किया गया। इसकी उम्र करीब 70 साल है। आरोपी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर का रहने वाला है। इस पर दिल्ली क्राइम ब्रांच समेत नोएडा और गाजियाबाद में मुकदमे हैं।

**केस-2:** थाना फेस 3 पुलिस ने बीट पुलिसिंग व गोपनीय व इलेक्ट्रॉनिक सूचना के आधार पर गैंगस्टर एक्ट में वांछित 15000 रुपए का इनामी बदमाश शहजाद उर्फ मनीष पुत्र रईशुद्दीन को शाल. ीमार गार्डन गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। शहजाद विभिन्न थाना क्षेत्रों से टॉवरों से आर आरयू व अन्य चोरियां करता है। बदमाश पहले भी जेल जा चुका है। ये एक संगठित गिरोह चलाता था, जिसने चोरी जैसे जघन्य अपराध किए। अवैध संपत्ति अर्जित की है। इस पर नोएडा में पांच से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

# मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप सपा ने कलक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** समाजवादी महिला सभा की अध्यक्ष डॉक्टर शशि यादव के नेतृत्व में गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी दफ्तर में चुनाव आयुक्त के लिए ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची से यादव, मुस्लिम, मौर्य, प्रजापति और बघेल जैसी पिछड़ी जातियों के नाम हटाए गए हैं।

राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि- उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में नाम काटने को लेकर समाजवादी पार्टी ने 18 हजार शपथपत्र दिए थे।




उनका आरोप है कि भाजपा सरकार ने एक का भी जवाब नहीं दिया है।

समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष डॉक्टर शशि यादव ने मतदाता सूची की शुद्धता पर सवाल उठाए। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से दोषी अधिकारियों को दंडित करने की मांग की है।

साथ ही यह भी मांग की है कि भविष्य में किसी वैध मतदाता का नाम अवैध तरीके से न हटाया जाए।

## 25वीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-107 स्थित लोटस-300 सोसाइटी की 25वीं मंजिल पर रस्सी के सहारे पुताई कर रहा मजदूर संतुलन बिगड़ने से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान मजदूर की मौत हो गई। इस मामले में मृतक के परिजनों ने सेक्टर-39 थाने में अभी तक शिकायत नहीं दी है। इलाज के दौरान हुई मौत 18 अगस्त को दोपहर दो बजे के करीब जब वह लोटस-300 सोसाइटी की 25वीं मंजिल पर रस्सी से बने झूले के सहारे पुताई कर रहा। इसी बीच उसका संतुलन बिगड़ गया। नीचे गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने उसे इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान 20 अगस्त को उसकी मौत हो गई। मृतक का गुरुवार को रामपुर में अंतिम संस्कार किया गया।

# पांच लाख टन वेस्ट निपटारा के लिए टेंडर जारी होगा

■ आईआईटी ने टेंडर दस्तावेज को किया अप्रूव, 12 महीने में जमीन को करना है साफ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-145 अस्थाई डंप साइट को खाली कराया जाना है। ड्रोन सर्वे में सामने आया था कि अब भी करीब 3.53 लाख टन वेस्ट डंपिंग साइट पर है। रोजाना करीब 1200 टन वेस्ट और आ रहा है। ये वेस्ट सेक्टर और गांवों का है। प्राधिकरण ने बताया कि 5 लाख टन वेस्ट का निपटारा प्राधिकरण कराएगा। इसके बाद ही जमीन को रि क्लेम किया जा सकता है। इसके लिए प्राधिकरण ने एनआईटी जारी करने से पहले आईआईटी रूढ़की को इसकी जांच के लिए भेजा था। वहां से अप्रूवल आ गया है। अब टेंडर से कंपनी का चयन किया जाएगा।

वर्तमान में डंप साइट पर कूड़े का निपटारा अल्फा थर्म लिमिटेड कंपनी कर रही है। कंपनी बायोरेमीडियेशन पद्यति से कूड़े का निपटारा करती है। 30 नवंबर 2022 को कंपनी के साथ एग्रीमेंट किया गया। जून 2024 तक 5 लाख टन और वेरिएशन के बाद अतिरिक्त 5 लाख टन यानी कुल 10 लाख टन वेस्ट का निपटारा कर चुकी है। इसके बाद भी साइट पर 3.53 लाख टन वेस्ट पड़ा है। इसमें से 1.50 लाख टन वेस्ट का निपटारा अल्फा थम कंपनी कर रही है। बाकी 2.03 लाख टन और रोजाना वेस्ट का निपटारा चयनित होने वाली कंपनी करेगी।

**69 हजार वर्गमीटर जमीन रि क्लेम:** बारिश की वजह से काम धीमा हो गया था। लेकिन इसके थमते वेस्ट के निपटारे का काम तेज गति से होगा। प्राधिकरण ने बताया कि एक दिन की बारिश के बाद अगले सात दिनों तक वेस्ट गीला होने से इसके निपटारा करने में समय लगता है। जिससे वेस्ट के निपटारा होने में समय लगेगा। एक बार पूरा वेस्ट का निपटारा हो जाएगा तो जमीन को रि क्लेम किया जा सकेगा। वर्तमान में करीब 69 हजार 900 वर्गमीटर जमीन को रि क्लेम किया जा चुका है।

**12 महीने में शिफ्ट हो जाएगी साइट:** प्राधिकरण ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के अस्तौली में वेस्ट से टोरीफाइड चारकोल बनाने के लिए एनटीपीसी और बायो सीएनजी के लिए एनवायरो रिसोर्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के साथ एग्रीमेंट पहले किया जा चुका है। करीब 12 ये दोनों प्लांट शुरू हो जाएंगे। जिसके बाद नोएडा का वेस्ट का निपटारा वहां किया जाने लगेगा। इससे पहले सेक्टर-145 की अस्थाई डंपिंग साइट को क्लीन कर दिया जाएगा।

## एक नजर

### रोड और नदी के किनारे कूड़ा डालने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, एक लाख का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेक्टर ज्यू के पास सर्विस रोड पर हॉर्टिकल्चर वेस्ट डालते हुए एक ट्रैक्टर- ट्राली को पकड़ लिया। उसे जब्त करते हुए 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दूसरा जुर्माना कुलेसरा के पास हिंडन नदी के किनारे कूड़ा फेंकने पर लगाया गया। इस पर भी 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ट्रैक्टर -ट्राली के मालिक के द्वारा भुगतान किए जाने पर ही छोड़ा जाएगा। प्राधिकरण के महाप्रबंधक स्वास्थ्य आरके भारती ने कहा है कि कोई भी इधर-उधर कूड़ा डालते हुए पकड़ा गया तो उस पर तगड़ा जुर्माना लगाया जाएगा। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### बिजली विभाग से उपभोक्ताओं की मांग, कस्बे में ही बनाया जाए छोटा कार्यालय

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दनकौर कस्बे के लोग बिजली बिल जमा करने आदि समस्याओं के समाधान के लिए परेशान हैं। विभाग ने बिजली कार्यालय को कस्बे से करीब 2 किमी दूर बनाया हुआ है। कार्यालय तक जाने के लिए निजी वाहन के अलावा कोई अन्य साधन की व्यवस्था नही है। बिजली उपभोक्ताओं ने कस्बे में ही बिजली बिल जमा करने आदि समस्याओं के लिए छोटा कार्यालय बनाने की मांग की है।

कस्बे में 10 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ता हैं। बिजली आपूर्ति दनकौर सिकंदराबाद रोड पर स्थित बिजली घर से की जाती है। बिजली घर के पास ही विभाग का कार्यालय बना हुआ है, जोकि कस्बे से करीब 2 किमी दूर है। इसी कार्यालय में लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए एसडीओ समेत अन्य कर्मचारी बैठते हैं। समाजसेवी अनुज नागर ने बताया कि पहले लोगों की मांग पर विभाग ने नगर पंचायत के कार्यालय परिसर में बिजली बिल जमा करने के लिए एक काउंटर खोल दिया था लेकिन अब उसे बंद कर दिया गया है। उसके बाद से हर छोटी बड़ी समस्या के समाधान के लिए 2 किमी चलकर जाना पड़ता है। कस्बे में कोई भी बिजली से जुड़ी घटना होने पर बिजली कर्मियों को कस्बे तक आने में समय लग जाता है। इसलिए विभाग को कस्बे में ही एक कार्यालय बनाना चाहिए जिससे कि कस्बावासियों को परेशानी ना हो।

### सड़क पार कर रही महिला को ऑटो ने टक्कर मारी, हालत गंभीर

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट में एटीएस गोल चक्कर के समीप सड़क पार कर रही महिला को ऑटो ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला का दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हिंडन के डूब क्षेत्र की कॉलोनी में रामसहाय परिवार के साथ रहते हैं। रामसहाय ने पुलिस को बताया कि बीते शुक्रवार की शाम उनकी पत्नी रीना देवी हिंडन के रास्ते की तरफ जा रही थीं। एटीएस गोल चक्कर के समीप सड़क पार करते समय एक ऑटो ने रीना को टक्कर मार दी। हादसे में घायल रीना को पहले नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें दिल्ली रेफर किया गया। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में महिला का इलाज चल रहा है। इस मामले में रामसहाय ने आरोपी ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है।

### इंटरनेशनल कराटे सेमिनार में जुटेंगे 50 ब्लैक बेल्ट विजेता और 300 खिलाड़ी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-10 स्थित सर्वोत्तम इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय दूसरे इंटरनेशनल कराटे और टेक्निकल सेमिनार होगा। प्रतियोगिता के डैन ग्रेडिंग स्पर्धा में कई राज्यों के 50 से अधिक ब्लैक बेल्ट विजेता हिस्सा लेंगे। क्यू ग्रेडिंग में एनसीआर से 300 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे।

उत्तर प्रदेश शितोरियो कराटे एसोसिएशन के महासचिव विवेक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 23 और 24 अगस्त को सेमिनार होगा। इसमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली और झारखंड से लगभग 50 ब्लैक बेल्ट विजेता हिस्सा लेंगे स 24 अगस्त को कलर बेल्ट यानी का एग्जाम होगा। इसमें एनसीआर से 300 खिलाड़ी भाग लेंगे।

## विधायक ने किया सद्भावना मंडप का उद्घाटन व सड़क का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी क्षेत्र में विकास को लेकर कोई भी गांव, नगर, मोहल्ला अछूता नहीं रहेगा। सभी जगह विकास की गंगा बहाई जा रही है। लोगों की जरूरतों के मुताबिक विकास हो रहा है। यह बातें दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर ने बृहस्पतिवार को वार्ड संख्या-15 के गढ़ी गांव स्थित सद्भावना मंडप के उद्घाटन के समय कही। वह स्वर्गीय नाथू शाह जी मार्ग के निर्माण के लोकार्पण पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दादरी नगर में सद्भावना मंडप का निर्माण कार्य 2. 34 करोड़ की लागत से कराया गया है। इसमें शादी समारोह एवं अन्य आयोजन कराए जा सकेंगे। गरीब और मध्यम वर्ग के लोग फार्महाउस संचालकों की लूट से बचकर अपने आयोजन अच्छे से कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सबका विकास सबका साथ को लेकर एक समान विकास कार्य कराए जा रहे हैं। नाली, सड़क, खड़ंजे, विद्युतीकरण आदि का विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

क्षेत्र में बसाई जा रही ही नई कॉलोनियों में भी विकास कार्य कराए जाने के लिए चिन्हित किया जा रहा है। वहां विकास कार्य कर कॉलोनियों की समस्या का समाधान किया जा सके। विधानसभा क्षेत्र में खेल स्टेडियम, अस्पताल, कॉलेज, आईटीआई समेत अन्य शिक्षण संस्थाओं का भी निर्माण किया जा रहा है। क्षेत्र का नौजवान शिक्षा और खेल में रुचि रखकर क्षेत्र का नाम प्रदेश और देश में रोशन कर सके।

## डंपर ने बाइक को मारी टक्कर

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सिकंदराबाद रेलवे रोड स्थित नाले के पास डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मंडी श्यामनगर निवासी विशाल (22) और प्रियांशु (17) के रूप में हुई है। दोनों संजय प्रजा. पति के पुत्र थे। हादसे के समय दोनों भाई सिकंदराबाद की नवीन फल-सब्जी मंडी जा रहे थे। पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन समेत फरार हो गया। दोपहर में दोनों का शव घर पहुंचा और अंतिम संस्कार कर दिया गया। विशाल सब्जी का व्यवसाय करता था।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास ड्रोन और लेजर प्रतिबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर आपदा प्रबंधन और एयरफील्ड पर्यावरण प्रबंधन को लेकर आज कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बैठक की। बैठक में एयरपोर्ट एनवायर्नमेंट मैनेजमेंट कमेटी, एअरोड्रोम कमेटी एवं एयरपोर्ट इमरजेंसी प्लानिंग कमेटी के अधिकारी उपस्थित रहे।

एयरपोर्ट पर वर्तमान में क्या स्थिति है। कितना काम हो गया है। कितना बचा है। इस पर अधिकारियों ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन किया। जिलाधिकारी ने कहा- एयरपोर्ट के 20 किमी के दायरे में बिना एनओसी किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न किया जाए। उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। जलभराव रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। पक्षियों एवं आवारा जानवरों की गतिविधियों को कंट्रोल किया जाए। ताकि विमान संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए।

**ड्रोन लेजर पर प्रतिबंध:** ड्रोन एवं लेजर लाइट जैसी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। आसपास और ग्रामीण इलाकों में इससे संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जाए। AEMC, AC एवं AEPC समितियों व अन्य संबंधित एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय एवं सहयोग को और अधिक मजबूत किया जाए। आपदा प्रबंधन योजनाओं, आपातक. ालीन मेडिकल सुविधा, अग्निशमन एवं बचाव कार्य, पुलिस सुरक्षा, नागरिक सुरक्षा संगठनों की भागीदारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की।

**आपदा प्रबंधन पहली प्राथमिकता:** मेधा रूपम ने कहा- एयरपोर्ट का सुरक्षित संचालन एवं आपदा प्रबंधन ही हमारी पहली प्राथमिकता है। सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर निर्धारित समय पर प्रगति से अवगत कराते रहें। ताकि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को विश्वस्तरीय एवं सुरक्षित एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया जा सके।

# यमुना का जलस्तर बढ़ा, 15 एकड़ फसल डूबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से किसानों और गरीब परिवारों को भारी नुकसान हुआ है। गुलवाली गांव के पास यमुना का पानी खेतों में घुस गया। इससे 15 एकड़ में लगी सब्जी और धान की फसल नष्ट हो गई।



यमुना के पुश्ते के पास रहने वाले झुग्गी-झोपड़ी के परिवारों की स्थिति सबसे खराब रही। अचानक पानी बढ़ने से कई परिवार अपने घरों में फंस गए। प्रशासन से कोई मदद नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने टायरों के ट्यूबों से लोगों को बाहर निकाला।

एक दर्जन से अधिक परिवारों को पूरी रात पुश्ते पर बितानी पड़ी। प्रभावित लोगों ने प्रशासन पर लाप. रवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि प्रशासन ने न तो उन्हें सुरक्षित निकालने की व्यवस्था की और न ही भोजन का इंतजाम किया। लोगों को खुद ही हर समस्या से जूझना पड़ा।

अब यमुना का जलस्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है। लेकिन इस घटना में किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। कई परिवार बेघर हो गए हैं। यह स्थिति बाढ़ से निपटने की प्रशासनिक तैयारियों पर सवाल खड़े करती है। भविष्य में ऐसी आपदाओं से बचाव के लिए बेहतर व्यवस्था की आवश्यकता है।

## तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा मीडिया क्लब में चल रही है तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का बृहस्पतिवार को समापन किया गया,समापन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा मौजूद रहे, जिन्होंने फोटो गैलरी में लगी विभिन्न तस्वीरों का अवलोकन किया और उन्हें खींचने वाले फोटो जर्नलिस्ट की तारीफ की, गौरततलब है कि तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी में करीब 50 से भी अधिक दिल्ली एनसीआर के फोटो जर्नलिस्ट द्वारा विभिन्न मुद्दों और पहलुओं पर खींची हुई तस्वीरों का प्रदर्शन किया गया था, तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी को देखने के लिए काफी संख्या में शहरवासी नोएडा मीडिया क्लब की फोटो गैलरी में मौजूद रहे, समापन दिवस के अवसर पर डॉक्टर महेश शर्मा द्वारा फोटो प्रदर्शनी में हिस्सा लेने वाले फोटो जर्नलिस्ट को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया उन्होंने कहा की पत्रकार समाज का आईना होता है और पत्रकारों के लिए ऐसे कार्यक्रम करने के लिए मीडिया क्लब को साधुवाद, ऐसे कार्यक्रमों के जरिए पत्रकारों को प्रोत्साहन मिलता है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के तौर पर वरिष्ठ पत्रकार अमिताभ अग्निहोत्री भी मौजूद रहे ,उन्होंने कहा कि फोटो एक ऐसा माध्यम है जो हजार शब्दों से भी ज्यादा भाव अपने अंदर रखता है ,इसके लिए कई बार फोटो जर्नलिस्ट को कई कई घंटों तक मेहनत करनी पड़ती है तब जाकर एक फोटो कैमरे में कैद हो पाती है।

# साइबर अपराधों से बचाव के लिए डायट में प्रशिक्षण

■ फिशिंग, फ्रॉड और हैकिंग से सुरक्षा के गुर सिखाए, हेल्पलाइन की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेट नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर स्थित जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान में साइबर सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइबर हेल्प डेस्क थाना दनकौर के सहयोग से गुरुवार को यह कार्यक्रम हुआ। इसमें प्रशिक्षु शिक्षकों और स्टाफ को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के तरीके बताए गए।

उपनिरीक्षक अनुराग शर्मा ने साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने फिशिंग ईमेल, नकली कॉल और यूपीआई धोखाधड़ी के बारे में बताया। क्यूआर कोड से होने वाली धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग और ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड की जानकारी भी दी गई। साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने की सलाह दी गई। इसके अलावा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने का तरीका भी बताया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने यह ज्ञान विद्यालयों और समाज तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## श्रीमद् भागवत कथा के बाद राष्ट्रीय शब्दावली कवि सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शब्दावली दर्पण न्यूज एवं हनुमंत सेवा धाम के संयुक्त तत्वावधान में बरोला सेक्टर 49 नोएडा में राष्ट्रीय शब्दावली कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन विगत सप्ताह से चल रही ष्श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर उसी मंच पर किया गया। श्रीमद् भागवत कथा के बाद विशाल भंडारा, व तत्पश्चात विभिन्न क्षेत्रों से आए दर्जन भर कवियों ने धार्मिक मंच को सांस्कृतिक मंच में परिवर्तित कर दिया। दूरदराज से आए कवि व कवित्रियों में मुख्य रूप से मथुरा के जयप्रकाश रावत ने कार्यक्रम अध्यक्ष की भूमिका निभाई तो वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्य विभूति कुमार सक्सेना तथा बरेली के कवि व कार्यकारी अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा श्च्यवनश विशिष्ट अतिथि की भूमिका में विद्यमान रहे। राष्ट्रीय कवि पंचायत मंच के संस्थापक एवं भारत सरकार से सम्मानित कवि व लेखक पूर्व राजपत्रित अधिकारी पं० साहित्य कुमार चंचल श्साधकश तथा श्हनुमंत सेवा धामश के अध्यक्ष चौधरी सुंदर सिंह भाटी के इस संयुक्त आयोजन व संयोजन की शुरुआत गाजियाबाद से पधारी देश की प्रसिद्ध कवित्री पूनम माहेश्वरी के मधुर कंठ से प्रस्तुत की गई सरस्वती वंदना से हुई, जबकि कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन पंडित साहित्य कुमार चंचल श्साधकश तथा नेहा जैन श्नेहश द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। चौधरी सुंदर सिंह भाटी व उनकी समिति द्वारा उपस्थित सभी रचनाकारों का उनके सिर पर साफा / पगड़ी बांधकर तथा अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया गया।

# डीएम ने एक्स प्रोफाइल को किया इनएक्टिव

■ मुख्य चुनाव आयुक्त की है बेटी, प्रेस वार्ता के बाद से हो रही थी ट्रोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर की डीएम मेधा रूपम अपनी एक्स प्रोफाइल को ही इनएक्टिव कर दिया है। रुपम ने सोशल मीडिया साइट्स फेसबुक, एक्स और इंस्टाग्राम अकाउंट डिएक्टिवेट कर लिए हैं। मेधा रूपम ने यह फैसला एक सप्ताह से हो रही ट्रोलिंग की वजह से लिया है। सोशल मीडिया पर मेधा रुपम उस वक्त लोगों के निशाने पर आ गईं।



जब उनके पिता और भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने विपक्षी दलों द्वारा लगाए गए आरोपों पर एक प्रेस वार्ता की। ज्ञानेश कुमार की प्रेस वार्ता के बाद सोशल मीडिया पर उनकी बेटी और भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी पै मेधा रूपम के साथ-साथ दामाद एवं सहारनपुर के जिलाधिकारी मनीष बंसल को भी ट्रोल किया जाने लगा।

**दो बार मिली पोस्टिंग:** सोशल मीडिया पर लोगों ने यहां तक लिखा कि आखिर किस आधार पर मेधा रुपम को नोएडा में दो बार पोस्टिंग मिली। बता दें गौतमबुद्धनगर की जिलाधिकारी नियुक्त होने से पहले मेधा रुपम, साल 2023-2024 तक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में बतौर एसीईओ अपनी सेवाएं दे चुकीं है। 2014 बैच की आईएएस अधिकारी मेधा रूपम को उत्तर प्रदेश सरकार ने 28 जुलाई 2025 को गौतमबुद्ध नगर का जिलाधिकारी नियुक्त किया था।

**पति को भी किया ट्रोल:** वहीं उनके पति मनीष बंसल की बात करें तो इसी साल जून 25 जून को सहारनपुर का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया।

उधर, सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग से परेशान अकाउंट्स डिएक्टिवेट करने के बाद मेधा रुपम ने कहा कि अभी तक शिकायत नहीं की है। रुपम ने कहा कि लेकिन भविष्य में निश्चित तौर पर शिकायत करा के कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# अधूरे भवनों को शीघ्र नक्शे के अनुरूप पूर्ण करें संबंधित: डीएम

## डीएम ने की जिला उद्योग बंधु, जिला व्यापार बंधु व सीएम युवा उद्यमी विकास योजना की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु व जिला व्यापार बंधु तथा सीएम युवा उद्यमी विकास योजना की बैंकवार प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं और संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने यूपीएसआईडीसी क्षेत्रों से ईंट-भट्टों को हटाने की कार्ययोजना बनाने और औद्योगिक सुरक्षा व्यवस्था को मज़बूत करने के लिए गार्डों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। औद्योगिक क्षेत्रों की सड़कों पर ईंट-ट्रकों की अवैध पार्किंग रोकने के लिए डीपीआरओ को ग्राम प्रधानों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक के दौरान डीएम ने निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल और कूड़ा निस्तारण जैसी बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त हों। बड़ौत की तंग गलियों में स्थापित



लघु उद्यमियों के लिए सड़क निर्माण का ठोस प्लान अधिशासी अधिकारी से तैयार करने को कहा गया। उन्होंने निवेश आकर्षित करने, नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने और श्रमिकों के लिए कल्याणकारी सुविधाओं को भी प्राथमिकता देने पर बल दिया। डीएम ने कहा कि भवन निर्माण से जुड़े नियमों का हर हाल में पालन होना चाहिए। अधूरे भवनों को शीघ्र नक्शे के अनुरूप पूर्ण कराने और निर्माणाधीन भवनों के स्वामियों को अग्निशमन, जलापूर्ति और अन्य आवश्यक एनओसी लेकर ही कार्य आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही व्यापारिक क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थलों की उपलब्धता, सफाई व्यवस्था और बिजली-पानी की निर्बाध आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने को कहा। जिलाधिकारी ने बड़ौत, बागपत और खेकड़ा विकास प्राधिकरण को एफडीआर रिटर्न समय से जारी करने के निर्देश दिए। जल निकासी की समस्या का समाधान करने और भवन से जुड़े सभी नियमों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए। सीएम युवा उद्यमी विकास योजना की बैंकवार समीक्षा बैठक में डीएम ने बैंकों की प्रगति रिपोर्ट का गहन परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वरोजगार से जोड़ने का सबसे बड़ा अवसर है। इसलिए बैंकों को लक्ष्य पूर्ति में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए। पात्र आवेदकों को समय से ऋण उपलब्ध कराने के साथ ही उद्यम स्थापित करने के बाद उनके मार्गदर्शन, कौशल विकास और बाज़ार उपलब्ध कराने पर भी ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने सभी शाखाओं को निर्देश दिया कि युवा उद्यमियों के साथ बैंक का व्यवहार सहायक और संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बागपत जनपद का युवा ऊर्जा से भरपूर है और यदि उन्हें सही अवसर मिले तो वे न सिर्फ़ रोजगार प्राप्त करेंगे बल्कि दूसरों को भी रोज़गार देने वाले बनेंगे। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि उद्योग, व्यापार और उद्यमितादृये तीनों ही जनपद की आर्थिक प्रगति के स्तंभ हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि इन क्षेत्रों में आने वाली सभी बाधाओं को दूर कर एक ऐसा माहौल बनाया जाए जिसमें निवेश बढ़े, व्यापार फले-फूले और युवा आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, जीएमडीआईसी अर्चना तिवारी, परियोजना निदेशक राहुल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## हिंड़न नदी का जलस्तर बढ़ने से डूबी फसले, किसानों का हुआ नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** हिंड़न नदी का जलस्तर बढने से सरफाबाद गांव के जंगल की 300 बीधा फसल जलमग्न होने से किसानों को नुकसान हुआ है। किसानों ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।



बरसात के चलते हिंड़न नदी का जलस्तर भी बढ गया है जिससे सरफाबाद, गढी नवादा, गढी कलंजरी सहित गावों के जंगल में खड़ी किसानों की फसल जलमग्न हो गयी है। सरफाबाद गांव में सुरेश की 10 बीधा ज्वार अंग्रेज की 5 बीधा धान की फसल अरूण का पांच बीधा धान जितेन्द्र का 10 बीधा धान,भोपाल की 3 बीधा ज्वार,चरनी की गन्ने की फसल कर्मसिंह की गन्ने की फसल, ऋषि का 15 बीधा धान, अशोक कआ पांच बीधा गन्ना, मुन्ना की 8 बीधा धान, महेश 10 बीधा धान सहित लगभग 300 बीधा फसल जलमग्न हो गयी है। महिपाल ने बताया उसने ठेके पर जमीन लेकर बो रखी थी कर्ज लेकर उसने ठेके के पैसा दिया था, लेकिन फसले डूबने के चलते वह कर्जदार हो गया है। किसानों ने प्रशासन से डूबी फसलों के मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## एक नजर

## जागौश मार्ग की सड़क पर बरसात के चलते भरा पानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना रोड जागौश मार्ग की सड़कों पर बरसात का पानी भर जाने से सड़के जल मग्न हो गई। सड़कों पर गहरे गहरे गड्डे हो गए। गड्डे होने से वाहन लेकर जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना कई लोग गहरे गड्डे होने के कारण पानी में गिरकर चोटिल हुए है। लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों को लेकर कीचड़ से गुजरना पड़ रहा है। आसपास के खेत वालों ने सड़क किनारे खेतों के मिट्टी उठाकर अपने खेतों में जाने का पानी भी रोक दिया जिससे पूरी सड़क टूट गई। इस मार्ग से कोताना जागौश शबगा के लोगों का आवागमन अधिक रहता है। सड़क पर मिट्टी गिर जाने से किचड़ पैदा हो गया है, जिससे वहां फिसल कर इस मिट्टी में गिर जाते हैं। उन लोगों के सारे कपड़े खराब हो जाते हैं। दोनों गांव के लोगों ने एसडीएम से शिकायत करके इस समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है।

## छत पर बैठे गन्ना मिल के गार्ड को हाथ में लगी संदिग्ध परिस्थितियों में गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के चिरचिटा गांव में किनोनी गन्ना मिल के गार्ड रामवीर को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई। घटना देर रात की है जब रामवीर अपने मकान की छत पर बैठे हुए थे।

रास्ते की तरफ से चली गोली रामवीर के हाथ में जा लगी। गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घायल रामवीर को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी सोनवीर सोलंकी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। पीड़ित परिवार का कहना है कि गोली सड़क की तरफ से चली थी। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि गोली किसने और क्यों चलाई। पुलिस जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।

## भिक्षा मांगने के बहाने घर में घुसे दो लुटेरों ने किशोरी को बेहोश कर की लूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** थाना क्षेत्र के फौलादनगर गांव में एक लूट की वारदात सामने आई। दो लुटेरों ने भिक्षा मांगने के बहाने पशु व्यापारी के घर में घुसकर किशोरी को बेहोश कर लूट को अंजाम दिया।

घटना दोपहर करीब एक बजे की है। पशु व्यापारी जुल्फिकार मेरठ की पारसी में पशु पैठ पर गए थे। उनकी पत्नी रिहाना बड़ी बेटी साहिना के साथ पशुओं को चारा देने गई थी। घर पर किशोरी आइसा और उनकी दादी नसरुल्ली मौजूद थीं। पहले एक युवक भिक्षा मांगने आया और अनाज लेकर चला गया। पांच मिनट बाद दूसरा युवक आया। जब आइसा अनाज लेने अंदर गई तो वह भी घर में घुस गया। इसी दौरान पहला युवक भी वापस आ गया। दोनों ने आइसा पर हमला कर उसे बेहोश कर दिया। लुटेरों ने घर से चार लाख 80 हजार रुपए नकद और करीब 10 लाख रुपए के जेवरात लूट लिया। इनमें तीन सोने की मोहर, हंसली, तीन तबीज, दो जोड़ी सोने की बालियां और आधा किलो चांदी की पाजेब शामिल हैं। आधे



घंटे बाद जब रिहाना घर लौटीं तो आइसा को बेहोश पाया। पुलिस को सूचना दी गई। थानाध्यक्ष दोघट सूर्यदीप सिंह ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जंगल क्षेत्र में भी छानबीन कर रही है।

## योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता के साथ पहुँचाया जाए:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण तथा अन्य सोशल सेक्टर विभागों की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद स्तर पर संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता के साथ पहुँचाया जाए।



बैठक के दौरान डीएम ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही समाज कल्याण, महिला कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण और पिछड़ा वर्ग कल्याण से जुड़ी योजनाएँ लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार का आधार हैं। डीएम ने स्पष्ट किया कि योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभ के बारे में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि किसी योजना का लाभ अपात्र को दिया गया अथवा पात्र को वंचित रखा गया, तो संबंधित विभागीय अधिकारी पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने विभागों को निर्देश दिए कि योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त लक्ष्यों की नियमित समीक्षा की जाए और समयबद्ध तरीके से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही, प्रत्येक विभाग से यह अपेक्षा की गई कि वे लाभार्थियों की पहचान और सत्यापन की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र की ये योजनाएँ जनता के जीवन स्तर को सुधारने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिए सभी विभाग इनके प्रभावी क्रियान्वयन में अपनी पूरी प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी निभाएँ। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से यह भी अपेक्षा की कि वे अपनी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए न केवल कार्यालय स्तर पर कार्य करें, बल्कि सीधे जनता के बीच जाकर लाभार्थियों से संवाद भी स्थापित करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव,परियोजना निदेशक राहुल वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी अमरचंद वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्याम सुंदर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कैलाश चंद तिवारी आदि मौजूद रहे।

## बदलते मौसम के कारण बुखार के मरीजों की अस्पताल में लगी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र में मौसमी बुखार ने बरपाया कहर अस्पतालों में लगातार बढ़ रही है। मरीजों की संख्या इस बार एनसीआर क्षेत्र मे इस सीजन का फ्लू का प्रकोप लगातार तेजी से बढ़ रहा है। बच्चों के लेकर बड़ों तक के बुजुर्ग इस संक्रमण फ्लू की चपेट में आ रहे हैं। नगर की सीएचसी से लेकर प्राइवेट अस्पताल में भी रोगियों की संख्या दिन प्रतिदिन रिकॉर्ड तोड़ रही है। सीएचसी में कार्यरत वरिष्ठ फार्मासिस्ट धर्मेंद्र बैधवान व अध्यक्ष ओमवीर मलिक मरीजो को बेहतरीन तरीके से दवाई देकर मरीजों की देखभाल कर रहे हैं। वहीं सीएचसी प्रभारी विजय कुमार गर्ग ने बताया कि सीएचसी में आने वाले सभी मरीजों को उपचार के साथ सावधानी बरतने की भी हिदायत बरतने की सलाह दी जा रही है। प्रभारी विजय कुमार गर्ग ने कहा कि इस समय मौसमी बुखार चल रहा है जिसमें गले में खराश सुजन खांसी और बदन दर्द की शिकायत ज्यादा देखने को मिल रही है। संक्रमण तेजी से फैलने के कारण अस्पतालों में भीड़ लगातार बढ़ रही है।

## कल्याण साथी चैट बोट से सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं की मिलेगी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से सामाजिक क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने हेतु कल्याण साथी चैट बोट विकसित किया गया है। व्हाट्सएप नंबर 6391114568 पर व्हाट्सएप मैसेज भेजकर अथवा हेल्पलाइन 14568 पर संपर्क कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की जा सकती है जिसमें वृद्धावस्था पेंशन योजना, पारिवारिक लाभ योजना, अत्याचारों से उत्पीघड़ित अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों की सहायता, अनुसूचित जाति छात्र / छात्राओं हेतु छात्रावासों का संचालन, दशमोत्तर कक्षाओं की छात्रवृत्ति अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, पूर्वदशम कक्षाओं की छात्रवृत्ति अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग, ट्रांसजेण्डर कल्याण योजना आदि योजनाओं का विवरण शामिल है।

## बिना परमिट, एक्सपायर फिटनेस वाले स्कूल वाहनों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जनपद में बिना परमिट बिना फिटनेस एक्सपायर फिटनेस वाले स्कूल वाहनों की जांच कराई जा रही है और उन पर कार्यवाही करने के परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया है।

जनपद बागपत में संचालित विद्यालयों के परिवहन साधनों की जांच में यह तथ्य सामने आया है कि विद्यार्थियों को लाने-ले जाने हेतु संचालित विद्यालयी वाहनों में अनियमितताएं पाई गई हैं। जांच में पाया गया कि 108 वाहन बिना परमिट, 55 वाहन बिना फिटनेस तथा 29 वाहन एक्सपायर फिटनेस के साथ विद्यालयों में संचालित हो रहे हैं। इस संबंध में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने अवगत कराया कि जिन विद्यालयों में ऐसे वाहन संचालित हो रहे हैं, वहां के प्रधानाचार्य अथवा वाहन स्वामी स्वयं आगे आकर कार्यालय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, बागपत में जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे वाहन जिनकी निर्धारित आयु पूर्ण हो चुकी है या जो बिना वैध कागजातों के विद्यालयों के बाहर अथवा विद्यालय परिसर में संचालित पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी तथा पंजीकरण निरस्त करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए बिना परमिट, बिना फिटनेस अथवा एक्सपायर फिटनेस वाले वाहनों का संचालन किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है। विद्यालय प्रबंधन एवं वाहन स्वामियों से अपेक्षा की गई है कि वे इस संबंध में सहयोग करें एवं आवश्यक जानकारी तत्काल उपलब्ध कराएं।

## कनेक्शन काटने के विरोध में शिक्षकों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के जनता वैदिक इंटर कॉलेज के सभी शिक्षक प्रधानाचार्य डा.यशपाल शास्त्री के नेतृत्व विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर में पहुंचे जहां सभी शिक्षकों ने बताया कि जनता वैदिक इंटर कॉलेज का विद्युत विभाग ने आरसी जारी करते हुए कनेक्शन काट दिया है। कनेक्शन काटने के बाद छात्र-छात्राओं में भी आक्रोश पनप गया है। प्रधानाचार्य यशपाल शास्त्री ने बताया कि विद्यालय की कृषि भूमि क्षेत्र की ट्यूबवेल का कनेक्शन भी काट दिया है। कनेक्शन काटने से विद्यालय परिवार में भी आक्रोश है। शिक्षकों ने एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन देते हुए विद्युत कनेक्शन जोड़े जाने की मांग की है। शिक्षकों



का कहना है कि विद्यालय में लाइट नहीं आने के कारण बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। गर्मी के कारण छात्र-छात्राओं ने भी स्कूल में आना बंद कर दिया। उन्होंने विद्यालय का बिजली कनेक्शन तुरंत जोड़े जाने की मांग की है। शिक्षकों ने बताया कि यह दोनों कनेक्शन अलग-अलग है। इस मौके पर दीपक कुमार निशा डा. अनुज तोमर आकाश वर्मा भूपेंद्र पवार सतबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## 24 अगस्त से 1 सितंबर तक श्रीराम कथा महोत्सव व जन कल्याण यज्ञ होगा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में स्थित श्रीनर्मदेश्वर महादेव शिव मंदिर ताराचंद मार्केट दिल्ली बस स्टैंड पर सनातन धर्म प्रचारिणी महासभा के तत्वाधान में आयोजित 24 अगस्त से 1 सितंबर तक श्रीराम कथा महोत्सव एवं जन कल्याण यज्ञ के निर्विघ्न संपन्नता के लिए यज्ञ आचार्य आचार्य उमेश कौशिक के सानिध्य में यज्ञ के मुख्य यजमान पूनम तोमर अरविंद तोमर के द्वारा नांदी मुख श्रद्धा बड़े ही विधि विधान के साथ संपन्न हुआ।

## राजस्व विभाग की टीम के साथ की बकायेदारों व स्थानीय लोगों ने अभद्रता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गोना गांव में राजस्व वसूली के दौरान बड़ा विवाद सामने आया है। न्यायिक तहसीलदार वंशिका सिंह के नेतृत्व में पहुंची राजस्व विभाग की टीम के साथ बकायेदारों और स्थानीय लोगों ने अभद्रता की। घटना में राहिल और इकलाक भी शामिल थे। दोनों पर राजस्व विभाग का बकाया था। टीम जब इन्हें गाड़ी में बिठाने लगी, तो वहां भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने राजस्व विभाग की टीम के साथ धक्का-मुक्की की। स्थानीय महिलाओं और पुरुषों ने दोनों बकायेदारों को जबरन छुड़ा लिया। इस दौरान टीम के साथ जाति सूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया गया। संग्रह अमीन आदेश कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना का वीडियो सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों पर कार्रवाई की बात कह रही है। न्यायिक तहसीलदार वंशिका सिंह ने बताया कि जब वसूली के लिए टीम पहुंची तो महिलाओं और कुछ लोगों ने अभद्रता की और पकड़े गए लोगों को छुड़ा लिया। तहसीर दे दी गई है पुलिस कारवाही करेगी।

## जनपद का कोई भी पात्र छात्र-छात्रवृत्ति से वंचित ना रहे:जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी ने जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति की बैठक की। बैठक में पूर्वदशम कक्षा 9-10 एवं दशमोत्तर कक्षा 11-12 छात्रवृत्ति से के संबंध में माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि सभी विद्यालय यह सुनिश्चित करें कि छात्रवृत्ति आवेदन और दस्तावेज निर्धारित समयसीमा के भीतर ही पूरे हों, अंतिम समय तक प्रतीक्षा न करें।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद का कोई भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति से वंचित न रहे और कोई अपात्र लाभान्वित न हो। उन्होंने समाज कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश



दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन प्रधानाचार्यों की आज बैठक में उपस्थिति नहीं रही, उनके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक अलग से बैठक आयोजित कर छात्रवृत्ति से संबंधित सभी आवश्यक बिंदुओं की जानकारी उपलब्ध कराएं। अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग (SC@General) के लिए यह सीमा ढाई लाख रुपए से कम निर्धारित है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पोर्टल पर निर्धारित तिथियों के भीतर करना अनिवार्य है। प्रत्येक छात्र को सबसे पहले ओटीआर करना होगा, जिसमें दर्ज सभी जानकारी शुद्ध होनी चाहिए। साथ ही, आधार से लिंक बैंक खाता एवं NPCI मैपिंग अनिवार्य है। आवेदन की प्रक्रिया के उपरांत छात्र अपने फाइनल प्रिंटआउट को आवश्यक दस्तावेजों जैसे जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र, बैंक पासबुक की कॉपी, गत वर्ष की अंकपत्रिका आदि के साथ निर्धारित तिथि तक अपने विद्यालय में जमा करें। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी शिक्षण संस्थान मास्टर डाटा में छात्रों की संपूर्ण जानकारी भरकर समय से अपलोड करें, ताकि कोई भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। इस अक्टूबर मुकेश मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव जिला समाज कल्याण अधिकारी श्याम सुंदर इकनोरिया जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## भगवान श्रीकृष्ण की छठी के महोत्सव पर महिलाओं ने किया भजन कीर्तन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण की छठी का महोत्सव महिलाओं ने भजन कीर्तन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की। इस मौके पर विद्वान पंडित आचार्य संजय कौशिक ने विधि विधान के अनुसार भगवान श्रीकृष्णा का भोग लगाकर कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण कराया। भगवान श्रीकृष्ण का छठी पूजन किया। महिलाएंओ ने प्रभु का गुणगान करते हुए नृत्य किया। इसके बाद भगवान का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। भगवान श्रीकृष्ण को पालने में झुलाया गया। इस मौके पर बबीता कौशिक नौनु उर्फ मेघा कौशिक अनीता कौशिक गुड़िया कौशिक के अलावा मनीष कौशिक विनीत कौशिक आचार्य संजय कौशिक आकाश कौशिक आदि का कार्यक्रम में सहयोग रहा।

## बैठक के माध्यम से छात्रवृत्ति योजना का करें व्यापक प्रचार-प्रसार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रधानाचार्य और शिक्षण संस्थान अपने-अपने विद्यालयों में नोटिस बोर्ड, प्रार्थना सभा और अभिभावक बैठक के माध्यम से छात्रवृत्ति योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। अपलोड किए जाने वाले छात्रवृत्ति डेटा में किसी भी प्रकार की त्रुटि या अपूर्णता न रहे यह विद्यालय सुनिश्चित करे। छात्रवाृत्ति की पात्रता स्पष्ट करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि पूर्वदशम कक्षा 9-10 एवं दशमोत्तर कक्षा 11-12 छात्रवृत्ति हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के लिए परिवार की वार्षिक आय दो लाख रुपए से कम होनी चाहिए।

# एसडीएम के खिलाफ धरने पर बैठे लेखपाल

## सरधना तहसील में तैनात लेखपाल पर एसडीएम ने की थी निलंबन की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** तहसील में तैनात एक लेखपाल के खिलाफ की गई निलंबन की कार्यवाही के विरोध में गुरुवार को लेखपाल अनिश्चितकाल के लिए धरने पर बैठ गये। लेखपालों को कहना था कि जब तक निलंबन की कार्यवाही वापस नही ली जाती तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

एसडीएम सरधना के यहां पर क्षेत्र के गांव मुल्हैड़ा में क्रबिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जा करने की शिकायत की गई थी। मामले की जांच एसडीएम ने लेखपाल गौरव राणा को सौंपी थी। लेकिन जांच पूरी नही करने व रिपोर्ट प्रेषित न करने के विरूद्ध एसडीएम ने लेखपाल को निलंबन कर दिया था। जिसके विरोध में गुरूवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के नेतृत्व में अनिश्चितकाल के लिए धरने पर संघ के सदस्य बैठ गये। लेखपालों का कहना था कि एसडीएम द्वारा बिना नोटिस दिये कार्यवाही की गई। जिसका विरोध अनिश्चिकाल तक हड़ताल करके किया जायेगा, लेखपालों को कहना था कि कार्यवाही वापस होने तक हड़ताल जारी रहेगी। इस दौरान सरधना लेखपाल संघ अध्यक्ष ललित कुमार धलानिया, सचिव जितेन्द्र सिंह, हरवीर सिंह, रीना, सुनील कुमार, अनिल कुमार समेत अन्य लेखपाल मौजूद रहें।



### विवादों से पुराना रिश्ता माना जाता है लेखपालों का

भूमि पैमाईश के अलावा विभिन्न प्रमाण पत्र भी लेखपाल की स्वीकृती पर ही जारी होते हैं। एक तरफ पटवारी के बिना कोई काम नहीं होता दूसरी तरफ पटवारी से बुरा भी कोई नहीं। बताया जाता है कि जब चौधरी चरण सिंह उत्तर प्रदेश के प्रथम बार मुख्यमंत्री बने थे तो उन्होंने सबसे पहले लेखपालों के ही बस्ते जमा किये थे।

# भाकियू तोमर ने स्मार्ट मीटर का विरोध कर चीफ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर व क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू तोमर के पदाधिकारियों ने अपनी पांच मांगों को रखते हुए बिजली विभाग के चीफ को एक ज्ञापन सौंपा है। बिजली चीफ ने जल्द ही समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया है। गुरुवार को भाकियू तोमर मेरठ के राष्ट्रीय सलाहकार प्रतिनिधि एसपी सिंह, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष आकिल राणा, अल्पसंख्यक मोर्चा रजी खान, युवा जिलाध्यक्ष अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में अपनी पांच मांगों को लेकर मेरठ के चीफ बिजली को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। अभिषेक चौधरी ने बताया कि नगर मैं स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाएं, कर्मचारियों की मनमानी को रोका जाए, अभिषेक चौधरी के घर के बराबर में लगे खंभे को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए, उपभोक्ताओं पर 10 हजार रूपए से नीचे के कनेक्शन न काटे जाए, मौहल्ला सड़कवाला में पझाहे वाला में लगी 11 हजार की लाइन को तुरंत हटाने की मांग की है की बिजली ने तुरंत समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगे।




# बहसूमा पहुंचे डीआईजी और कप्तान

## बीते दिनों रहावती कौल मार्ग पर हुई थी दो पक्षों में गैंगवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** रहावती कौल वाले मार्ग पर स्थित पुलिया के पास मंगलवार को शिवम उर्फ गोलू सकोती व कालू रामनगर में गैंगवार में 50 राउंड हुई फायरिंग के मामले में गुरुवार को डीआईजी कलानिधि नैथानी व एसएसपी विपिन ताडा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दोनों तरफ से हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने शिवम उर्फ गोलू गैंग से पांच व कालू रामनगर गैंग से चार व कई अज्ञात बदमाशों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। बुधवार देर रात को अन्य पांच आरोपियों को दो तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कालू रामनगर वर्तमान में जेल में बंद है। वहीं शिवम उर्फ गोलू जमानत पर बाहर है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को कालूराम नगर के साथी कार से देदूपुर गांव में चाव बागड़ वाले बाबा पर चढ़ाने गए थे। वे वहा से लौट रहे थे। रास्ते में शिवम उर्फ गोलू सकोती बाइक से अपने साथियों के साथ रहावती कोल वाले मार्ग पर आमने-सामने आ गए। बस देखते ही देखते दोनों तरफ से अंधाधुंध फायरिंग होनी शुरू हो गई। करीब 1 घंटे तक दोनों तरफ से 50 राउंड फायरिंग हुई। गोलू गैंग के सदस्य बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए। कालू रामनगर गैंग के साथियों ने बाइक पर पेट्रोल छिड़क कर जला दिया। बाद में कार से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों बाइकों को कब्जे में लिया। मंगलवार को पुलिस ने अपनी नौ नामजद व कई अज्ञात बदमाशों के खिलाफ संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। बुधवार देर रात अन्य पांच आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। डीआईजी कलानिधि नैथानी व एसएसपी विपिन ताडा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मवाना, फलावदा, बहसूमा थाने की 10 टीम गठित कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। बहसूमा थाना प्रभारी भूपेंद्र कुमार को आवश्यक दिशा निर्देशित करते हुए नामजद आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। इसके अलावा मवाना थाना प्रभारी, फलावदा थाना प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि गैंगवार बदमाश उनके क्षेत्र के हैं। उनकी शीघ्र गिरफ्तारी होनी चाहिए।

## इस्लामाबाद का नाम बदलकर मातादीन वाल्मीकि रखने का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नगर निगम समाजवादी पार्टी के पूर्व पार्षद अफजाल सैफी ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के अंदर स्थानीय निकाय के विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र भारद्वाज द्वारा मेरठ के अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र इस्लामाबाद का नाम बदलकर मातादीन वाल्मीकि महान स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर रखने का जो प्रस्ताव विधान परिषद में दिया है समाजवादी पार्टी मांग करती है कि महान स्वतंत्रता सेनानी माता दिन वाल्मीकि के नाम पर किसी पाश कॉलोनी का नाम मातादीन के नाम पर रखा जाए तो बेहतर होगा पूर्व पार्षदों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नफरत की राजनीति फैलाकर दलित और मुसलमान को लड़ा रही है।

# कैंट विधायक ने श्री जागेश्वर धाम मंदिर में पूजा कर की पुष्पमाला अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को श्री कृष्ण छठी महोत्सव के शुभ अवसर पर सरस्वती लोक, दिल्ली रोड मेरठ स्थित श्री जागेश्वर धाम मंदिर में मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने परिवार के साथ उपस्थित होकर श्री लड्डू गोपाल जी की पूजा कर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया, और शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पुष्पमाला अर्पित कर भगवान शिव परिवार का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर भगवान श्री लड्डू गोपाल एवं शिव परिवार को 56 भोग लगा और मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिस में सभी सरस्वती लोक निवासी एवं मेरठ वासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सरस्वती प्रेम स्मृति ट्रस्ट के महामंत्री वरुण अग्रवाल, हर्षित गोयल मंडल महामंत्री, उमाशंकर पाल, शिवेष बंसल, सतीश बंसल, अरविंद शर्मा एडवोकेट, हरिओम शर्मा, अशोक गर्ग, विकास बंसल, अमित मित्तल, सुदेश गुप्ता, हिमांशु रस्तोगी, प्रमोद गोयल, मनजीत, मोहित बंसल, शुभा, कमल मिश्रा, संजीव गोयल, रवि सिंहल, अरुण मास्टर जी, सुभाष चंदेल, कुश मुख्य रूप से उपथित रहे।





# भूनी टोल प्लाजा पर जवान की पिटाई का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** करनावल हाईवे स्थित भूनी टोल प्लाजा पर सेना के जवान को टोलकर्मी द्वारा पीटे जाने का गुरुवार को विरोध हो गया। राष्ट्रीय लोक. दल पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल ब्रह्मपाल सिंह तोमर ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि भूनी टोल प्लाजा ही नहीं बल्कि प्रदेश के हर टोल प्लाजा पर गुंडागर्दी चरम पर है 17 अगस्त की रात एक जवान के साथ ड्यूटी पर जाते हुए जो दुर्घटना हुई है इससे देश के लोगों में गहरा रोष है। उन्होंने मांग की है कि टोल प्लाजा कंपनी पर लगाए गए 20 लाख रुपए के जुर्माने की धनराशि पीड़ित परिवार को दी जाए। सभी दोषियों की गिरफ्तारी की जाए और उन पर रासुका लगाई जाए। इसके अलावा देश की सभी टोल संग्रह एजेंसी कर्मियों के चरित्र का पुलिस सत्यापन सुनिश्चित कराया जाए। सभी टोल प्लाजा पर सुरक्षा के प्रबंध किए जाएं सुरक्षा की दृष्टि से स्टैंडिंग ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार किया जाए। जिससे टोल प्लाजा कर्मियों द्वारा टोल पर किसी भी यात्री के साथ अभद्र व्यवहार पर अंकुश लग सके। इस दौरान चंद्रवीर सिंह, उत्तम सिंह, अजय ढाका, यशपाल सिंह, रविंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



## युवती को बहला फुसलाकर ले जाने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना कंकरखेडा पुलिस द्वारा नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्रधिकारी दौराला के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कंकरखेडा के नेतृत्व में बीते सोमवार को उ.नि. रुस्तम खान मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अनुज पुत्र बलेश्वर निवासी पावली खास थाना कंकरखेडा' को सरधना फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार किया गया। अनुज थाना कंकरखेडा क्षेत्र निवासी व्यक्ति की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# सपा समर्थक मतदाताओं का नाम सूची से काटे जाने पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी की महिला सभा की जिला अध्यक्ष मृदुला यादव के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम डीएम को सौंपा गया है।

जिसमें सपा नेत्रियों का कहना था कि समाजवादी पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश की विधानसभा में मतदाता सूची से पिछड़ी जातीयों यादव, मुस्लिम मौर्य प्रजापति बघेल आदि के नाम बड़ी संख्या में काटे जाने की शिकायत की गई थी इस शिकायत पत्र में लगभग 18000 वोट काटे जाने की शिकायत थी, लेकिन जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया है जिसका वह पूरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से नाम काटने पर सवाल खड़े हो रहे हैं उन्होंने इस मामले में दोषी अधिकारियों को तत्काल दंडित करने की मांग की है। इस दौरान गीता चौधरी, मिथिलेश यादव, जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी, कार्यालय प्रभारी निरंजन सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




कमिश्नरी चौराहे पर प्रदर्शन कर विरोध जताते सपाई।

# सीसीएसयू के होमगार्ड पर अभद्रता करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सीसीएसयू में प्रोविजनल सार्टिफिकेट लेने के लिए छात्रों की गुरुवार को भीड़ लगी थी। इसी बीच गढ़रोड स्थित गांव शौलदा निवासी हरीश कुमार अपने भाई का सार्टिफिकेट लेने पहुंचे थे। आरोप है कि वहां ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड विकल पाल मावी ने हरीश को लाइन से निकालकर उसके साथ अभद्रता की। इसका विरोध करने पर जाति सूचक शब्दो का प्रयोग किया गया। इसी को लेकर छात्र नेता शान मौहम्मद ने होमगार्ड की शिकायत यूनिर्वसिटी प्रशासनिक अधिकारियों से करते हुए बर्खास्ती की मांग की है।

# श्री कृष्ण छठी महोत्सव पर भंडारे का आयोजन

## भाजपा महानगर अध्यक्ष ने पूजा अर्चना कर आरती गायन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को मेघदूत चौराहा स्थित प्राचीन बाबा शिव मस्त मंदिर में श्री कृष्ण छठी महोत्सव के अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी ने मुख्य मूर्ति शिवजी के समक्ष पूजा अर्चना कर आरती गायन किया।

इस दौरान भक्ति गणों ने भोले बाबा की जय हो, बांके बिहारी की जय हो, गणेश बप्पा की जय हो, से समूचे मंदिर परिसर को गुंजायमान किया एवं पुष्प वर्षा की। भक्ति गीतों पर महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें छठी महोत्सव में प्रसाद के तौर पर कढ़ी एवं चावल का भक्तों को वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुनील शर्मा, राजीव शर्मा, मयंक रस्तोगी, रूपा, राजू रस्तोगी, संदीप सर्राफा पूर्व बार महामंत्री अजय शर्मा, विनीत मित्तल, अजय चंद्रा, गिरीश त्यागी, गीता रसराज, बरखा गोपी, गुंजन आदि रहे।



# भारत में तेजी से बढ़ रहे हैं ओटीटी देखने वाले दर्शक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वी ने एमजॉन एमएक्स प्लेयर के साथ साझेदारी की है, जिसमें वी मुवीज एण्ड टीवी ऐप पर अपनी फ्री कंटेंट लाइब्रेरी का विस्तार किया है। यह साझेदारी वी के यूजर्स के लिए उच्च गुणवत्ता के एंटरटेनमेन्ट को और अधिक बढ़ा देगी। खास बात यह है इस फ्री कंटेंट का लुत्फ उठाने के लिए उन्हें अलग से कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा। एमजॉन एमएक्स प्लेयर भारत की अग्रणी फ्री, प्रीमियम एंटरटेनमेन्ट सर्विस है। इस साझेदारी के माध्यम से एमजॉन एमएक्स प्लेयर, वी मुवीज एण्ड टीवी पर पुरस्कार विजेता वेब सीरीज, रिएल्टी शोज, लोकप्रिय इंटरनेशनल शो और कई श्रेणियों में व्यापक मुवी लाइब्रेरी लेकर आएंगे। ओरिजिनल कंटेंट पर ध्यान केन्द्रित करते हुए एमजॉन एमएक्स प्लेयर ने भारत में कुछ सबसे बड़े शो भी लॉन्च किए हैं। इस साझेदारी के साथ वी मुवीज एण्ड टीवी ने अपनी नो-कास्ट कंटेंट लाइब्रेरी का विस्तार किया है, ताकि उपभोक्ता बिना कोई सब्सक्रिप्शन शुल्क दिए अतिरिक्त कंटेंट का लुत्फ उठा सकें, इस तरह वी के व्यापक यूजर बेस के लिए यह एंटरटेनमेन्ट सुलभ हो जाएगा।

## लिसाड़ी गेट क्षेत्र में चल रहा है अवैध खनन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में देर रात को अवैध मिट्टी खनन का खेल चल रहा है। यह खेल रात 12 बजे के बाद डंफर से किया जा रहा है। मिट्टी का अवैध खनन को रोकने के लिए लोगों ने शिकायत भी की है लेकिन यह खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अवैध खनन के इस खुले खेल में माफिया के साथ ही पुलिस और प्रशासन की सांठगांठ पूरी तरह उजागर हो रही है। देखा जा रहा है कि 12 बजे के बाद अंधेरा होते ही लिसाड़ी गेट क्षेत्र में खनन शुरू हो जाता है और पूरी रात मिट्टी से भरे डंफर सड़कों पर दौड़ते हैं। जिन लोगों ने खनन की स्वीकृति ले रखी है, वो भी मानकों के विपरीत ज्यादा खनन कर अपनी जेब भरने में लगे हैं। जहां यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खनन माफिया पर नकेल कसने की प्राथमिकता को अपने एजेंडे में शामिल किया था। लेकिन मेरठ में योगी आदित्यनाथ के आदेश फेल होते नजर आते हैं। यह खनन बढ़ता जा रहा है। बेखौफ खनन माफिया पर पुलिस कब कार्रवाई करेगी यह देखने की बात है।



# श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर धूमधाम से निकली शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** श्री वामन भगवान मंदिर सदर गंज बाजार से 66 वीं पारंपरिक श्री कृष्ण जन्मोत्सव शोभायात्रा धूमधाम से निकली गई। शोभायात्रा में 18 भव्य झांकियां, बैंड, नफीरी, ताशा और अखाड़े शामिल रहे। शोभायात्रा गंज बाजार, दाल मंडी, बैंकर्स स्ट्रीट, सदर थाना, सर्राफा बाजार, सदर चौक, बॉम्बे बाजार, तेली मोहल्ला और कबाड़ी बाजार होते हुए मंदिर पर संपन्न हुई।

लोगों ने मार्ग पर पुष्प वर्षा, शरबत वितरण कर शोभायात्रा का स्वागत किया। युवकों ने करतब दिखाए। मथुरा की सुप्रसिद्ध नफीरी राया की प्रस्तुति बांके बिहारी कजरारे मोटे तेरे नयन ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। डोले पर प्रसाद वितरण अनुप जैन, आकाश जैन और निशांत जैन ने किया। इस वर्ष प्रथम बार बाबा महाकाल का भव्य डोला भी झांकी के रूप में शामिल हुआ। श्री वामन भगवान रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकले। रथ पूजन राहुल अग्रवाल ने किया। प्रसाद सेवा राजीव कंसल की ओर से रही। शोभायात्रा में विशिष्ट अतिथि विधायक अमित अग्रवाल, पूर्व विधायक सत्य प्रकाश अग्रवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष विजेंद्र अग्रवाल ने भगवान का आशीर्वाद लिया। दीप प्रज्ज्वलन संजय जैन और अजय जैन ने किया। शोभायात्रा का संचालन सनातन धर्म युवक सभा सदर के तत्वाधान में हुआ। मुख्य संयोजक सचिन जैन, अमित गोयल, अध्यक्ष रोहित बंसल (भोलू), कोषाध्यक्ष विशाल कंसल और महामंत्री अंकित गुप्ता (मनु) ने व्यवस्था संभाली।

# 75 जिलों को मिली हाईटेक मोबाइल फॉरेंसिक वैन, सीएम ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 75 जिलों को हाई-टेक मोबाइल फॉरेंसिक वैन की सौगात दी है। वहीं लखनऊ से हरी झंडी दिखाकर इन वैनों को रवाना किया गया। इन वैनों में अत्याधुनिक उपकरण लगे हैं, जिनकी मदद से घटनास्थल पर ही फिंगरप्रिंट, डीएनए, डिजिटल साक्ष्य और अन्य वैज्ञानिक जांच की जा सकेगी।

इससे अपराध की गुत्थियां तेजी और सटीकता से सुलझेंगी। मेरठ में इस वैन की कमान फॉरेंसिक एक्सपर्ट अवनीश कुमार और उनकी टीम को सौंपी गई है। अवनीश कुमार पहले भी कई बड़े मामलों में निर्णायक भूमिका निभा चुके हैं और अब उनके अनुभव से अपराध जांच को नई दिशा मिलेगी। मोबाइल फॉरेंसिक वैन से अपराध जांच में तेजी, पारदर्शिता और विश्वसनीयता आएगी। अपराधियों के लिए अब सबूतों से बच निकलना नामुमकिन होगा। फॉरेंसिक एक्सपर्ट अवनीश कुमार ने बताया कि क्राइम कंट्रोल और सबूतों को पकड़ने में अब जल्द मदद मिलेगी और जल्द ही अपराधियों की गतिविधियों के बारे में पता लगाया जा सकता है।




# गंगनहर में डूबे युवक का नहीं लगा सुराग

**बुधवार शाम नहाते समय हुआ था हादसा, तलाश रहे हैं गोताखोर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बुधवार शाम सरधना गंगनहर में नहाते समय डूबकर लापता हुए मुल्हेड़ा निवासी नकुल का दूसरे दिन भी सुराग नहीं लग पाया। पीएसी के गौताखोर उसकी तलाश में जुटे हुए हैं। उन्होंने दिनभर नकुल को तलाश किया, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। फिलहाल उसकी तलाश जारी थी, परिजन गंग. नहर पटरी पर ही जमे हुए थे।

बता दें, कि मुल्हेड़ा निवासी नकुल पुत्र विक्रम बुधवार को अपने दोस्तों के साथ सरधना पुल पर नहर में नहाने आया था। नहाते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ा और वह नहर में डूब गया। साथ रहे दोस्तों ने शोर मचाया तो लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन बचा नहीं पाए। परिजनों ने पहले स्थानीय गौताखोरों की मदद से उसे तलाश कराया, लेकिन वह नहीं मिला। गुरुवार को पीएसी के गौताखोर नकुल की तलाश में यहां पहुंचे। उन्होंने गंगनहर में स्टीमर चलाकर दिनभर नकुल की तलाश की, लेकिन उसका सुराग नहीं लग पाया। देर शाम तक गंगनहर में नकुल की तलाश जारी थी। परिजन उसके मिलने की आस लेकर गंगनहर पटरी पर जमा थे।

# एशिया कप में भारत-पाक मैच को हरी झंडी

**● सरकार ने इजाजत दी, कहा-मल्टीनेशन टूर्नामेंट खेलने से नहीं रोकेंगे, द्विपक्षीय सीरीज आयोजित नहीं होगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 9 सितम्बर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच होगा। भारत सरकार ने गुरुवार को इसकी अनुमति दे दी है। सरकार ने कहा- मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में पाकिस्तान से खेलने पर रोक नहीं है। दोनों देशों में द्विपक्षीय सीरीज नहीं होगी। खेल मंत्रालय के अधिकारी ने एक लेटर साझा किया, यह भारत सरकार की नई स्पोर्ट्स पालिसी है, जिसे गुरुवार को ही जारी किया गया है। यह लेटर खेल मंत्रालय ने जारी किया है। इसमें मीटिंग में लिए गए फैसले की जानकारी दी गई है। लेटर में लिखा है- इंटरनेशनल और मल्टीनेशनल इवेंट्स (चाहे भारत में हों या विदेश में) में भारत इंटरनेशनल खेल संस्थाओं के नियमों और अपने खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखकर निर्णय लेगा। भारतीय टीमें और भारतीय खिलाड़ी उन इंटरनेशनल इवेंट्स में हिस्सा लेंगे, जिनमें पाकिस्तान की टीमें और खिलाड़ी भी शामिल होंगे। यह ठीक वैसा ही है, जैसे भारत में होने वाले मल्टीनेशनल इवेंट्स में पाकिस्तान की टीमें और खिलाड़ी भी भाग ले सकेंगे। 2 दिन पहले 19 अगस्त को बीसीसीआई ने एशिया कप में हिस्सा लेने के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया था। इसमें सूर्यकुमार यादव को कप्तान और शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया था। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच 3 मुक. ाबले हो सकते है। पहला मैच 14 सितम्बर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरा मैच-एशिया कप में लीग स्टेज के बाद सुपर-4 राउंड होगा। भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 राउंड में पहुंचने पर 21 सितम्बर को भारत-पाकिस्तान की




दूसरी भिड़ंत हो सकती है। तीसरा मैच- अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो 28 सितम्बर को भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप में तीसरा मुकाबला खेला जाएगा। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद क्रिकेट एशिया कप में भारत के पाकिस्तान से खेलने का विरोध हो रहा है। यहां तक कि पाकिस्तान बिहार के राजगीर में भारत की मेजबानी में हो रहे हाकी एशिया कप से हट गया है। इस संबंध में मानसून सत्र में लोकसभा में भी सवाल उठा था। पूर्व क्रिकेटर्स की भारतीय टीम ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में पाकिस्तान से खेलने से इन्कार कर दिया था। वहीं बीसीसीआई ने बताए न खेलने के 4 नुकसान, पाकिस्तान से आए आतंकियों ने भारत पर बड़ा हमला किया था। इस घटना के कुछ ही महीनों बाद भारत को पाकिस्तान से क्रिकेट सीरीज खेलनी थी। विपक्षी दलों ने सरकार को घेरना शुरू किया। वे पूछते - जो पाकिस्तान हमारा खून बहा रहा है उसके साथ हम क्रिकेट क्यों खेलना चाहते हैं? इसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय से खेल मंत्रालय को निर्देश आता है कि वे बीसीसीआई को कह दें कि भारतीय टीम पाकिस्तान के साथ मैच नहीं खेलेगी। यह वाकया 2008 का है। पाकिस्तान से आए आतंकियों ने 26 नवंबर को मुंबई में बड़ा हमला किया था। इसके बाद दिसंबर में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पाकिस्तान के साथ किसी भी द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज पर रोक लगा दी थी। अब सीधा 2025 में लौटते हैं। पाकिस्तान अब भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया है। पिछले 22 अप्रैल को वहां से आए आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोषों की धर्म पूछकर हत्या कर दी। इसके बाद मांग उठने लगी है कि भारत को अब न सिर्फ द्विपक्षीय सीरीज बल्कि एशिया कप और वर्ल्ड कप जैसे मल्टीनेशन इवेंट में भी पाकिस्तान का बायकाट करना चाहिए। 9 सितम्बर से यूएई में एशिया कप होना है। भारतीय टीम घोषित हो गई है और इस टूर्नामेंट में तीन भारत-पाकिस्तान मैच संभव हैं। पाकिस्तान से खेलने पर सरकार ने गुरुवार को कहा है कि मल्टीनेशन टूर्नामेंट में पाकिस्तान से खेलने पर रोक नहीं है। हालांकि, बीसीसीआई भी नहीं चाहता कि भारत एशिया कप में पाकिस्तान का बायकाट करे। दैनिक भास्कर ने इस मुद्दे पर बीसीसीआई के दो शीर्ष अधिकारियों से इसकी वजह पूछी। दोनों ने नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर 4 ऐसे कारण बताए जिनकी वजह से बीसीसीआई चाहता है कि एशिया कप हो और इसमें भारत-पाक मुकाबले भी खेले जाएं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत ने पुरुषों की 10 मी. एयर राइफल टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**कजाकिस्तान।** भारत के रुद्रांक्ष पाटिल, अर्जुन बाबूता और किरण जाधव ने गुरुवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 में 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। यहां आयोजित स्पर्धा में भारतीय तिकड़ी ने कुल मिलाकर 1892.5 अंक हासिल किए, जिसमें पाटिल 632-3 अंकों के साथ शीर्ष पर रहे, जिससे वह क्वालीफाइंग राउंड में भी शीर्ष पर रहे और व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई। अर्जुन बाबूता ने 631.6 अंक हासिल करते हुए प्रिलिमिनरी स्टेज में 4वों स्थान हासिल किया और पदक राउंड में भी जगह बनाई। लेकिन 628.6 अंकों के साथ दसवें स्थान पर रहे किरण आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने से चूक गए।

### ईरानी-वावसोरी फिर बने यूएस ओपन मिश्रित युगल चैंपियन

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** सारा ईरानी और एंड्रिया वावसोरी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इगा स्वियाटेक और कैस्पर रूड की जोड़ी को हराकर यूएस ओपन मिश्रित युगल का अपना खिताब बरकरार रखा। इटली की सारा ईरानी और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी ने बुधवार रात को मिश्रित युगल मुकाबले के फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की इगा व नॉर्वे के कैस्पर रूड को 6-3, 5-7, 10-6 से हराया। इससे पहले स्वियाटेक व रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त पेगुला और जैक को 3-5, 5-3, 10-8 से हराया। इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में इरानी व वाव सोरी ने डेनियल व हैरिसन को 4-2, 4-2 से पराजित किया।

# बीसीसीआई ने अगरकर का कान्ट्रैक्ट बढ़ाया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर का कान्ट्रैक्ट बढ़ा दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वे जून 2026 तक इस पद पर बने रहेंगे। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से अब तक इस मामले पर कोई बयान नहीं आया है। पूर्व तेज गेंदबाज अगरकर को जुलाई 2023 में टीम इंडिया की सिलेक्शन कमेटी का चेयरमैन बनाया गया था। अगरकर के कार्यकाल में टीम इंडिया 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप और इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इसके अलावा, टीम इंडिया 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी। जहां उसे आस्ट्रेलिया के हाथों हार मिली थी। आईपीएल 2025 से पहले कान्ट्रैक्ट रिन्यू किया गया था रिपोर्ट के मुताबिक, अगरकर का कान्ट्रैक्ट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले रिन्यू किया गया था। एक बीसीसीआई अधिकारी ने बताया, उनके कार्यकाल में भारतीय टीम ने खिताब जीते और बदलाव (टेस्ट और टी-20 में) भी देखा। बीसीसीआई ने उनका



**● बीसीसीआई की ओर से अब तक इस मामले पर काई बयान नहीं आया है, अजीत अगरकर को 2023 में टीम का सिलेक्शन कमेटी का चेयरमैन बनाया था**

कान्ट्रैक्ट जून 2026 तक बढ़ा दिया था और उन्होंने कुछ महीने पहले इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था। अगरकर करियर में 349 इंटरनेशनल विकेट ले चुके हैं। उन्होंने टेस्ट में 58, वनडे में 288 और टी-20 इंटरनेशनल में 3 विकेट लिए हैं। अजित अगरकर 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा रहे। उन्होंने टूर्नामेंट के 2 मैचों में 15 रन बनाने के साथ एक विकेट भी लिया था। साउथ अफ्रीका में हुए टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था।

अजित अगरकर वनडे में सबसे तेज हाफ सेंचुरी जमाने वाले भारतीय बैटर हैं। उन्होंने साल 2000 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 21 बाल पर अर्द्धशतक जमाया था। अगरकर ने भारत के लिए वनडे में सबसे तेज 50 विकेट पूरे किए हैं। उन्होंने 23 मुकाबलों में यह कारनामा किया था। फिलहाल, सिलेक्शन कमेटी में अगरकर, एसएस दास, सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा और एस शरत शामिल हैं, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि सितम्बर में होने वाली एनुअल जरनल बाडी मीटिंग के बाद सीनियर सिलेक्शन कमेटी में कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे। शरत सितम्बर 2021 में जूनियर सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष थे और जनवरी 2023 में सीनियर सिलेक्शन कमेटी में प्रमोट हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, बोर्ड उनकी जगह किसी नए चेहरे को नियुक्त कर सकता है।

**● आईसीसी ने रैंकिंग में हुई गलती पर सफाई दी**

# गलती की जांच हो रही: आईसीसी

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसलि (आईसीसी) ने बुधवार (20 अगस्त) को खिलाड़ियों की रैंकिंग अपडेट की, लेकिन इसमें एक बड़ा ब्लंडर कर दिया। वनडे रैंकिंग में रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाम गायब थे। पिछले हफ्ते 13 अगस्त को जारी रैंकिंग में दोनों भारतीय बल्लेबाज टॉप-5 में शामिल थे।

हालांकि, आईसीसी ने चार घंटे बाद ही गलती में सुधार किया और रैंकिंग अपडेट कर दी। अब आईसीसी ने इस मामले में सफाई दी है। काउंसिल ने विजडन से कहा, इस हफ्ते की रैंकिंग में कई दिक्कतें आई हैं, जिनकी जांच की जा रही है। हालांकि कुछ ही देर बाद टेक्निकल गड़बड़ियां ठीक कर दी गई और रैंकिंग को दोबारा

**● वनडे रैंकिंग में रोहित-कोहली के नाम शामिल नहीं थे गलती में सुधार किया**

अपडेट किया गया। इसमें इनएक्टिव खिलाड़ियों को हटा दिया गया और रोहित शर्मा, विराट कोहली को पिछले हफ्ते वाली ही पोजिशन पर बरकरार रखा गया। पहले भी हो चुकी हैं गलतियां आईसीसी की रैंकिंग में इससे पहले भी गलतियां हो चुकी हैं, जिन्हें बाद में ठीक कर लिया गया था। 3 साल पहले आईसीसी ने भारतीय टीम को गलती से टेस्ट की नंबर-1 टीम बना दिया था। फिर करीब ढाई घंटे के बाद इस गलती को ठीक किया गया था। आईसीसी रैंकिंग में 2 बड़ी गलतियां, दोनों बार भारत नंबर-1 बना इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की रैंकिंग में पहले भी गलतियां हो चुकी हैं। 2 मामलों में तो टीम इंडिया को टेस्ट की नंबर-1 टीम बता दिया गया था। बाद में गलती सुधार किया गया। पहली - भारत ढाई घंटे नंबर-1 रहा पहला मामला 18 जनवरी 2022 को हुआ था। जब आईसीसी की आफिशियल वेबसाइट पर दोपहर 1:30 बजे के करीब भारत को नंबर-1 टेस्ट टीम बताया गया। फिर ढाई घंटे बाद ही 4 बजे भारत को नंबर-1 से हटाकर नंबर-2 टेस्ट टीम कर दिया गया।

# महिला एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित

**● भारत को पूल 'बी' में रखा गया है जहां उसके मुकाबला जापान, थाईलैंड, सिंगापुर से होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को सलीमा टेटे की अगुवाई में आगामी महिला एशिया कप 2025 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की।

चीन के हांग्जो में पांच से 14 सितंबर तक होने वाला इस टूर्नामेंट की विजेता टीम 2026 के एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लेगी। भारत को पूल बी में रखा गया है, जहां उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा।

टीम अपने अभियान की शुरुआत पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी, उसके बाद छह सितंबर को जापान से भिड़ेगी। भारत अपना अंतिम पूल-स्टेज मैच आठ सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा। सलीमा टेटे की अगुवाई वाली इस टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतु. लित मिश्रण है, जिसमें गोलक. ीपर बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम पोस्ट के नीचे गहराई प्रदान करेंगी।

रक्षा पंक्ति में निक्की प्रधान और उदिता जैसी अनुभवी खिलाड़ी होंगी, जिनका साथ युवा मनीषा चौहान, ज्योति, सुमन देवी थौदम और इशिका चौधरी देंगी। मिडफील्ड में नेहा, कप्तान सलीमा टेटे, लालरेम. सियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और वैष्णवी विट्ठल फाल्के जैसे मजबूत नाम हैं, जो रचनात्मकता और स्थिरता दोनों सुनिश्चित करते हैं। फॉरवर्ड लाइन में अनुभवी और उभरते सितारे नवनीत कौर, संगीता कुमारी, मुमताज़ खान, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग और रुतजा दादासो पिसल का मिश्रण शामिल है।

# रहाणे ने मुंबई की कप्तानी छोड़ी

**● यह निश्चित रूप से हमारे लिए अच्छी खबर है क्योंकि पुजारा का अनुभव टीम के लिए एक बड़ा अनुभव होगा**

**मुंबई, वार्ता।** अजिंक्य रहाणे ने रणजी ट्रॉफी के आगामी सीजन से पहले टीम की कप्तानी छोड़ दी। वहीं अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि वह आगामी सीजन के लिए उपलब्ध हैं।

सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुजारा की उपलब्धता की पुष्टि की। एससीए के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने आगामी रणजी सीजन में खेलने के लिए अपनी तत्परता का संकेत दिया है। यह निश्चित रूप से हमारे लिए अच्छी खबर है क्योंकि उनका अनुभव टीम के लिए एक बड़ा फायदा होगा। भारत के लिए 103 टेस्ट मैच खेल चुके लाल गेंद के दिग्गज 37 वर्षीय पुजारा अब अपने गृह राज्य के लिए केवल बहु-दिवसीय मैचों में ही खेलते हैं। पुजारा ने पिछले सीजन में सात मैचों में 40-2 की औसत से 402 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्द्धशतक शामिल था, जब सौराष्ट्र को गुजरात के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

जून 2023 में द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद से वह भारतीय टेस्ट टीम से बाहर हैं। हाल ही में पश्चिम क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने युवाओं पर ध्यान केंद्रित करने का हवाला देते हुए पुजारा को दलीप ट्रॉफी से बाहर कर दिया था। एससीए के एक अधिकारी ने कहा कि सौराष्ट्र को पुजारा के अनुभव से लाभ मिलने की उम्मीद है। रणजी ट्रॉफी 15 अक्टूबर से शुरू हो रही है,



जिसमें सौराष्ट्र अपने पहले मैच में कर्नाटक से भिड़ेगा।

इस बीच, रहाणे ने एक बयान जारी कर कहा कि अब समय आ गया है कि मुंबई टीम की कमान एक युवा कप्तान के हाथों में दी जाए। उन्होंने कहा कि मुंबई टीम की कप्तानी करना और चैंपियनशिप जीतना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात रही है। नए घरेलू सीजन नए कप्तान को तैयार करने का यह सही समय है, इसलिए मैंने कप्तानी की भूमिका जारी नहीं रखने का फैसला किया है। रहाणे ने कहा कि मैं एक खिलाड़ी के तौर पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं और मुंबई क्रिकेट के साथ अपना सफर जारी रखूंगा ताकि हम और अधिक ट्रॉफियां जीत सकें। इस सीजन का बेसब्री से इंतजार है।

# इंग्लैंड की विश्वकप के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित

**● ब्रंट की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में हीथर नाइट को शामिल किया गया है**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने अगले महीने शुरू होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए नेट शिवर-ब्रंट की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में हीथर नाइट को शामिल किया है। मई में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद से ही नाइट ने क्रिकेट नहीं खेला है लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि वह विश्वकप के लिए फिट होने के लिए अच्छी तरह से रिकवरी कर रही हैं। इसके अलावा करीब सात महीने से समय से टीम से बाहर चल रही डैनी वायट-हॉज की भी विश्वकप टीम में वापसी हुई है जिससे इंग्लैंड की बल्लेबाजी को मजबूती मिलेगी। वायट-हॉज ने अंतिम बार एकदिवसीय प्रारूप में जनवरी में ऐशेज के दौरान खेला था। चयनकर्ताओं ने 30 सितंबर से दो नवंबर तक भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्वकप को ध्यान में रखते हुए इंग्लैंड की टीम में चार स्पिनर को शामिल किया है और माया बाउचियर, एलिस डेविड्सन-रिचर्ड्स और केट क्रॉस को विश्व कप दल में जगह नहीं मिल पाई है। सोफी एक्लस्टोन स्पिन आक्रमण की अगुवाई करेंगी और बाएं हाथ की स्पिनर ललसी स्मिथ, ऑफ स्पिनर चार्ली डीन और लेग स्पिनर सारा ग्लेन उनका साथ देंगी। लॉरेन बेल, लॉरेन फाइलर और एम आरलट पर तेजी गेंदबा. जी का दरमदार होगा। वनडे विश्वकप में इंग्लैंड की टीम:- एम आरलट, टैमी बोमॉन्ट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया, सोफी एक्लस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी, हीथर नाइट, एमा लैंब, नेट शिवर-ब्रंट (कप्तान), लिंसी व डैनी वायट-हॉज।

# सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में भारत चिर-प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश से भिड़ने के लिए तैयार

**● नेपाल को 7-0 से हराकर भारत की शानदार शुरूआत के बाद इस राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में अभी पांच मैच बाकी है**

**भूटान, वार्ता।** सैफ अंडर17 महिला चैंपियनशिप 2025 में नेपाल को 7-0 से हराकर भारत की शानदार शुरुआत के बाद, इस राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में अभी पांच मैच और बाकी हैं, मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन की राय में, 'पांच परफेक्ट मैच।

अगला मुकाबला बड़ा है। यंग टाइग्रेसेस का सामना 22 अगस्त को यहां चांगलिमथांग स्टेडियम में भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे बांग्लादेश से होगा। वे इस टूर्नामेंट के इतिहास की दो सबसे सफल टीमें रही हैं, जिन्होंने चार फाइनल खेले हैं और दो-दो जीते हैं।

बांग्लादेश ने पिछले साल पेनल्टी शूटआउट में भारत से सैफ अंडर16 महिला चैंपियनशिप का खिताब छीन लिया था। और चूंकि कई खिलाड़ी मौजूदा अंडर-17 टीम का हिस्सा हैं, इसलिए यह मैच यंग टाइग्रेसेस के लिए अपने चिर-परिचित प्रतिद्वंद्वियों से बदला लेने का एक सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भारत की तरह, बांग्लादेश ने भी बुधवार शाम मेजबान भूटान को 3-1 से हराकर जीत के साथ शुरुआत की।

हालांकि भारत की 7-0 की जीत आरामदायक लग सकती है, लेकिन शुरुआती 15 मिनट में ऐसा नहीं लगा, कम से कम तब, जब कुछ घबराहट भरे पल आए और गोलकीपर मुन्नी को कुछ बार एक्शन में आना पड़ा। लेकिन राजस्थान की 15 वर्षीय खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरी और सहज थी, और उसने एक योग्य क्लीन शीट हासिल की। एलेक्ज़ेंडरसन ने कहा कि 7-0 से जीतना, जाहिर है, एक बड़ी उपलब्धि है। लेकिन सच कहूं तो, मैं अपनी शुरुआत से संतुष्ट नहीं था।

# प्रेस्टविज का कहर, इंडिया ए की पारी लड़खड़ाई

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** वर्षा प्रभावित इकलौते टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ए की जॉर्जिया प्रेस्टविज (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के आगे गुरुवार को इंडिया ए की टीम पहले दिन लड़खड़ा गई। यहां एलन बॉर्डर मैदान पर ऑस्ट्रेलिया ए ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए को लगातार बारिश के कारण परेशानी का सामना करना पघ और न्यूनतम 100 ओवरों में से केवल 23-2 ओवर का ही खेल हो पाया। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने मौसम का पूरा फायदा उठाया। प्रेस्टविज ने नई गेंद से ऑस्ट्रेलिया को दूसरे ही ओवर में दोहरी सफलता दिलाई। उन्होंने दूसरे ओवर की पांचवी गेंद पर सलामी बल्लेबाज नंदिनी कश्यप (शून्य) और अगली ही गेंद पर धारा गुज्जर (शून्य) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इंडिया ए का तीसरा विकेट 10वें ओवर में तेजल हसबनिस (नौ) के रूप में गिरा। उन्हें सियाना जिंजर ने मिल्स के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद अगले ही ओवर में प्रेस्टविज ने स्टार ओपनर शेफाली वर्मा को एक बेहतरीन गेंद पर बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया की झोली में चौथा विकेट डाल दिया। शेफाली ने 38 गेंदों में 35 रन की पारी में आठ चौके लगाए। इस समय भारत का स्कोर चार विकेट पर 44 रन था। ऐसे संकट के समय तनुश्री सरकार ने राघवी बिष्ट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

# गिल के उपकप्तान बनने से संजू की जगह को खतरा

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 के लिए शुभमन गिल का बतौर उप-कप्तान टी-20 टीम में वापसी करना संजू सैमसन की प्लेइंग-इलेविन में जगह पर बड़ा खतरा साबित हो सकता है। अब जब गिल उप-कप्तान हैं तो जाहिर है प्लेइंग-इलेविन में उनका स्थान करीब-करीब तय है, गिल के लिए यह तो अच्छा मौका है लेकिन इसका असर टी-20 में भारतीय टीम के संयोजन पर भी पड़ेगा। गिल लाल गेंद में तो पहले नंबर-3 और अब नंबर-4 पर खेलते हैं लेकिन सफेद गेंद में वह एक ओपनर हैं। यानी वह अगर प्लेइंग-इलेविन में आते हैं जिसकी संभावना प्रबल है तो फिर उनके लिए अभिषेक शर्मा या सैमसन में से किसी एक को अपना स्थान देना होगा। भारत के लिए पिछले 12 टी-20 से लगातार अभिषेक और सैमसन की जोड़ी ही पारी का आगाज

**● शुभमन गिल के लिए यह तो अच्छा मौका है लेकिन इसका असर टी-20 में भारतीय टीम के संयोजन पर भी पड़ेगा**

कर रही है। अभिषेक और सैमसन की सलामी साझेदारी ने इस दौरान 22-25 की औसत से 267 रन बनाए हैं, जिसमें एक ही बार दोनों के बीच 50+ की साझेदारी हुई और इस जोड़ी ने 9-82 की रन रेट से आक्रामक शुरुआत दिलाई है। इतना ही नहीं इन 12 मैचों में 10 बार भारत के सिर जीत का सेहरा बंधा है और इनमें से तीन बार सैमसन (2) और अभिषेक (1) में से कोई प्लेयर ऑफ द मैच रहा है। अभिषेक ने इस दौरान एक तो सैमसन ने तीन शतक भी जड़े हैं। अब ऐसे आंकड़ों के बावजूद इस सलामी जोड़ी को छेड़ना या तोड़ना हैरान जरूर कर सकता है। लेकिन भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर की





सोच कुछ अलग है, उन्होंने कहा कि सैमसन पारी का आगाज तब कर रहे थे जब सीनियर खिलाड़ी नहीं खेल रहे थे। अगरकर का यह बयान इशारा कर रहा है कि गिल के आने के बाद सलामी जोड़ी में बदलाव लगभग तय है। अब सवाल ये खड़ा होता है कि गिल अगर ओपन करेंगे तो उनके सलामी साझेदार सैमसन होंगे या अभिषेक। टीम मैनेजमेंट के हाल के फैसले और सोच को समझने की कोशिश की जाए तो इसका जवाब ज्यादा मुश्किल नहीं है। एक तो ये कि टीम मैनेजमेंट अब वैसे खिलाड़ियों को तरजीह देती है जो बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी का भी विकल्प दे सकें। अभिषेक इस श्रेणी में सटीक बैठते हैं क्योंकि वह एक उपयोगी बाएं हाथ के स्पिन गें. दबाज भी हैं। दूसरा उनका मौजूदा फॉर्म और बेजोड़ स्ट्राइक रेट विपक्षी टीम को हक्का बक्का कर देता है। अभिषेक ने भारत के लिए आखिरी टी-20 में 54 गेंदों पर 135 रनों की आतिशी पारी खेली थी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 22 अगस्त 2025

# देर आयद, दुरुस्त आयद

संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन ऑनलाइन गेमिंग बिल को राज्यसभा में पास कर दिया गया। सरकार को देर से ही सही, लेकिन लोगों के पैसों को सुरक्षित रखने के लिए बिल लाना ही पड़ा, क्योंकि यह लत देश के लोगों की आर्थिक स्थिति को खराब कर रही थी, जिसकी वजह से हर चौथे घर में झगड़े होते रहते हैं। अब देखना यह है कि सरकार इस बिल को किस प्रकार अमल में लाती है और इसकी जिम्मेदारी किसको दी जाती है। अगर इस बिल का सही क्रियान्वयन हुआ, तो यह लोगों के लिए अच्छा साबित होगा और यदि किसी ऐसे अधिकारी को इसकी जिम्मेदारी दी गई, जो भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ है, तो इस बिल की आड़ में और ज्यादा भ्रष्टाचार पनपने लगेगा, इसलिए सरकार को सोच-समझकर कदम उठाना है।

सत्र की शुरुआत 21 जुलाई से हुई थी। दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर इस सत्र में बहुत कम कामकाज हुआ है। एक महीने लंबे सत्र के दौरान लोकसभा ने 12 और राज्यसभा ने 15 विधेयक पास किए, लेकिन बार-बार व्यवधान, स्थगन और बायकॉट जारी रहा। आखिरी दिन की कार्यवाही के दौरान सदन में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित किया गया था, लेकिन सिर्फ 37 घंटे ही चर्चा हो सकी। इसके साथ लोकसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इस बिल का मकसद ऑनलाइन मनी गेम्स और सट्टेबाजी पर पूरी तरह से बैन लगाना और ई-स्पोर्ट्स व सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है। हर साल करीब 45 करोड़ लोग इन ऑनलाइन मनी गेम्स के चक्कर में फंसकर 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक गंवा देते हैं। केंद्र सरकार ऑनलाइन गेमिंग से लोगों को हो रहे वित्तीय और सामाजिक नुकसान को रोकने के लिए यह बिल लाई है। इसका नाम प्रमोशन एंड रेग्युलेशन आफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 है। हर साल करीब 45 करोड़ लोग ऑनलाइन मनी गेम्स के जाल में फंसकर नुकसान उठाते हैं। इन गेम्स की लत सिर्फ पैसों का नुकसान ही नहीं, बल्कि एक सामा. जिक संकट बन चुकी है।

एक अनुमान के अनुसार इन गेम्स की वजह से आम लोगों को हर साल करीब 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। इसकी लत की वजह से सैकड़ों परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। कई तो आत्महत्या और हिंसा जैसा गंभीर कदम भी उठा लेते हैं। ऑनलाइन गेम ने देशभर में युवाओं को पूरी तरह से जकड़ लिया है। बर्बादी का ऑनलाइन खेल इन दिनों इंटरनेट पर खुलेआम चल रहा है। इसके अलावा गेम के द्वारा ऑनलाइन पैसा कमाने का धंधा भी जोरों पर है। खुलकर कहा जाए तो ऑनलाइन गेम खेलने का धन्धा कह सकते है। इंटरनेट का ज्ञान रखने वाले लड़के हो या लड़की इसी तरह से पैसा कमाने के लिए अग्रसर हो रहे है। हालंकि मिडल क्लास के पास इतने पैसे नहीं होते हैं कि वह महंगा मोबाइल फोन लैपटॉप और रिचार्ज का पैसा उपलब्ध करा सके। इसलिए अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ये गलत काम करने के लिए प्रेरित होते हैं और अंतत: आज की युवा पीढ़ी गलत रास्ते पर चलने लगती है और शॉर्टकट से पैसा कमाने के लिए इन ऑनलाइन गेम का सहारा लेती है।


## डर सबको लगता है



एक्सियम मिशन के तहत हम इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में दो हफ्ते रहे, मैं मिशन पायलट था, मैं कमांडर था मैं सिस्टम को कमांड कर रहा था, आईएसएस में दो हफ्ते के दौरान हमने कई एक्सपेरिमेंट किए। कुछ तस्वीरें लीं, इसके लिए हमने कई ट्रेनिंग ली, यह एक अलग ही अनुभव था, अगर हम कहें कि डर कभी नहीं लगता, ये कहना गलत होगा, डर सबको लगता है, लेकिन हमारे पीछे एक भरोसेमंद टीम होती है, जिसे हम अपनी जिंदगी सौंप देते हैं, ह्यूमन स्पेस मिशन को अंजाम देने का फायदा सिर्फ ट्रेनिंग तक ही सीमित नहीं है, वहां रहकर जो अतिरिक्त ज्ञान हमें मिलता है, वह अमूल्य है।

**-शुभांशु शुक्ला**
**इंडियन एस्ट्रोनाट**

# विश्वास की परीक्षा



चुनाव आयोग की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता रही है। यदि लोगों का भरोसा कम होता है, तो लोकतंत्र कमजोर पड़ सकता है।

पारदर्शिता को लेकर कोई समझौता न करते हुए चुनाव आयोग को फिर से अपने सबसे कठोर, सबसे निष्पक्ष स्वरूप में लौटना होगा। विश्वास पुन: अर्जित करने के लिए, चुनाव आयोग को हर नाम, हर बदलाव और हर मतदाता सूची संशोधन के पीछे के कारणों को सार्वजनिक रूप से साझा करना होगा। मतदाता सूची का सही और पारदर्शी प्रबंधन लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य है। चुनाव आयोग का आदर्श वाक्य होना चाहिए, हर वोट मायने रखता है, हर वोटर मायने रखता है।



**एस.वाई. कुरैशी**

स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की जीवनरेखा हैं, और मतदाता सूची उसका मूल आधार है। यदि सही, सटीक, अद्यतन और विश्वसनीय मतदाता सूची नहीं हो, तो लोकतंत्र गंभीर खतरे में पड़ सकता है। विशेष रूप से हमारे जैसे विशाल और विविध देश में, जहां मतदाताओं की संख्या 96 करोड़ से अधिक है, मतदाता सूची का सटीक और निरंतर अद्यतन एक असाधारण तार्किक और लोकतांत्रिक अभ्यास है। यह एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत का व्यावहारिक रूप है।

भारत का चुनाव आयोग ECI, जिसे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का संवैधानिक दायित्व सौंपा गया है, दशकों से इस जिम्मेदारी को निभा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी बार-बार यह दोहराया है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव मूलभूत संवैधानिक अधिकार हैं और मतदाता सूची की सटीकता इस प्रक्रिया की आत्मा है।

पारदर्शिता हमेशा से चुनाव आयोग का मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है। मतदाता सूची सभी के लिए खुली रहती है, आपत्तियों के लिए आमंत्रित किया जाता है और सभी हितधारकों को भाग लेने का अवसर दिया जाता है। चुनाव आयोग का यह खुलापन इसे वर्षों से भारी सार्वजनिक भरोसा दिलाता रहा है। सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज CSDS द्वारा 2000-2009 के बीच किए गए सर्वेक्षणों में, चुनाव आयोग को भारत की सबसे भरोसेमंद सार्वजनिक संस्था पाया गया, जिसकी विश्वसनीयता 85-87 प्रतिशत तक रही। 2007 का एक महत्वपूर्ण प्रयोग SAD मतदाता, मतदाता सूची प्रबंधन में सबसे उल्लेखनीय प्रयोगों में से एक 2007 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के दौरान हुआ। उस समय चुनाव आयोग ने एक नई समस्या का समाधान करने के लिए एक अभिनव तरीका अपनाया। समस्या थी SAD - Shifted Absent Dead, यानी स्थानांतरित, अनुपस्थित और मृत मतदाता। इन्हें हटाना विवाद और गड़बड़ी का कारण बन सकता था, इसलिए चुनाव आयोग ने इनके नाम हटाने की बजाय एक अलग सूची बनाई। इस सूची के मतदाताओं को एक विशेष पहचान दी गई और उन्हें मतदान केंद्र पर सत्यापन के बाद ही वोट डालने की अनुमति दी गई। इन लोगों की जिम्मेदारी प्रेसाइडिंग ऑफिसर को दी गई। जब SAD मतदाता मतदान करने आते, तो अधिकारी उनके कागजातों की जांच करता और फिर तय करता कि उन्हें वोट डालने की अनुमति दी जाए या नहीं। इस प्रक्रिया से 2007 का प्रयोग बहुत सफल रहा। गुजरात में SAD मतदाताओं में से 42 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे, जिससे स्पष्ट हुआ कि यह प्रभावी था।

**2011 से आगे- राष्ट्रीय मतदाता दिवस**

2011 में चुनाव आयोग ने 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाना शुरू किया। इसका उद्देश्य था लोकतंत्र की भावना को बढ़ावा देना और मतदाता भागीदारी में सुधार लाना। हर साल, नए मतदाताओं को शामिल करना और जागरूक बनाना आयोग की प्राथमिकता रही है। हाल के वर्षों में, चुनाव आयोग ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया, स्पेशल समरी रिवीजन SSR इस प्रक्रिया के तहत हर साल मतदाता सूची को अपडेट किया जाता है। लेकिन 2023-24 में, बिहार की मतदाता सूची से जुड़े एक विवाद ने चुनाव आयोग की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए। रिपोर्टों के अनुसार, बिहार की मतदाता सूची में संशोधन के दौरान 65 लाख नामों को हटाया गया, जिनमें से 22 लाख दोहराए गए, 36 लाख स्थाई रूप से गुम हो गए और 7 लाख संदिग्ध डुप्लीकेट पाए गए। इससे लोगों के बीच चिंता और अविश्वास फैल गया।

जब इन परिवर्तनों पर जनता को स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई, तो पारदर्शिता पर प्रश्न उठे। अंतत: 14 अगस्त 2024 को चुनाव आयोग को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना पड़ा कि बिहार की मतदाता सूची से 65 लाख नाम हटाए गए हैं, लेकिन फिर भी नामों की विस्तृत सूची, कारण और सत्यापन के आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए गए।

**विश्वास बहाल करने की आवश्यकता**

चुनाव आयोग की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता रही है। यदि लोगों का भरोसा कम होता है, तो लोकतंत्र कमजोर पड़ सकता है। पारदर्शिता को लेकर कोई समझौता न करते हुए चुनाव आयोग को फिर से अपने सबसे कठोर, सबसे निष्पक्ष स्वरूप में लौटना होगा। विश्वास पुन: अर्जित करने के लिए, चुनाव आयोग को हर नाम, हर बदलाव और हर मतदाता सूची संशोधन के पीछे के कारणों को सार्वजनिक रूप से साझा करना होगा। मतदाता सूची का सही और पारदर्शी प्रबंधन लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य है। चुनाव आयोग का आदर्श वाक्य होना चाहिए, हर वोट मायने रखता है, हर वोटर मायने रखता है।

(लेखक पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

# कॉफी पाउडर में कॉकरोच: मन में बढ़ता संकट

**कॉफी पाउडर में कॉकरोचों की मिलावट और अन्य खाद्य पदार्थों में पशु-आधारित सामग्री का मिश्रण न केवल एक स्वास्थ्य संकट है, बल्कि यह शाकाहारी लोगों के विश्वास और मूल्यों पर भी हमला है। यह समय है कि हम खाद्य मिलावट के खिलाफ एकजुट हों और अपने भोजन की शुद्धता और सुरक्षा को सुनिश्चित करें। सरकार, खाद्य कंपनियों और उपभोक्ताओं को मिलकर इस समस्या का समाधान करना होगा ताकि हमारा भोजन और पेय न केवल स्वादिष्ट हो, बल्कि शुद्ध और नैतिक भी हो। कॉफी का एक कप हमें ताजगी और खुशी देता है, और यह हमारा अधिकार है कि यह शाकाहारी और सुरक्षित रहे।**



**रजनीश कपूर**

भारत में कॉफी और चाय न केवल एक पेय हैं, बल्कि यह हमारे सामाजिक मेलजोल और रोजमर्रा की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। सुबह की ताजगी हो या दोस्तों के साथ गपशप, कॉफी का एक कप हमें जोड़ता है। लेकिन क्या हो अगर यह कॉफी, जिसे हम शुद्ध और शाकाहारी मानते हैं, वास्तव में शाकाहारी न हो? हाल ही में सोशल मीडिया में कुछ खबरों और अध्ययनों ने यह चौंकाने वाला खुलासा किया है कि कॉफी पाउडर में कॉकरोच जैसे कीड़ों की मिलावट हो सकती है। यह न केवल खाद्य सुरक्षा का सवाल उठाता है, बल्कि उन लाखों शाकाहारी लोगों के विश्वास को भी तोड़ता है जो अपने आहार को लेकर सजग रहते हैं। पेयों और खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट की समस्या एक गंभीर मुद्दा है जिसे हल्के में नहीं लेना चाहिए।

कॉफी पाउडर में कॉकरोच की मौजूदगी का विचार ही किसी के लिए भी घृणित हो सकता है। लेकिन यह केवल एक डरावनी कहानी नहीं, बल्कि एक वास्तविकता है जो खाद्य प्रसंस्करण और गुणवत्ता नियंत्रण की कमियों को उजागर करती है। कुछ अध्ययनों और उपभोक्ता शिकायतों के अनुसार, सस्ते और निम्न गुणवत्ता वाले कॉफी पाउडर में कीड़े, कॉकरोचों के अवशेष और अन्य अशुद्धियां पाई गई हैं। यह समस्या विशेष रूप से उन ब्रांडों में देखी गई है जो लागत कम करने के लिए निम्न गुणवत्ता वाले कच्चे माल का उपयोग करते हैं या जिनके उत्पादन इकाइयों में स्वच्छता मानकों का पालन नहीं होता। कॉकरोच जैसे कीड़े न केवल कॉफी को अशुद्ध करते हैं, बल्कि इसे शाकाहारी पेय की श्रेणी से बाहर भी ले जाते हैं। भारत जैसे देश में, जहां शाकाहार न केवल एक आहार है, बल्कि एक धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्य भी है, यह एक गंभीर मुद्दा है। शाकाहारी लोग अपने भोजन और पेय में पशु-आधारित सामग्री से बचते हैं, लेकिन ऐसी मिलावट उनकी पसंद और विश्वास का उल्लंघन करती है। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरा है, बल्कि नैतिकता और विश्वास का भी सवाल है। वहीं यदि कोई कॉफी के साबुत बीन्स को स्वयं ही पीस कर कॉफी बनाए तो उसमें मिलावट का डर नहीं रहता। कॉफी पाउडर में कॉकरोचों की मिलावट केवल एक उदाहरण है। खाद्य पदार्थों में मिलावट की समस्या भारत में लंबे समय से चली आ रही है। दूध, मसाले, शहद, घी और यहां तक कि अनाज जैसे रोजमर्रा के खाद्य पदार्थ भी मिलावट का शिकार हैं। उदाहरण के लिए, दूध में पानी, यूरिया या डिटर्जेंट मिलाने की खबरें आम हैं। मसालों में कृत्रिम रंग, चूरा या ईंट का पाउडर मिलाया जाता है। शहद में चीनी का सिरप और घी में वनस्पति तेल की मिलावट कोई नई बात नहीं है। इनमें से कई मिलावटें न केवल शाकाहारी भोजन को प्रभावित करती हैं, बल्कि कुछ मामलों में पशु-आधारित सामग्री भी शामिल हो सकती हैं। उदाहरण के लिए, कुछ सस्ते घी ब्रांडों में पशु वसा द्धंदपडंसजिक्र की मिलावट भी पाई गई है, जिसे शाकाहारी लोग पूरी तरह से अस्वीकार करते हैं। इसी तरह, कुछ मिठाइयों और बेकरी उत्पादों में अंडे या पशु-आधारित जेलाटिन का उपयोग होता है, जिसे पैकेजिंग पर स्पष्ट रूप से नहीं बताया जाता। यह शाक. ाहारी उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ा धोखा है, जो अपने भोजन को लेकर सावधानी बरतते हैं। मिलावट का प्रभाव केवल स्वाद या गुणवत्ता तक सीमित नहीं है, यह स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। कॉकरोच और अन्य कीड़े बैक्टीरिया और रोगजनकों के वाहक हो सकते हैं, जो कॉफी के सेवन से पेट की बीमारियों, एलर्जी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। इसके अलावा, मिलावटी खाद्य पदार्थों में रासायनिक पदार्थों का उपयोग, जैसे कृत्रिम रंग या संरक्षक, दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे कैंसर, गुर्दे की बीमारी और हृदय रोगों को जन्म दे सकता है।

नैतिक दृष्टिकोण से, यह उपभोक्ताओं के साथ विश्वासघात है। शाकाहारी लोग अपने आहार को लेकर इसलिए सजग रहते हैं क्योंकि यह उनकी धार्मिक, सांस्कृतिक या पर्यावरणीय मान्यताओं का हिस्सा है। जब उन्हें पता चलता है कि उनके द्वारा खाया या पिया गया भोजन शाकाहारी नहीं है, तो यह उनके विश्वास और मूल्यों पर चोट करता है। इसके अलावा, यह खाद्य कंपनियों और नियामक संस्थानों पर सवाल उठाता है कि वे उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा क्यों नहीं कर पा रहे हैं।

मिलावट की समस्या के कई कारण हैं। पहला, लागत कम करने की होड़ में कुछ निर्माता निम्न गुणवत्ता वाले कच्चे माल का उपयोग करते हैं और स्वच्छता मानकों की अनदेखी करते हैं। दूसरा, खाद्य सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन न होना और निरीक्षण की कमी। तीसरा, उपभोक्ताओं में जागरूकता की कमी, जिसके कारण वे सस्ते और मिलावटी उत्पादों को खरीद लेते हैं। इस समस्या का समाधान तभी संभव है जब सभी हितधारक मिलकर काम करें। सरकार को खाद्य सुरक्षा मानकों को और सख्त करना चाहिए और नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करना चाहिए। खाद्य कंपनियों को पारदर्शिता बरतनी चाहिए और अपने उत्पादों की सामग्री को स्पष्ट रूप से पैकेजिंग पर उल्लेख करना चाहिए। उपभोक्ताओं को भी जागरूक होना होगा और विश्वसनीय ब्रांडों को चुनना होगा। इसके अलावा, शाकाहारी लोग अपने भोजन की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए घर पर कॉफी बीन्स को पीसने या प्रमाणित शाकाहारी उत्पादों का उपयोग करने जैसे विकल्प चुन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खंडहरों में फलस्तीन: युद्ध की असहनीय कीमत



**के.सी. त्यागी**

जैसे-जैसे राजनीतिक अस्थिरता गहराती जा रही है और वैश्विक शक्तियां गाजा के भविष्य पर बहस कर रही हैं, लाखों फलस्तीनी अनिश्चित और भयावह भविष्य का सामना कर रहे हैं। 7 अक्टूबर 2003 को हमास लड़ाकों ने सफलतापूर्वक इजराइल पर एक बड़ा हमला किया, लेकिन इसकी जो कीमत फिलिस्तीनियों को चुकानी पड़ रही है, वह दिल दहला देने वाली है। इस युद्ध से हुई तबाही से उबरने में फिलिस्तीन को सदियों लग सकते हैं। यह युद्ध 15 महीनों से अधिक समय तक चला, और संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, फलस्तीन को फिर से बनाने में 350 से अधिक वर्ष लग सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक, सिर्फ पहले चार महीनों में हुए नुकसान की कीमत लगभग 18.5 अरब डॉलर आंकी गई है। फिलहाल, गाजा की लगभग 69 प्रतिशत संरचनाएं या तो पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हैं। केवल गाजा क्षेत्र में 50 मिलियन टन से अधिक मलबा जमा हो चुका है, जिसे साफ करने में भी 15 साल से अधिक का समय लग सकता है। संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक की रिपोर्टों के अनुसार, गाजा में जमा मलबा मिस्र के ग्रेट पिरामिड ऑफ गीजा के आकार से लगभग 12 गुना बड़ा है। यदि प्रतिदिन 100 ट्रक लगातार मलबा साफ करें, तब भी इसे पूरी तरह हटाने में 15 साल से अधिक का समय लगेगा।



**मानव जीवन की भयावह कीमत**

गाजा में तबाही के कारण तीन पीढ़ियां अपने स्थाई घर खो चुकी हैं और उन्हें लंबे समय तक विस्थापित रहना होगा। अब तक 58,000 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जिनमें 44 प्रतिशत बच्चे हैं। जो बच्चे जीवित बचे हैं, वे भी बेहद खराब परिस्थितियों में जीवन जी रहे हैं। वे लगातार बीमारियों, तनाव, आघात, अवसाद और भय से जूझ रहे हैं। फिलिस्तीन के बच्चों पर किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 96 प्रतिशत बच्चों ने कहा कि वे अब जीवित नहीं रहना चाहते। जिन बच्चों ने 16 वर्ष की आयु पूरी की, उनमें 72 प्रतिशत लड़कियां और 68 प्रतिशत लड़के आत्महत्या के विचार व्यक्त करते हैं। नीदरलैंड्स की एक संस्था वर्ल्ड चाइल्ड अलायंस ने रिपोर्ट दी है कि 92 प्रतिशत माता-पिता ने अपने बच्चों को लगातार हिंसा और युद्ध से बचाने में असमर्थता व्यक्त की है।

**अर्थव्यवस्था का पतन**

विश्व बैंक का अनुमान है कि केवल पहले चार महीनों में गाजा की अर्थव्यवस्था को जितना नुकसान हुआ, वह वेस्ट बैंक और गाजा की संयुक्त वार्षिक अर्थव्यवस्था के बराबर है। प्रमुख सड़कें गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, पानी और बिजली की आपूर्ति ठप हो चुकी है, और अस्पतालों की कार्यक्षमता पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है।

**राजनीतिक अस्थिरता और वैश्विक प्रतिक्रिया**

इस स्थिति ने फिलिस्तीन के भीतर राजनीतिक उथल-पुथल पैदा कर दी है। फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतएह ने इस्तीफा दे दिया और अपने इस्तीफे में स्वीकार किया कि गाजा के लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के नेतृत्व में किए गए सैन्य अभियानों और इजराइल के हमलों ने इस मानवीय संकट को और गहरा बना दिया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रस्तावित युद्धविराम संकल्प का समर्थन 158 देशों ने किया, लेकिन जमीनी हालात में कोई बदलाव नहीं आया। गाजा के पुनर्निर्माण में अब अरब देशों, यूरा. ेपीय संघ और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है, लेकिन राजनीतिक टकराव और प्रतिबंध पुनर्निर्माण को धीमा कर रहे हैं।

**रोजगार, विस्थापन और भुखमरी**

हमास के हमले के बाद इजराइल ने लगभग 80,000 फिलिस्तीनी मजदूरों के परमिट रद्द कर दिए, जिससे बेरोजगारी 40 प्रतिशत तक पहुंच गई। वहीं, मुद्रास्फीति 3.6 प्रतिशत बढ़ गई और भोजन तथा ईंधन की कीमतें दोगुनी हो गईं। इसके अलावा, अमेरिका और यूरोपीय देशों ने गाजा के लिए वित्तीय सहायता सीमित कर दी है। इसने मानवीय संकट को और भी गंभीर बना दिया है। गाजा में स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ध्वस्त हो चुकी हैं, अस्पतालों में दवाइयां नहीं हैं, और लोग भूख से मर रहे हैं।

**क्षेत्रीय तनाव और वैश्विक कूटनीति**

कई अरब देश, जैसे सऊदी अरब, कतर, जॉर्डन और तुर्की, इजराइल के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। वहीं, अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य पश्चिमी देश हमास के खिलाफ खड़े हैं। यह राजनीतिक विभाजन गाजा संकट को और भी जटिल बना रहा है। अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक इजराइल और फिलिस्तीन के बीच एक व्यापक शांति समझौता नहीं होता, तब तक यह संकट और गहराता जाएगा। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि यदि गाजा में पुनर्निर्माण और राहत कार्य तुरंत शुरू नहीं हुए, तो आने वाले वर्षों में मानवीय त्रासदी और भी भयावह हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत नहीं, चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार

## जयशंकर ने अमेरिका और यूरोप पर साधा निशाना

**मास्को।** विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा हम रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार नहीं हैं, चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। हम एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार भी नहीं हैं, वह यूरोपीय संघ है। 2022 के बाद रूस के साथ व्यापार में सबसे तेज बढ़त भी हमारे साथ नहीं हुई, बल्कि दक्षिण के कुछ अन्य देशों के साथ हुई है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जिसे अमेरिकी प्रशासन खुद कहता आया है कि हमें वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए हर जरूरी कदम उठाने चाहिए, जिसमें रूस से तेल खरीदना भी शामिल है। वैसे, हम अमेरिका से भी तेल खरीदते हैं और वह मात्रा बढ़ रही है। इसलिए, ईमानदारी से कहूं तो जो तर्क मीडिया की ओर से दिया गया है, वह हमें पूरी तरह से उलझाने वाला और अस्पष्ट लगता है। इससे पूर्व रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को अपने भारतीय समकक्ष एस, जयशंकर के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा, हमें आपको मास्को में देखकर खुशी हो रही है। मुझे पता है कि आपका कल का दिन व्यस्त था। आपने उप प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव के साथ व्यापार और आर्थिक मामलों की अंतर-सरकारी आयोग की बैठक की, जो सफल रही। लावरोव ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आज हमें राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा का अवसर मिलेगा। हम अपने संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के रूप में देखते हैं और हमें उम्मीद है कि हम इन संबंधों को पूरी तरह सही ठहराएंगे। उन्होंने आगे कहा, हम अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में एक नई व्यवस्था बनते हुए देख रहे हैं, जो एक बहुध्रुवीय व्यवस्था है। इसमें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स और जी-20 की भूमिका बढ़ती जा रही है और निश्चित रूप से संयुक्त राष्ट्र एक ऐसा मंच है, जहां सभी मौजूदा और भविष्य के शक्ति केंद्र देश आपस में सहयोग, समझौते और संतुलित दृष्टिकोण से काम कर सकते हैं। रूस ऐसे संतुलित दृष्टिकोण का समर्थन करता है। मुझे आपसे मिलकर खुशी हो रही है और मुझे आज की चर्चाओं से अच्छे परिणाम की उम्मीद है। वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, आज की बैठक हमारे लिए एक अवसर है कि हम अपने राजनीतिक संबंधों पर चर्चा करें।



**कहाः चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार, हम एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार भी नहीं, यूरोपीय संघ एलएनजी का सबसे बड़ा खरीदार है**

### टैरिफ पर अमेरिका पर पलटवार के लिए यूरेशिया बनेगा ब्रम्हास्त्र

**मास्को।** टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिका से तनाव के बीच भारत का दोस्त रूस एक बार फिर आगे आया है। दरअसल, भारत और रूसी नेतृत्व वाले यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर वार्ता शुरू हो गई है। इस बाबत बुधवार को दोनों पक्षों ने टर्म्स आफ़ रेफरेंस पर हस्ताक्षर भी किए। यह समझौता भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के मास्को दौरे के दौरान भारत के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अजय भाडू और ईएईयू की व्यापार नीति विभाग के उप निदेशक मिखाइल चेरेकैव के बीच हुआ। इस मौके पर दोनों पक्षों ने वार्ता की औपचारिक शुरुआत की रूपरेखा और भविष्य की संगठनात्मक व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

## अमेरिका ने आईसीसी कर्मचारियों पर लगाए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में कार्यरत चार कर्मचारियों पर प्रतिबंध लगा दिए। ये लोग दोनों देशों की सहमति के बिना अमेरिकी और इज़रायली कर्मियों की जांच, गिरफ्तारी, हिरासत या मुकदमा चलाने के लिए आईसीसी द्वारा की गई कार्रवाइयों में सीधे तौर पर शामिल थे। अफ़ग़ानिस्तान में अमेरिकी कर्मियों की आईसीसी की जांच को अधिकृत करने और इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के लिए आईसीसी द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी करने को अधिकृत करने के लिए दो आईसीसी न्यायाधीशों को नामित किया गया था।



भारत-रूस व्यापार मंच के दौरान रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव और अन्य के साथ केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

# अमेरिका की मोस्ट वांटेड महिला भारत से गिरफ्तार

**अपने ही छह साल के बेटे की हत्या का आरोप, दो करोड़ का इनाम था सिंडी राड्रिगेज सिंह पर**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने टेक्सास की एक मोस्ट वांटेड महिला को भारत से गिरफ्तार किया है। सिंडी राड्रिगेज सिंह नाम की इस महिला पर अपने ही 6 साल के बेटे बेटे नोएल रोड्रिग्ज की हत्या का आरोप है। एफबीआई के डायरेक्टर काश पटेल ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने एक्स पर बताया कि सिंडी ने अपने ठिकाने के बारे में झूठ बोला था और फिर भारत भाग गई थी। भारतीय अधिकारियों और इंटरपोल की मदद से एफबीआई ने 20 अगस्त 2025 को भारत में सिंडी को हिरासत में लिया। उसे अमेरिका वापस भेज दिया गया है, जहां उस पर कानूनी कार्रवाई होगी। सिंडी एफबीआई की टाप 10 मोस्ट वांटेड भगोड़ों की लिस्ट में शामिल थी। एफबीआई ने उनकी खबर देने वाले को 2.50 लाख डॉलर (लगभग 2 करोड़ रुपये) इनाम का ऐलान की थी। काश पटेल के मुताबिक, वह पिछले 7 महीनों में गिरफ्तार होने वाली चौथी मोस्ट वांटेड भगोड़ी है। जांच के दौरान सिंडी ने दावा किया था कि नोएल नवम्बर 2022 से अपने पिता के साथ मेक्सिको में है। लेकिन दो दिन बाद वह अपने पति अर्शदीप और छह बच्चों के साथ भारत के लिए फ्लाइट में देखी गईं, जिसमें नोएल नहीं था। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने सिंडी के गिरफ्तारी के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। टेक्सास अधिकारियों ने नवम्बर 2023 में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### यूएई ने गाजा से 155 फलस्तीनियों को सुरक्षित निकाला

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर गाजा से 155 घायल और बीमार फलस्तीनी लोगों को सुरक्षित निकाला है। यूएई की विदेश मंत्रालय ने बताया कि यूएई चिकित्सा कर्मियों ने गंभीर रूप से घायल लोगों को अबु धाबी के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती करवा दिया है, जबकि अन्य बीमारों और उनके परिजनों को एमिरेट्स ह्यूमैनिटेरियन सिटी में रखा गया है, जहां उनको आवश्यक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

### मिस्र ने गाजा में राहत सामग्री से भरे 1288 ट्रक भेजे

**काहिरा।** मिस्र ने 27 जुलाई से 17 अगस्त के बीच केरेम शालोम सीमा के माध्यम से गाजा पट्टी में मानवीय राहत सामग्री से भरे 1288 ट्रक भेजे हैं। मिस्र के विदेश मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी एक सांख्यिकीय चार्ट में यह जानकारी दी गई है। चार्ट में दिखाया गया है कि राहत सामग्री से लदे लगभग 5000 ट्रक अभी भी गाजा में प्रवेश करने के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### यांगून में भूकंप के तेज झटके लगे

**यांगून।** म्यांमार के यांगून शहर में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। म्यांमार के मौसम विज्ञान एवं जल विज्ञान विभाग (डीएमएच) ने बताया कि स्थानीय समयानुसार लगभग आज पूर्वाह्न नौ बजकर 28 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए।

# भारत से रिश्ते बिगाड़ना बड़ी गलती: निक्की हेली

## संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत ने ट्रम्प को चेताया: भरोसा टूटा तो 25 साल की मेहनत खराब होगी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने भारत से संबंधों को लेकर ट्रम्प प्रशासन को चेतावनी दी है। न्यूजवीक मैगजीन में लिखे अपने आर्टिकल में निक्की कहा कि अगर भारत के साथ 25 साल में बना भरोसा टूटता है, तो यह एक रणनीतिक गलती होगी।

निक्की ने यह आर्टिकल ट्रम्प के भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ और उसके दोनों देशों के संबंध पर असर के बारे में लिखा है। उन्होंने ट्रम्प प्रशासन को सलाह दी है कि वह भारत को एक और लोकतांत्रिक साझेदार माने। भारत-अमेरिका के रास्ते अलग लेकिन मंजिल एक निक्की ने आर्टिकल की शुरुआत रीगन और इंदिरा गांधी के बीच 43 साल पहले हुए एक मुलाकात से की है। उन्होंने लिखा: जुलाई 1982 में अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने व्हाइट हाउस में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के लिए डिनर रखा था। उस समय उन्होंने कहा था कि भारत और अमेरिका दो आजाद देश हैं। कभी-कभी हमारे रास्ते अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक ही है। लेकिन चार दशक बाद आज अमेरिका-भारत संबंध मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। निक्की ने अपने आर्टिकल में आगे लिखा कि चीन पर रूस से तेल खरीदने के बावजूद कोई प्रतिबंध नहीं है, जबकि भारत पर अमेरिकी टैरिफ लगाए जा रहे हैं। हेली के मुताबिक यह दिखाता है कि अमेरिका-भारत रिश्तों पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। हेली ने कहा कि भारत ही वह देश है जो एशिया में चीन की बढ़ती ताकत को बैलेंस कर सकता है। पूर्व राजदूत ने यह भी कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही जापान को पीछे छोड़ देगा। भारत का यह उभार चीन की महत्वाकांक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक विवाद को अगर लंबे समय के लिए बढ़ाया गया, तो चीन इसका फायदा उठा लेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सीधे पीएम मोदी से बात करें और रिश्तों को फिर से पटरी पर लाएं। निक्की बोलीं: ट्रम्प प्रशासन के दो मकसद, पूरा करने के लिए भारत की जरूरत ट्रम्प प्रशासन की विदेश नीति के दो बड़े मकसद हैं। पहला चीन को पीछे छोड़ना और ताकत के जरिए दुनिया में शांति कायम करना। इन दोनों मकसद को पाने के लिए भारत के साथ रिश्ते सुधारना बेहद जरूरी है। भारत को चीन जैसा विरोधी मानकर सजा देना सही नहीं है। भारत एक लोकतांत्रिक और अहम साझेदार है। अगर अमेरिका भारत के साथ ऐसे ही टकराव जारी रखता है, तो यह रिश्तों के लिए खतरनाक होगा। एशिया में चीन की बढ़ती ताकत को रोकने में भारत ही सबसे मजबूत देश है। अगर अमेरिका ने इस साझेदारी को कमजोर कर दिया तो यह एक बड़ी रणनीतिक भूल होगी। अभी के समय में भारत की अहमियत और भी बढ़ जाती है।



**निक्की ने यह आर्टिकल ट्रम्प के भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ व उसके दोनों देशों के संबंध पर असर के बारे में लिखा**

## अमेरिका के मशहूर जज फ्रैंक कैप्रियो का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मशहूर जज फ्रैंक कैप्रियो का बुधवार को निधन हो गया। वे 88 साल के थे। कैप्रियो लंबे समय से पैंक्रियाटिक कैंसर से लड़ रहे थे। उनके परिवार ने इंस्टाग्राम पर उनकी मौत की जानकारी दी। कैप्रियो अपने कोर्ट शो 'काट इन प्रोविडेंस' से दुनियाभर में मशहूर हुए। यह शो 2018 से 2020 तक चला और कई डेटाइम एमी अवार्ड्स के लिए नामिनेट हुआ। उनकी दया और इंसानियत भरे फैसलों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहे हैं। उन्होंने कई बार गरीब परिवारों के चालान माफ किए और लोगों को हौसला बढ़ाया। जज फ्रैंक कैप्रियो के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। उनके इंस्टाग्राम पर उनके 34 लाख फालोअर्स हैं। उनके वीडियो को ऑनलाइन अरबों बार देखा गया। कैप्रियो ने रविवार को ही इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया था।

# इमरान खान को मिली आठ मामलों में जमानत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 9 मई 2023 के दंगों से जुड़े 8 मामलों में जमानत दे दी। इमरान खान के समर्थकों ने 9 मई को रावलपिंडी में सेना के जनरल हेडक्वार्टर्स (जीएचआईक्यू) और लाहौर में सैन्य अधिकारियों के घर पर हमला किया था। इमरान खान पर आरोप था कि उन्होंने इस दंगे की साजिश रची थी।

इमरान की जमानत का फैसला मुख्य न्यायाधीश याह्या अफरीदी की अगुआई वाली तीन जजों की बेंच ने सुनाया। इमरान फिलहाल रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। कोर्ट के इस फैसले के बाद भी इमरान जेल से रिहा नहीं होंगे, क्योंकि उनके खिलाफ कई अन्य मामले लंबित हैं और वे 50 अरब पाकिस्तानी रुपये के भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं। इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। लाहौर की एक काउंटर टेररिज्म अदालत ने नवम्बर 2024 में इमरान को इन मामलों में जमानत देने से इन्कार कर दिया था। इसके बाद, लाहौर हाई कोर्ट ने भी 24 जून को उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इमरान खान ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। इमरान की तरफ से वकील ने दलील दी थी कि दंगों के वक्त वे नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो (एनएबी) की हिरासत में थे, इसलिए घटनाओं में शामिल होना मुमकिन नहीं था।



**मिलिट्री हेडक्वॉर्टर पर हमले का केस भी शामिल, लेकिन जेल से रिहा नहीं होंगे पूर्व पाक पीएम**

# आईसीसी और फ्रांस ने डोनाल्ड ट्रम्प को घेरा

**नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरंट जारी करने वालों जजों पर प्रतिबंध के मामले ने पकड़ा तूल**

**वाशिंगटन।** अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने फ्रांस और बेल्जियम के साथ मिलकर उसके न्यायाधीशों और अभियोजकों पर प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका की कड़ी आलोचना की है।

अमेरिका के इस कृत्य को आईसीसी ने न्यायालय की न्यायिक स्वतंत्रता पर करारा हमला करार दिया है।बुधवार को स्थानीय समयानुसार जारी एक बयान में आईसीसी ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों की चिंता किए बगैर वह अपने काम को जारी रखेगा। साथ ही आईसीसी ने अपने 125 सदस्य देशों से अंतर्राष्ट्रीय अपराधों के पीड़ितों को न्याय दिलाने में अपने कार्य के लिए निरंतर समर्थन देने के लिए भी आह्वान किया। आईसीसी ने अपने बयान में कहा कि ये प्रतिबंध निष्पक्ष न्यायिक संस्था की स्वतंत्रता पर खुला हमला है। ये प्रतिबंध न्यायालय के सदस्य देशों, नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और सबसे बढ़कर, दुनिया भर के लाखों निंर्दोष पीड़ितों का अपमान हैं।

# भारत-चीन लिपुलेख दर्रे से फिर व्यापार करेंगे

## नेपाल ने सीमा विवाद को लेकर विरोध जताया, भारत बोला: यहा से 1954 से ट्रेड हो रहा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से फिर व्यापार शुरू करने पर सहमति जताई है। यह फैसला 18-19 अगस्त को चीनी विदेश मंत्री वांग ई की भारत यात्रा के दौरान हुआ। बातचीत में लिपुलेख के साथ शिपकी ला और नाथु ला दर्रों से भी कारोबार बहाल करने का फैसला लिया गया। नेपाल ने इस समझौते पर आपत्ति जताई है।

उसका कहना है कि लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी उसके क्षेत्र का हिस्सा हैं। उसने भारत और चीन से इस इलाके में कोई एक्टिविटी न करने की अपील की है। इस पर भारत नेलिखित जवाब में कहा कि लिपुलेख के रास्ते 1954 से व्यापार हो रहा है, जो हाल के सालों में कोरोना और अन्य वजहों से रुका था। अब दोनों देशों ने इसे फिर शुरू करने का फैसला किया है। भारत का कहना है कि नेपाल के क्षेत्रीय दावे ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। ये एकतरफा दावे मान्य नहीं हैं। भारत ने नेपाल के साथ सीमा विवाद को बातचीत और डिप्लोमेसी से हल करने की इच्छा जताई है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली सितम्बर में भारत दौरे पर आएंगे। वे 31 अगस्त से 1 सितम्बर तक चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में हिस्सा लेने के बाद 16 सितम्बर को भारत पहुंचेंगे। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार, 17 अगस्त को काठमांडू पहुंचे और प्रधानमंत्री ओली, विदेश मंत्री अर्जु राणा देउबा और विदेश सचिव अमृत बहादुर राय से मुलाकात की।



## चीन ने अफगान-पाक से आतंकवाद पर की चर्चा

**काबुल।** चीन के विदेश मंत्री यांग वी ने कहा है कि आम सहमति पर आधारित व्यापक उपायों से आतंकवाद के मूल कारणों का समाधान करना चाहिए। उन्होंने यह बात यहां अफगानिस्तान और पाकिस्तान से साथ त्रिपक्षीय बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि तीनों पक्षों को सहयोग विस्तार, सुरक्षा वार्ता तंत्र, कानून प्रवर्तन और सुरक्षा सहयोग को गहरा करते हुए अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के प्रयासों को मजबूत करना चाहिए।

**बिकाऊ है।**

एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।

शीघ्र सम्पर्क करें-

9837333111, 9917200010

# यूक्रेन पर रूस का साल का सबसे बड़ा हमला

**574 ड्रोंस और 40 मिसाइलों के साथ बरपाया कहर**

**कीव।** यूक्रेन से संघर्ष विराम को लेकर जारी पश्चिमी देशों की कवायद के बीच रूस ने यूक्रेन पर इस साल का सबसे बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया है। यूक्रेनी वायु सेना ने इस हमले के बारे में बताते हुए कहा कि रूसी सेना ने देश के पश्चिमी इलाकों को निशाना बनाकर ज्यादातर हमले किए।

यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि रूस ने उन पर 574 ड्रोन्स और 40 मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। वहीं, यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने भी इन हमलों को लेकर बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक प्रमुख अमेरिकी इलेक्ट्रानिक्स निर्माता संस्था पर हमला किया है। रूस का ये हमला तब हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प समेत पश्चिमी देश रूस-यूक्रेन संघर्ष को रुकवाने की कोशिश में जुटे हैं। बीते हफ्ते अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के बाद सोमवार को ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक की थी। ट्रम्प ने इस बैठक के दौरान साफ किया कि वे किसी तरह के संघर्ष विराम को लागू करने की जगह सीधा शांति समझौते की तरफ जाना चाहते हैं। हालांकि, इस दौरान उनकी और यूरोपीय नेताओं में इस बात पर सहमति रही कि यूक्रेन को शांति समझौते के एवज में भविष्य के खतरों से निपटने के लिए कुछ सुरक्षा गारंटी दी जा सकती हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बाद में कहा कि अगले 10 दिन में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटियों को लेकर मंथन किया जाएगा और रूस के साथ वार्ता पर आगे चर्चा होगी।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD (होम्यापैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108